दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 17 फरवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 11 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभानअल्लाह। आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी बड़ी पार्टियों का कांग्रेस को ठेंगा दिखाना तो फिर भी समझ में आता है। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस जैसी छोटी पार्टी भी अकड़ दिखा रही है। डॉ फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ गठजोड़ नहीं करेगी। देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के इतने बुरे दिन आ गए हैं कि उसके सहयोगी छुटभइए दल भी उसे आंख दिखाने लगे हैं। हैरत की बात है कि अभी भी कांग्रेस इनकी पिछलग्गू बनी हुई है।

कांग्रेस के पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप नहीं : मोदी

जयपुर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस की दूरगामी सोच के साथ सकारात्मक नीतियां नहीं होने और न ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप होने से भारत अपनी बिजली व्यवस्था को लेकर बदनाम रहा है लेकिन हमारी सरकार ने देश को बिजली की चुनौतियों से निकालने पर ध्यान देकर नीतियां बनाने एवं निर्णय लेकर सौर ऊर्जा जैसे बिजली उत्पादन के नए-नए क्षेत्र पर जोर देने से हालात बिल्कुल बदल गए और आज भारत सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के

मामले में दुनिया में अग्रणी देशों में आ चुका है।

श्री मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान के विकास के लिए करीब 17 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का वर्चुअली शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर कांग्रेस पर यह आरोप लगाते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ एक बहुत बड़ी समस्या यह है कि वह दूरगामी सोच के साथ सकारात्मक नीतियां नहीं बना सकती। कांग्रेस, ना भविष्य को भांप सकती है और ना ही भविष्य के लिए उसके पास कोई रोडमैप है। कांग्रेस की इसी सोच की वजह से भारत अपनी बिजली व्यवस्था को लेकर बदनाम रहता था। कांग्रेस के दौर में बिजली की कमी के कारण पूरे देश में कई-कई घंटों तक अंधेरा हो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'कांग्रेस के बैंक खाते सील करना लोकतंत्र पर हमला'

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के बैंक खाते सील करने की कार्रवाई को लोकतंत्र पर गहरा आघात करार देते हुए कहा है कि पार्टी देश में बहुदलीय व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए सड़कों पर उतर कर संघर्ष करेगी।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार की इस असंवैधानिक कार्रवाई से कांग्रेस डरने वाली नहीं है और पार्टी अपने अधिकारों के लिए कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल कर सड़कों पर उतरेगी और जनता की

अदालत में मोदी सरकार की तानाशाही का खुलासा करेगी।

श्री खडगे ने कहा, सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज़ कर दिए है। ये लोकतंत्र पर गहरा आघात है। भाजपा ने जो असंवैधानिक धन इकट्ठा किया है, उसका इस्तेमाल वे चुनाव में करेंगे, लेकिन हमने क्राउडफंडिंग के जरिए जो पैसा इकट्ठा किया है, उसे सील कर दिया जाएगा। इसीलिए हमने कहा है कि भविष्य में कोई चुनाव नहीं होंगे।

उन्होंने कहा, हम न्यायपालिका से अपील करते हैं कि इस देश में बहु दलीय व्यवस्था को बचाएं और भारत के लोकतंत्र को सुरक्षित करें। हम सडकों पर उतरेंगे और इस अन्याय व तानाशाही के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विधानसभा प्रश्नोत्तर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के 10वें

दिन सदन में छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई का मुद्दा उठा। विधायक **कुंवर निषाद** ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि बहुत से युवा हैं जो छत्तीसगढ़ी भाषा की पढ़ाई कर चुके हैं, उन्हें टीचर की जॉब मिलनी चाहिए।

इस पर मंत्री **बृजमोहन अग्रवाल** ने कहा कि हमारी सरकार तो सरगुजिया, गोंडी तमाम बोलियां में पढ़ाई की तैयारी कर रही है। एमए छत्तीसगढ़ी कर चुके लोगों की भी भर्ती किया जाएगा।

सदन में विधायक **हर्षिता स्वामी** ने स्कूलों में खरीदारी की गड़बड़ी को लेकर विधायकों की जांच कमेटी बनाने की मांग की। इसके जवाब में **बृजमोहन अग्रवाल** ने कहा कि आप शिकायत हमें दे दीजिए, जांच करवा लेंगे।

विधानसभा में उठा छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई का मुद्दा : छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज (16 फरवरी) छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई का मुद्दा उठा। **विधायक कुंवर** सिंह निषाद ने ये मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा देश के हर राज्य में अपनी-अपनी बोली के हिसाब से पढ़ाई होती है। बहुत से युवा हैं जो छत्तीसगढ़ी भाषा की पढ़ाई कर चुके हैं, उन्हें टीचर की जॉब मिलनी चाहिए।

स्कूल शिक्षा मंत्री **बृजमोहन अग्रवाल** ने जवाब देते हुए कहा कि **कुंवर सिंह निषाद** तो सिर्फ छत्तीसगढ़ी की बात कर रहे हैं। हमारी सरकार तो सरगुजिया, गोंडी तमाम बोलियां में पढ़ाई की तैयारी कर रही है। आने वाले समय में हमारी कोशिश है एम ए हिंदी के जो छात्र हैं उनकी संख्या बहुत कम है। उन्हें भी भर्ती में शामिल करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

कुंवर सिंह के सवाल पर चंद्राकर ने ली चुटकी: बीजेपी विधायक **अजय चंद्राकर** इस बीच खड़े हुए और चुटकी ली।

विधानसभा प्रश्नोत्तर पेज तीन पर भी देखें...

भारत जोड़ो यात्रा बिहार पहुंची तेजस्वी बने राहुल के सारथी

नई दिल्ली/ वार्ता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इस समय बिहार के सासाराम में है। सासाराम में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव यात्रा में शामिल हुए। तेजस्वी यादव इस दौरान राहुल गांधी के 'सारथी' के रूप में नजर आए। तेजस्वी यादव कार चला रहे थे, और बगल की सीट पर राहुल गांधी बैठे हुए थे। सासाराम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने किसानों के साथ बातचीत की. किसानों ने आज भारत बंद का अह्वान किया है।

तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को एक एसयूवी कार में बैठे देखा गया, जो धीरे-धीरे चल रही थी. इस दौरान राहुल गांधी ने शहर की मुख्य सड़क पर एकत्रित उत्साही भीड़ की ओर हाथ हिलाया। स्थानीय लोग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में होगा बदलाव

शनिवार को ये यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कानपुर से झांसी होते हुए मध्य प्रदेश में प्रवेश करने वाली थी, लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है. अब यात्रा 21 फरवरी को कानपुर में स्थगित कर दी जाएगी, और 22 तथा 23 फरवरी को ब्रेक लेने के बाद 24 फरवरी को मुरादाबाद से संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस और आगरा होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगी।

एक सेल्फी की वजह से फिर जल उठा मणिपुर

■ **सुरक्षाबलों से भिड़े उपद्रवी; दो की मौत**

इंफाल (ए.)। मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गई। सुरक्षाबलों के साथ झड़प में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। चिराचांदपुर जिले में उपद्रवियों ने एसपी ऑफिस पर हमला कर

दिया। इसके बाद पुलिस को भी कार्रवाई करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक लगभग 400 प्रदर्शनकारियों ने एसपी कार्यालय को घेर लिया था। वे सभी एक हेड कॉन्स्टेबल सियामलालपॉल की बहाली की मांग कर रहे थे। बता दें कि यह पूरा मामला एक सेल्फी से जुड़ा हुआ था। यह पूरा मामला एक सेल्फी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज लांच होगा जीएसएलीवी-एफ14/ इन्सैट-3डीएस मिशन

चेन्नई (वार्ता)। मौसम विज्ञान और आपदा से संबंधित चेतावनी उपग्रह इन्सैट-3डीएस के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती आज शुरू होगी। इस उपग्रह को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित शार-रेंज से भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) के सबसे भारी रॉकेट जियो सिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) का उपयोग करके शनिवार शाम प्रक्षेपित किया जाएगा।

पहले प्रक्षेपण का समय शनिवार शाम 17.30 बजे निर्धारित था, जिसे पांच मिनट बढ़ाकर 17,35 बजे कर दिया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शरद पवार की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की कमान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को देने वाले चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ दायर पार्टी स्थापक शरद पवार गुट की याचिका पर यथासंभव शीघ्र सुनवाई करने की शुक्रवार को सहमति व्यक्त की।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने शरद पवार गुट का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह इस मामले में यथाशीघ्र सुनवाई करेगी। पीठ के समक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में योग-प्राणायाम से शुरू होंगी कक्षाएं

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज कहा कि अब छत्तीसगढ़ के स्कूलों में योग, प्राणायाम अनिवार्य किया जाएगा। हर शनिवार को स्पोर्ट्स एक्टिविटी स्कूलों में करवाई जाएगी। देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों को भी हर दिन की गतिविधि में शामिल किया जाएगा।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक कुंवर सिंह निषाद के सवाल के जवाब में बताया कि छत्तीसगढ़ी को स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। कक्षा 9 से 10 तक

हिंदी भाषा के पाठ्यप्रस्तकों में भी छत्तीसगढ़ी भाषा की 15% पाठ्य सामग्री शामिल की गई है।

अगले शिक्षण सत्र से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नई शिक्षा नीति लागू करने की भी तैयारी है। इसमें क्या कुछ बदलाव होंगे इसका खाका अधिकारी तैयार कर रहे हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक स्कूलों में योग, स्पोर्ट्स टीचर, लाइब्रेरियन के पदों पर भी भर्ती होगी। सरकार ने तय किया है कि छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आने वाले समय में कमांड सेंटर बनेगा

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है आने वाले समय में कमांड सेंटर बनेगा, जहां 50 लाख बच्चे, 50 हजार स्कूल, 3 लाख कर्मचारी होंगे। शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए मॉनिटरिंग होगी। प्रदेश के सभी स्कूल चाहे वो सरकारी हों या प्राइवेट उनमें पहला पीरियड योग का होगा। स्कूलों में पढ़ाई की शुरुआत योग, प्राणायाम, आध्यात्म और देश भक्ति के कार्यक्रम से ही शुरू होगी। हर शनिवार को स्पोर्ट्स डे होगा।

प्रियंका गांधी वाड्रा अस्पताल में भर्ती

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अस्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीमती वाड्रा ने गुरुवार को बताया, मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहुंचने का इंतजार कर रही थी लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। उन्होंने कहा, थोड़ा बेहतर होते ही मैं यात्रा में जुड़ूँगी। तब तक के लिए चंदौली-बनारस पहुंच रहे सभी यात्रियों पूरी मेहनत से यात्रा की तैयारी में लगे उत्तर प्रदेश के मेरे सहयोगियों और प्यारे भाई को शुभकामनाएं देती हूं।

सूत्रों के अनुसार कल यह यात्रा सासाराम में थी। इसके बाद श्री राहुल गांधी की यात्रा मोहनिया होते हुए चंदौली में प्रवेश करेगी।

गरमा-गरम

संघर्ष — **अब रविवार को किसान और केंद्रीय मंत्री करेंगे मुलाकात**

किसान आंदोलन : 5 घंटे की बैठक में नहीं बनी बात

नई दिल्ली/वार्ता। एमएसपी पर कानून समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों ने शुक्रवार 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया था। संयुक्त किसान मोर्चा ने सभी समान विचारधारा वाले किसान संगठनों से एक साथ आने और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद का हिस्सा बनने की अपील की है।

किसानों के भारत बंद को देखते हुए नोएडा में धारा 144 लागू कर दी गई है. यहां अनाधिकृत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंदोलन के बीच शंभू बॉर्डर पर बुजुर्ग किसान ने तोड़ा दम

किसान आंदोलन के बीच हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर एक 70 साल के किसान की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हार्ट अटैक के चलते 70 साल के किसान की जान चली गई। बता दें कि हरियाणा पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर ही किसानों को रोक दिया था। यहीं किसानों ने डेरा डाल रखा है। किसानों ने बताया कि हार्ट अटैक के बाद किसान को राजपुरा अस्पताल ले जाया गया। हालांकि उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। जानकारी के मुताबिक राजपुरा अस्पताल से किसान को पटियाला के गवर्नमेंट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों के भारत बंद के बीच पूरे देश में बाजार खुले रहे

खुदरा कारोबारियों के शीर्ष संगठन कनफ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने दावा किया कि आज किसानों द्वारा बुलाए गए भारत बंद में कैट की अपील पर देश भर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान खोले और बाज़ारों में सामान्य रूप से कारोबार हुआ। भारत बंद का बाज़ारों पर कोई प्रभाव नहीं दिखा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि यह सत्य है कि देश भर में बड़ी संख्या में किसानों को खेती में नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके लिए सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि किसान की नुक़सान की खेती को लाभ में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा चुनाव 2024

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश झारखंड

रायपुर, शनिवार, 17 फरवरी 2024

सरगुजा लोकसभा सीट से कांग्रेस उतार सकती है महिला उम्मीदवार

अशोक शर्मा

अम्बिकापुर/ नवप्रदेश। करीब 56 फीसदी जनजातीय आबादी वाले सरगुजा लोकसभा सीट से इस बार कांग्रेस महिला उम्मीदवार उतार सकती है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने महिला उम्मीदवार उतारकर यह सीट जीत ली थी। कांग्रेस ने यहां से महिला उम्मीदवार कभी नहीं उतारा है। राजनीति में महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है। सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 8 विधानसभा सीटों से चुने गए विधायकों में तीन महिलाएं जीती हैं। ये सभी भाजपा से ही हैं। कांग्रेस महिलाओं को आगे लाने के लिए महिला को मौका देने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

उत्तर प्रदेश और झारखंड की सीमा से लगे सरगुजा में भाजपा ने महिलाओं को राजनीति में आने का बेशक अधिक अवसर दिया है। यहां कांग्रेस में महिलाओं को आगे लाने की कोशिश ही नहीं हुई। अब परिस्थितियां बदली हैं और कांग्रेस में भी महिलाएं आगे आकर अपने लिए संभावनाएं तलाश रही हैं। सरगुजा में कांग्रेस की राजनीति राजपरिवार के इर्द-गिर्द ही देखी जाती रही है। राजमाता स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव जिला कांग्रेस की अध्यक्ष हुआ करती थीं ।

अरूणा सिंह-बीजेपी | खेलसाय सिंह-कांग्रेस | पुष्पा सिंह-बीजेपी | प्रेमसाय सिंह-कांग्रेस | फुलेश्वरी सिंह-बीजेपी | रामसेवक-बीजेपी | विजयनाथ सिंह-बीजेपी | शशि सिंह- कांग्रेस | शांति सिंह - बीजेपी | संध्या सिंह- बीजेपी | सतनारायण सिंह-बीजेपी | हेमन्ती प्रजापति - कांग्रेस

अविभाजित सरगुजा की बैकुंठपुर विधानसभा सीट से विधायक और मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहीं। उनके बाद पार्टी में महिलाओं आगे रखकर चलने वाली नेतृत्व कुशलता देखी नहीं गई । छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद सरगुजा में कांग्रेस की राजनीति कमजोर पड़ती चली गई। सत्ता और संगठन में अजीत जोगी कांग्रेस में सबसे ताकतवर नेता बन कर उभरे। राजपरिवार से उनकी पहले से ही नहीं बनती थी। हालांकि अपनी सरकार के आखिरी के दिनों में उन्होंने राजपरिवार से टी एस सिंहदेव को साथ लेकर चलने की कोशिश की। इसी बीच सत्ता में भाजपा आ गई और कांग्रेस जहां थी , उससे आगे नहीं बढ़ सकी। अजीत जोगी ने 2003 के चुनाव में जिले में अपने पुराने समर्थक अमरजीत भगत को सीतापुर से टिकट देकर कांग्रेस की राजनीति में उभरने का अवसर दिया। महिलाओं के लिए तब भी अधिक कुछ नहीं था। आज महिलाओं का नेतृत्व देने और उन्हें आगे लाने की जरूरत कांग्रेस को है। पार्टी की नई पीढ़ी इसके लिए तैयार है।

सरगुजा लोकसभा सीट से कांग्रेस की महिलाओं की ओर से टिकट की दावेदारी की जा रही है। एक नाम जो प्रमुखता से उभरा है वह नाम सुश्री शशि सिंह का है। कामर्स ग्रेजुएट शशि सिंह सूरजपुर के श्रीनगर की हैं। अजीत जोगी सरकार में मंत्री रहे दिवंगत नेता तुलेश्वर सिंह की बेटी हैं। पार्टी की राजनीति में वह लगातार सक्रिय रहीं हैं। राहुल गांधी की पिछली भारत जोड़ो यात्रा में वह पूरे समय साथ थीं। पिछले दिनों जब राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा पर अम्बिकापुर में थे, शशि सिंह उनके कार्यक्रमों में जुटी हुई थीं। वह युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव हैं। सूरजपुर जिला पंचायत की सदस्य भी हैं। उनके नाम पर जोर इसलिए भी दिया जा रहा है कि वह गोंड जनजातीय समुदाय से आती हैं। सरगुजा में गोंड समुदाय की आबादी सबसे अधिक है। यह संख्या कुल 18 लाख मतदाताओं में एक तिहाई से अधिक है।

इस सीट में तीन जिले, संगठन में प्रतिष्ठा की भी होड़

सरगुजा लोकसभा सीट का क्षेत्र तीन जिलों तक फैला हुआ। सरगुजा क्षेत्रफल की दृष्टि से पहले बहुत बड़ा जिला था। इसे विभाजित कर सूरजपुर और रामानुजगंज - बलरामपुर दो नए जिले बनाए गए, जो सरगुजा लोकसभा सीट में ही हैं। भाजपा से पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह भी टिकट के दावेदारों में हैं। वह लुण्ड्रा विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं।भाजपा का सरगुजा जिला संगठन उनके पक्ष में है। नेताओं का कहना है कि तीन जिलों में से दो सूरजपुर से लक्ष्मी राजवाड़े और बलरामपुर से रामविचार राज्य सरकार में मंत्री हैं। तीन विधायकों वाले सरगुजा में कोई बड़ा ओहदेदार नहीं है। लोकसभा चुनाव का टिकट सरगुजा जिले को मिलना चाहिए। हालांकि चुनाव और राजनीति में इस तरह की जज्बातों का कोई महत्व नहीं है, पार्टी जीतने वाले उम्मीदवार पर दांव लगाती है। पार्टी को उनमें जीत की संभावना दिखाई देती है तो उन्हें भी उतारा जा सकता है।

न्यूज गैलरी

दो गैंगस्टरों की 71 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क

बांदा(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के नरैनी थाना क्षेत्र में अपराधों में संलिप्त रहकर अवैध संपत्ति अर्जित करने वाले गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों की 71 लाख 75 हजार से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी ने शुक्रवार को यह जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होने बताया कि करतल गांव निवासी प्रमोद निषाद व केशव निषाद के विरुद्ध अपहरण , हत्या व गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमें दर्ज हैं। इनके द्वारा अपराधिक कृत्यों में संलिप्त रहकर 71 लाख 75 हजार 300 रुपए की संपत्ति अर्जित की गई थी, जिसे गुरुवार को पुलिस और राजस्व विभाग की टीम द्वारा कुर्क कर लिया गया।

पेंट फैक्ट्री में आग से 11 की मौत

नई दिल्ली(वार्ता)। उत्तरी दिल्ली के अलीपुर के दयालपुर बाजार में गुरुवार शाम एक पेंट और केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोगों के जख्मी होने की सूचना है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा, सभी घायलों को नजदीकी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया है।÷ आग लगने की सूचना गुरुवार को शाम 5.25 बजे मिली और लगभग 22 दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि रात करीब नौ बजे आग पर काबू पा लिया गया। इसके अलावा दो मोटरसाइकिलें, दो कारें और एक मिनी ट्रक भी आग की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि फिलहाल घटना स्थल पर तलाशी अभियान जारी है।

श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, एक की मौत 13 घायल

शाहजहांपुर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना मिर्जापुर क्षेत्र में शुक्रवार को साइकिल सवार को बचाने के चक्कर गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गईजबकि 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को यूनीवार्ता से बताया कि थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव भौती के रहने वाले तुलसी कश्यप अपने परिवार और गांव वालों को ट्रैक्टर ट्राली में बैठाकर गंगा स्नान करने ढाईघाट जा रहे थे। मिर्जापुर - ढाईघाट रोड पर साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में ट्रेक्टर ट्राली पलट गई।

सड़क हादसे में परीक्षार्थी की मौत

छपरा(वार्ता)। बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो मोटरसाइकिल की टक्कर में मैट्रिक की परीक्षा देने जा रहे एक परीक्षार्थी की मौत हो गयी तथा तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बाजार मुहल्ला निवासी मोहम्मद वकील का पुत्र मोहम्मद परवेज (15) मोटरसाइकिल से मैट्रिक की परीक्षा देने जा रहा था। इसी दौरान गड़खा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 722 पर फुरसतपुर गांव के समीप एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने उसके मोटराइकिल में टक्कर मार दी। इस घटना में मोहम्मद परवेज की मौत हो गयी जबकि तीन लोग घायल हो गये ।

गया में महिला की गोली मारकर हत्या

गया(वार्ता)। बिहार में गया जिले के भदवर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी तथा पति को घायल कर दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुरूवार की देर रात करीब 10 की संख्या में अपराधियों ने सेवता गांव निवासी सुरेंद्र यादव के घर में गोलीबारी की। इस घटना में सुरेन्द्र यादव की पत्नी कुलम देवी की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि सुरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए शहर के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्री भारती ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।घटना का कारण प्रथम दृष्टया भूमि विवाद बताया जा रहा है।मामले की छानबीन की जा रही है।जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

पीएम मोदी ने राजस्थान में 17 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास - लोकार्पण

जयपुर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान के विकास के लिए करीब 17 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का वर्चुअली शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि सभी ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया और डबल इंजन की सरकार बनाई और राजस्थान की डबल इंजन सरकार ने कितनी तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। आज राजस्थान के विकास के लिए करीब 17 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये प्रोजेक्ट, रेल, रोड, सौर ऊर्जा, पानी और एलपीजी जैसे विकास कार्यक्रमों से जुड़े हैं। ये परियोजनाएं राजस्थान के हज़ारों युवाओं को रोजगार देने वाली हैं। उन्होंने इन प्रोजेक्ट्स के लिए राजस्थान के सभी साथियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम में राजस्थान की हर विधानसभा से लाखों साथी जुड़े और वह सभी का अभिनंदन करते हैं और मुख्यमंत्री को भी बधाई देते है कि उन्होंने टेक्नोलॉजी का इतना शानदार उपयोग करके जन-जन तक पहुंचाने का उन्हें अवसर दिया है। कुछ दिन पहले फ्रांस के राष्ट्रपति का जयपुर में जो स्वागत सत्कार किया गया, उसकी गूंज पूरे भारत में, इतना ही नहीं पूरे फ्रांस में भी उसकी गूंज रही है और यही तो राजस्थान के लोगों की खासियत है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के भाई-बहन जिस पर प्रेम लुटाते हैं, कोई कसर बाकी नहीं छोड़ते। उन्हें याद है, जब विधानसभा चुनाव के समय वह राजस्थान आते थे, तो लोग किस तरह हमें आशीर्वाद देने के लिए उमड़ पड़ते थे। उन्होंने कहा आपको याद होगा, लाल किले से मैंने कहा था- यही समय है, सही समय है।

आजादी के बाद आज भारत के पास ये स्वर्णिम कालखंड आया है। भारत के पास वो अवसर आया है, जब वो दस साल पहले की निराशा को छोड़कर अब पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। आप याद कीजिए, 2014 से पहले देश में क्या बातें चल रही थीं। क्या सुनाई दे रहा था। अखबारों में क्या पढ़ने को मिलता था। तब पूरे देश में होने वाले बड़े-बड़े घोटालों की चर्चा ही रहती थी। तब आए दिन होने वाले बम धमाकों की चर्चा होती थी। श्री मोदी ने कहा देश के लोग सोचते थे कि हमारा क्या होगा, देश का क्या होगा। जैसे-तैसे जीवन निकल जाए, जैसे-तैसे नौकरी बच जाए, कांग्रेस के राज में चारों तरफ तब यही माहौल था। और आज हम क्या बात कर रहे हैं। किस लक्ष्य की बात कर रहे हैं। आज हम विकसित भारत की, विकसित राजस्थान की बात कर रहे हैं। आज हम बड़े सपने देख रहे हैं, बड़े संकल्प ले रहे हैं और उन्हें पाने के लिए तन-मन से जुटे हैं। जब मैं विकसित भारत की बात करता हूं, तो ये केवल शब्द भर नहीं है, ये केवल भाव भर नहीं है। ये हर परिवार का जीवन समृद्ध बनाने का अभियान है। ये गरीबी को जड़ से मिटाने का अभियान है। ये युवाओं के लिए अच्छे रोज़गार बनाने का अभियान है। ये देश में आधुनिक सुविधाएं बनाने का अभियान है। मैं कल रात में ही विदेश यात्रा से लौटा हूं। यूएई और कतर के बड़े-बड़े नेताओं से मेरी मुलाकात हुई है। आज वे भी भारत में हो रही प्रगति को लेकर चकित हैं।

राहुल की पसंद पर भारी पड़ी दिग्विजय-कमलनाथ की यारी

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव होने हैं। सत्ताधारी बीजेपी ने चार सीटों पर जबकि विपक्षी कांग्रेस ने एक सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। कांग्रेस की तरफ से अशोक सिंह को कैंडिडेट बनाया गया है, जो दिग्विजय सिंह के करीबी माने जाते हैं। बड़ी बात यह है कि अशोक सिंह का चुनाव राहुल गांधी की पसंद पर भारी पड़ा है। दरअसल, राहुल गांधी पूर्व सांसद और अपनी विश्वासपात्र मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा चुनावों में कैंडिडेट बनाना चाहते थे लेकिन उनकी पसंद धरी की धरी रह गई और कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी ने अशोक सिंह का नाम फाइनल करवा दिया। एक तरह से कमलनाथ और दिग्गी दोनों के संयुक्त उम्मीदवार बन गए थे, जबकि केंद्रीय नेतृत्व मीनाक्षी नटराजन के नाम पर अड़ा हुआ था। खैर अशोक सिंह ने इस लड़ाई में बाजी मार ली।

आपदा का सटीक पूर्वानुमान के लिए मौसम सैटेलाइट की लांचिंग आज

नई दिल्ली। चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) एक और बड़े मिशन की तैयारी में है। इसरो अब मौसम उपग्रह 'इनसैट-3डीएस' को आज लॉन्च करेगा। यह सैटेलाइट बेहतर मौसम पूर्वानुमान और आपदा संबंधी चेतावनी देने में मदद करेगा। इसलिए इसे काफी अहम माना जा रहा है। उपग्रह को जीएसएलवी एफ14 के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। इनसैट-3डीएस उपग्रह भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का नया मिशन है। यह पूरी तरह से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ओर से फंडेड कैंपेन है। इसरो की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस मिशन का प्रक्षेपण शनिवार को शाम 5:35 बजे होगा।

रातोंरात तो विचारधारा नहीं बदल सकता, भाजपा को भी समझना होगा : अशोक चव्हाण

मुंबई। कांग्रेस से दो पीढ़ियों का रिश्ता तोड़कर भाजपा में आए अशोक चव्हाण ने खुलकर कहा है कि उनकी विचारधारा रातोंरात नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि रातोंरात अपनी विचारधारा को बदल लेना संभव नहीं है। मैं भाजपा की विचारधारा को समझूंगा। इसके अलावा यह भी ध्यान देने की बात है कि मैं हर चीज से सहमत ही रहूं, यह जरूरी नहीं है। मुझे उन चीजों के बारे में समझने के लिए समय चाहिए। इसके अलावा हमें यह भी देखना होगा कि वक्त की जरूरत क्या है। सेकुलरिज्म से ज्यादा अहम यह है कि हम एक देश के तौर पर भविष्य के लिए कैसे तैयार हैं। उन्होंने विचारधारा के सवाल को पीएम नरेंद्र मोदी से जोड़ते हुए कहा कि वह जो कर रहे हैं, वह पूरी दुनिया को ही दिख रहा है। आप देश का मूड देखिए। जनादेश उनके साथ है क्योंकि वह सही चीजें कर रहे हैं। यही नहीं उन्होंने कांग्रेस छोड़ने के फैसले पर भी कहा कि यहल अचानक नहीं हुआ है। मैं बीते काफी दिनों से देख रहा था कि कैसे चीजों को रोका जा रहा है। लोकसभा चुनाव सिर पर है और कांग्रेस की तैयारी ही नहीं थी। ऐसी स्थिति में मैंने अपना वक्त बर्बाद करने की बजाय सही विकल्प ही चुनने का फैसला लिया। मुझे राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का मौका भी मिला। चव्हाण ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष कमजोर है। यह पूछे जाने पर कि क्या केंद्रीय एजेंसियों के दबाव में आपने कांग्रेस छोड़ी है? उन्होंने कहा कि यह झूठ है। कांग्रेस के लोगों को मुझ पर ऐसे आरोप लगाने की बजाय खुद का विश्लेषण करना चाहिए। सोचना चाहिए कि आखिर पार्टी इस लेवल तक कैसे पहुंच गई। अब जहां तक आदर्श हाउसिंग घोटाले की बात है तो फिलहाल मेरे ऊपर कोई केस नहीं चल रहा है।

टीएमसी सांसद देव को ईडी का बुलावा

कोलकाता। ईडी ने पश्चिम बंगाल में कथित मवेशी तस्करी मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद और टॉलीवुड के मशहूर अभिनेता देव नाम से विख्यात दीपक अधिकारी को 21 फरवरी को अपने नयी दिल्ली कार्यालय में पेश होने के लिए बुलाया है। सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी ने ईडी के समन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति करार दिया है, जिससे घाटल सांसद द्वारा 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा के तुरंत बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी के खिलाफ संघीय एजेंसी को सक्रिय होने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इलेक्टोरल बॉन्ड, बीजेपी को कांग्रेस से 6 गुना ज्यादा रकम

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने राजनीतिक दलों के चुनावी फंडिंग के लिए छह साल पहले शुरू किए गए इलेक्टोरल बॉन्ड को गुरुवार को असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया है। इसके साथ ही स्टेट बैंक को गुप्त दान की गई सभी रकम और सभी आंकड़ों को चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया है। कोर्ट के दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि छह सालों के दरम्यान इलेक्टोरल बॉन्ड्स से केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी को सबसे ज्यादा रकम मिली है। 2017-18 में शुरू की गई इस स्कीम के पिछले छह वर्षों की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से पता चलता है कि बीजेपी को सबसे अधिक 6566 करोड़ रुपये गुप्त दान के रूप में रकम मिली है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस दूसरे स्थान पर है लेकिन उसे छह सालों में सिर्फ 1123 करोड़ रुपये ही मिले हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस है, जिसे 1092 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि यह पार्टी सिर्फ एक ही राज्य में शासन करती है। कोर्ट को सौंपे गए दस्तावेजों से पता चला है कि सीपीआई एकमात्र ऐसी राष्ट्रीय पार्टी है जो चुनावी बांड के माध्यम से चंदा स्वीकार नहीं करती है। लिस्ट में चौथे नंबर पर ओडिशा की सत्तारूढ़ नवीन पटनायक की बीजू जनता दल है, जिसे 774 करोड़ रुपये बतौर चंदा मिला है। तमिलनाडु की सत्ताधारी डीएमके पांचवें नंबर पर है, जिसे कुल 615 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के जरिए मिल चुके हैं। तेलंगाना पर पिछले 10 तक शासन करने वाली भारत राष्ट्र समिति इस लिस्ट में छठे नंबर पर है। उसे छह सालों के दौरान कुल 383 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा मिला है। इस लिस्ट में सातवें नंबर पर आंध्र प्रदेश में शासन करने वाली वाईएसआर कांग्रेस है। जगनमोहन रेड्डी की पार्टी को छह सालों में चुनावी बॉन्ड के जरिए कुल 382 करोड़ रुपये मिले हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी को 146 करोड़ रुपये मिले हैं। इस तरह वह टॉप 10 दलों की लिस्ट में आठवें नंबर पर है। नौवें नंबर पर शिव सेना है, जिसे 101 करोड़ मिले हैं, जबकि 10वें नंबर पर आम आदमी पार्टी है, जिसे 94 करोड़ रुपये मिले हैं।

भेदभाव नस्लीय हिंसा का बर्दाश्त नहीं

महीने भर में 7 भारतीयों की हत्या से अमेरिका में सनसनी

वाशिंगटन। हाल के दिनों में अमेरिका में रह रहे भारतीयों पर हमले के मामले बढ़ गए हैं। इस पर अमेरिकी सरकार ने चिंता जताई है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका में नस्ल, लिंग या किसी भी आधार पर हिंसा अस्वीकार्य है। अमेरिकी नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनका प्रशासन इन हमलों को रोकने की पूरी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि खुद राष्ट्रपति बाइडेन भी परेशान हैं और किसी भी भेदभाव के आधार पर भारतीयों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गुरूवार को पत्रकारों से बात करते हुए किर्बी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के शासन में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, नस्ल या लिंग या धर्म या किसी अन्य कारक पर आधारित किसी तरह की हिंसा के लिए कोई बहाना नहीं चल सकता है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में बिल्कुल अस्वीकार्य है। किर्बी का यह बयान तब आया है, जब वॉशिंगटन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान संवाददाताओं ने उनसे भारतीय छात्रों पर हो रहे लगातार और सिलसिलेवार

हमलों के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन और उनका प्रशासन भारतीय और भारतीय अमेरिकी छात्रों पर हमलों को विफल करने और बाधित करने की कोशिशों में जुटा है। बता दें कि अमेरिका में महीने भर के अंदर 4 भारतीय छात्रों और 3 भारतीय मूल के लोगों की हत्या हो चुकी है। एक अन्य भारतीय छात्र पर भी हमला हुआ है। जनवरी में जॉर्जिया के लिथोनिया में एक डिपार्टमेंटल स्टोर में पार्ट टाइम काम करने वाले भारतीय छात्र विवेक सैनी की एक नशेड़ी ने हत्या कर दी थी। उसके बाद फरवरी में इंडियाना वेस्लेयन यूनिवर्सिटी में एक भारतीय छात्र सैयद मजाहिर अली पर हमला किया गया था। कल ही यानी 15 फरवरी को ही अलबामा में एक कस्टमर ने भारतीय मूल के एक होटल मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी है। शेफील्ड में भी प्रवीण रावजीभाई पटेल नाम के एक होटल मालिक की पिछले सप्ताह हत्या कर दी गई थी।

कार- ट्रक भिड़ंत में पांच लोगों की मौत

कानेर। राजस्थान के भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहां एक कार और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है। टक्कर के बाद कार के परखचे उड़ गए। मौके पर पुलिस पहुंची है। मृतकों में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक लड़की गुजरात के बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि हादसे में टवेरा में सवार दो महिला, दो पुरुष और एक बच्चे की मौत हो गई है।

प्रथम पेज से आगे...

विधानसभा प्रश्नोत्तरी

विधायक चन्द्राकर ने कहा कि 24-25 साल की हमारे विधानसभा हो रही है। मेरे ख्याल से अब तक का सबसे लंबा प्रश्न करने का रिकॉर्ड कुंवर सिंह निषाद के नाम है। स्कूल शिक्षा मंत्री **बृजमोहन** अग्रवाल ने कहा **कुंवर सिंह निषाद** जी का जो सवाल है वह भावनात्मक रूप से अच्छा है लेकिन हम छत्तीसगढ़िया लोगों को आगे बढ़ना चाहते हैं। पूरे देश की शिक्षा के स्तर पर उन्हें लाना है ।

आत्मानंद स्कूल को छत्तीसगढ़ी आत्मानंद स्कूल क्यों नहीं किया

बृजमोहन ने कहा- पूर्व मुख्यमंत्री बैठे हैं। आत्मानंद स्कूल को छत्तीसगढ़ी आत्मानंद स्कूल क्यों नहीं किया। अंग्रेजी के स्कूल क्यों खोले इसका जवाब उन्हें देना चाहिए। आखिर जरूरत किस चीज की है। भावना अलग चीज है और छत्तीसगढ़ के बच्चों का भविष्य बनाना उन्हें आगे बढ़ाना राष्ट्रीय स्तर के कंपीटिशन में उन्हें शामिल करना यह अलग चीज है। आपकी भावनाओं से मैं सहमत हूं लेकिन आज के समय में हमें राष्ट्रीय स्तर पर कंपीटिशन में शामिल होना है तो जो इस देश की जरूरत है उसकी शिक्षा देनी जरूरी है।

कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि मैं भावना की बात नहीं कर रहा बोली के सम्मान की बात है। अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी जब तक आठवीं अनुसूची में नहीं जुड़ेगी तो उसे दूसरे प्रदेशों में मान्यता नहीं मिलेगी। हम सब मिलकर उसे आठवीं अनुसूची में जुड़वाने का प्रयास करें।

छत्तीसगढ़ी में डिग्री हासिल कर चुके लोगों को मिले मौका

भूपेश बघेल ने इस पर कहा कि बहुत सारे ऐसे छात्र हैं जो छत्तीसगढ़ी में डिग्री हासिल कर चुके हैं। ऐसे में स्कूलों में उन लोगों को मौका मिलना चाहिए। आप 33000 टीचर्स की भर्ती कर रहे हैं, ठीक है लेकिन छत्तीसगढ़ी में जिन्होंने मास्टर डिग्री हासिल की है उनको भी अवसर मिलना चाहिए।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जिन्होंने एमए छत्तीसगढ़ी की है उनकी भी भर्ती की जाएगी।

नयापारा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा उठा

विधायक इंद्र साहू ने नयापारा स्वास्थ्य केंद्र को लेकर कहा कि तीन डॉक्टर गैरहाजिर हैं। लंबे समय से चार कर्मचारी दूसरी जगह संलग्न हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के अभाव के कारण लोगों को तकलीफहो रही है। स्पीकर **डॉ रमन सिंह** ने कहा कि संलग्न कारण की वजह से चिकित्सक जो दूसरे स्थान पर संलग्न हैं क्या उन्हें मूल स्थान पर भेजेंगे, यह पूछना चाह रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री **श्याम बिहारी जायसवाल** ने कहा कि सभी संलग्न समाप्त करने को लेकर हमने आदेशित किया है। इसका कड़ाई से पालन करवा रहे हैं।

विधायक राकेश सेन की जगह पर अनुज शर्मा ने सवाल पूछा

उन्होंने दुर्ग जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों की स्थिति पर सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि लगभग ढाई सौ से ज्यादा स्कूल प्रभारी के भरोसे चल रहे हैं। प्रधान पाठक या फिर प्राचार्य के पद पर 1500 पद खाली हैं। कितने ऐसे प्रभारी हैं या कितने ऐसे शिक्षक हैं जिनका प्रमोशन ड्यू है और उनके पदों पर प्रमोशन नहीं हो पाया है।

जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री **बृजमोहन अग्रवाल** ने कहा कि प्रभारी की व्यवस्था अभी 2 महीने में नहीं हुई है। स्वाभाविक रूप से जो सीनियर व्याख्याता होते हैं, उन्हें प्राचार्य का प्रभार दिया जाता है। प्रमोशन की कार्रवाई भी कई सालों से नहीं हुई है। मैंने अपने बजट भाषण में इस बात को कहा है कि 1 साल के अंदर हमारी यह कोशिश होगी कि हम प्रमोशन जितने ज्यादा से ज्यादा किए जा सकते हैं करेंगे।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष **रमन सिंह** ने कहा कि आप सक्षम मंत्री हैं। आप 1 साल की बात क्यों कर रहे हैं। आप कहिए कि 6 महीने के अंदर पदों को भरा जाएगा। क्योंकि वर्षो से पेंडिंग है इसको आगे बढ़ाना जरूरी हो गया है ।

रसोइयों के वेतन भुगतान का मुद्दा उठा

कांग्रेस विधायक **लखेश्वर बघेल** ने रसोइयों के वेतन का समय पर भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया और मंत्री से भुगतान की मांग की। मंत्री **बृजमोहन अग्रवाल** ने कहा कि रसोइयों की तरह मध्यान्ह भोजन बनाने वालों की भी स्थिति है। नवंबर-दिसंबर की राशि एक सप्ताह में मिल जाएगी। इसके लिए हमने जल्द भुगतान की प्रक्रिया कर ली है।

सिंचाई सुविधा के लिए धरमलाल कौशिक का ध्यानाकर्षण

विधानसभा में विधायक धरमलाल कौशिक लाल कौशिक ने आज मुंगेली में सिंचाई सुविधा को लेकर ध्यानाकर्षण सूचना दी। बिलासपुर-मुंगेली क्षेत्र में सिंचाई सुविधा की वृद्धि के लिए मनियारी व पथरिया बैराज परियोजनाएं प्रारंभ हुई थीं। जिससे हजारों एकड़ में सिंचाई की सुविधा में होती है, किंतु विभाग द्वारा दोनों बैराजों का कार्य बंद कर दिया गया। साथ ही इसमें जिन ग्रामीणों की भूमि अर्जित की गई, उनमें से 50 प्रतिशत लोगों को आजपर्यंत मुआवजा नहीं दिया गया है। ग्रामीणों को मुआयना राशि नहीं दिए जाने से उन्हें रोजीरोटी के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। कार्य पूर्ण नहीं किए जाने से हजारों एकड़ में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इन परिस्थितियों के कारण क्षेत्र में भारी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

विधायक दिलीप लहरिया का ध्यानाकर्षण

दिलीप लहरिया द्वारा मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हिन्डाडीह व गतौरा में कोलवाशरी स्थित है, जहां से कोयले को ओव्हरलोड ट्रकों के माध्यम से एक जगह से दूसरी जगह सप्लाई किया जाता है। ट्रकों से ढुलाई होने वाले कोयले पर कैप कव्हर नहीं होता, जिससे रास्ते भर कोयला एवं उसकी धूल उड़ती रहती है। परिवहन किए जा रहे कोयले के आम राहगीरों के ऊपर गिरने की आशंका बनी रहती है तथा गंभीर दुर्घटना की भी संभावना है। उस क्षेत्र में हो रही लगातार ओव्हरलोडिंग से आम जनता त्रस्त है एवं उसमें रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

इस ध्यानाकर्षण के जवाब में **वित्त मंत्री ओपी चौधरी** ने बताया कि मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हिण्डाडीह में 01 कोल वॉशरी मेसर्स हिन्छ मल्टी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड की क्षमता कोल वाशरी (वेट टाईप) क्षमता 3.6 टन मिलियन टन प्रतिवर्ष तथा ग्राम गतोरा में मेसर्स क्लीन कोल इंटरप्राइजेस प्राइवेट लिमिटेड के कुल 03 कोल वॉशरी जिनकी कुल क्षमता 4.42 मिलियन टन प्रतिवर्ष है। इन कोल वाशरियों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत सशर्त सम्मति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा इन उद्योगों को जारी की गई सम्मति में कोयले का परिवहन तारपोलीन के माध्यम से ढके हुए ट्रकों द्वारा किये जाने की शर्त दी गई है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा की गई विभिन्न कार्यवाहियों में कुल 11 उद्योगों के 57 ट्रकों पर बिना तापोलिन से ढके परिवहन करते पाये जाने पर कुल रूपए 2,52,500 पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई। इसके अलावा जिला स्तर पर संयुक्त द्वारा राशि रूपए 4,10,000 शमन शुल्क की वसूली की गई है। कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर से प्राप्त जानकारी जिला बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत परिवहन उड़नदस्ता बिलासपुर द्वारा बिना तिरपाल (कैप कव्हर) ट्रकों के परिवहन करने वाले वाहनों पर दिनांक 01.04.2023 से 07.02.2024 तक कुल 2736 वाहनों से 40,38,600 रूपए एवं ई-चालान 13 वाहनों 13,900 रूपए ऑनलाईन शमन शुल्क कुल 2749 वाहनों से 40,52,500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया गया है तथा ओव्हरलोड 56 वाहनों से 8,65,500 रूपए शमन शुल्क चालानी कार्यवाही किया गया है तथा बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के 532 वाहनों से 8,46,400 रूपए शमन शुल्क चालानी कार्यवाही किया गया है।

सभी नगरीय निकाय में लगेगी अटल की प्रतिमा

- **14380 करोड़ से अधिक की अनुदान मांगें पारित**
- **घर-घर शुद्ध जल पहुंचाने का काम होगा तेज**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज उप मुख्यमंत्री अरूण साव के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 14,380 करोड़ 52 लाख 32 हजार रूपए की अनुदान मांगे सर्वसम्मति से पारित की गई। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लिए 2,677 करोड़ 50 लाख 85 हजार रूपए, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय निकाय के लिए 44 करोड़ 04 लाख 60 हजार रूपए, लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल के लिए 3,471 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए, न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन के लिए 925 करोड़ 61 लाख 57 हजार रूपए, लोक निर्माण कार्य-भवन के लिए 1,844 करोड़ 41 लाख 91 हजार रूपए, नगरीय प्रशासन एवं नगरीय विकास-नगरीय कल्याण के लिए 2,096 करोड़ 69 लाख 52 हजार रूपए, लोक निर्माण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजना के लिए 575 करोड़ 62 लाख 32 हजार रूपए और नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता हेतु 2,745 करोड़ 23 लाख 94 हजार रूपए शामिल हैं। अनुदान मांगों की चर्चा में 23 सदस्यों ने भाग लिया और बजट प्रावधान की प्रशंसा की व सुझाव दिए। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने अनुदान मांगों की चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के यादों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल चौक बनाने की घोषणा की। उन्होंने सदस्यों की मांग एवं सुझावों को भी गंभीरता लेने की बात कही।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग: डिप्टी सीएम अरूण साव ने अपने विभागों की अनुदान मांगों की चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि पीएम की गारंटी का मतलब है कि ''गारंटी पर भी गारंटी है'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में मोदी की इन गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में भी मोदी की गारंटियों को पूरा करने का प्रावधान रखा गया है। उप मुख्यमंत्री साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि ''जल है तो कल है'' जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए हमारी सरकार घर-घर 55 लीटर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज एवं रेट्राफिटिंग की कुल 29 हजार 181 योजनाएं के लिए 22,442 हजार करोड़ 12 लाख 21 हजार रूपए की स्वीकृति की गई है। अब तक 38 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों से अधिक नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। योजना के माध्यम से 49 लाख 99 हजार ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट में ग्रामीण जल योजनाओं के लिए 6 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं नाबार्ड पोषित सौर आधारित ग्रामीण जल प्रदाय योजना के लिए 4 करोड़ 50 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

शिक्षकों का प्रमोशन और नए शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया कब तक होगी पूरी: अनुज

- **धरसींवा विधायक ने पूछा सवाल**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्रवाई रविवार 18 फरवरी के बाद अगले दिन यानी 19 फरवरी सोमवार को भी पूरे दिन के लिए स्थगित रहेगी। भाजपा के सदस्य व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा से आग्रह किया कि 17 और 18 फरवरी को दिल्ली में भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा हैं जिसमें प्रदेश के मंत्री और विधायक शामिल होंगे। लिहाजा 19 फरवरी को सदन की कार्यवाही स्थगित की जाएँ। स्पीकर ने बृजमोहन अग्रवाल के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के आज दसवें दिन शिक्षकों की भर्ती और शिक्षकों की समस्याओं से जुड़ा मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। प्रश्नकाल में विधायक अनुज शर्मा ने पूछा कि प्रदेश में शिक्षकों का प्रमोशन और नए शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया कब तक पूरी कर ली जाएगी? अनुज शर्मा के इस सवाल पर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आसंदी के साथ सदस्य को भरोसा दिलाया कि उनके विभाग की तरफ से 6 महीने के भीतर ही शिक्षकों की भर्ती और प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि 'जल्द से जल्द कार्रवाई हो, ताकि स्कूलों में शिक्षकों की समस्या खत्म हो जाए।' प्रश्नकाल में कांग्रेस की हर्षिता स्वामी बघेल ने भी पूछा कि डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा अधिकारियों को कितनी राशि प्राप्त हुई और किन-किन मदों में खर्च किया गया?

छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में शामिल करने का मुद्दा गूंजा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल किया कि छत्तीसगढ़ी में जिनके पास एमए की डिग्री है, क्या उनके लिए भर्ती होगी? इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जिन्होंने छत्तीसगढ़ी में एमए की डिग्री ली है, उन्हें भी भर्ती में शामिल किया जाएगा। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में शामिल करने का मुद्दा गूंजा। कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सवाल किया कि कब तक पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ी शामिल होगी. इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजभाषा छत्तीसगढ़ी को स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। शिक्षा सत्र 2020-21 में प्राथमिक स्तर की पाठ्य पुस्तक में द्विभाषिक रूप से शामिल किया गया है। कक्षा 3 से 5 तक हिंदी भाषा की पाठ पुस्तकों में छत्तीसगढ़ी भाषा की 25% पाठ सामग्री शामिल की गई है. मंत्री ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक की हिंदी भाषा की पाठ पुस्तकों में छत्तीसगढ़ी भाषा की 30% पाठ सामग्री शामिल की गई है. इसी तरह कक्षा 9 से 10 तक की हिंदी भाषा की पाठ पुस्तकों में भी छत्तीसगढ़ी भाषा की 15त्न पाठ्य सामग्री शामिल की गई है। छत्तीसगढ़ी के साथ गोंडी, हलबी, सरगुजिया में पढ़ाई का प्रयास करेंगे। इसके साथ उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी के साथ गोंडी, हलबी, सरगुजिया में भी पढ़ाई का प्रयास करेंगे। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने से पहले जरूरी है।

पद्मश्री प्राप्त कलाकारों को 25 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पर्यटन, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को विधानसभा में संस्कृति विभाग से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा में पद्मश्री प्राप्त कलाकारों को प्रतिमाह 25 हजार रूपए पेंशन दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय लोककला महोत्सव' के नाम से राज्य के तीन स्थानों- रायपुर, सिरपुर, चक्रधर महाराज की भूमि रायगढ़ में भव्य महोत्सव का आयोजन करेंगे। इस आयोजन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कलाकारों को आमंत्रित कर छत्तीसगढ़ की पहचान पूरे देश में एक सांस्कृतिक रूप से बनेगी। उन्होंने कहा कि 'राजिम कुंभ कल्प' मेला को भव्य रूप प्रदान करने बजट में 37 करोड़ रुपए , सिरपुर का सांस्कृति विकास के लिए 1 करोड़ 28 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के रायपुर में व्यतीत जीवन काल को चिरस्मरणीय बनाने उनके निवास स्थान वर्तमान डे-भवन को स्वामी विवेकानंद स्मारक के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए बजट में 4 करोड़ 80 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में प्रदेश का राजकीय मानव संग्रहालय की स्थापना के लिए 8 करोड़ 64 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 28 जिला मुख्यालयों एवं मुख्य पर्यटन स्थलों में गढ़कलेवा का विस्तार कर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खान-पान व्यंजनों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। इसके लिए बजट में 2 करोड़ 12 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में कलाकार कल्याण कोषण योजना के तहत साहित्यकारों एवं कलाकारों और उनके परिजनों के लंबी तथा गंभीर बीमारी की स्थिति में दी जाने वाली आर्थिक सहायता को 25 हजार रूपए से बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी गई है।

गोंड़ी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 2 करोड़ 50 लाख

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पर्यटन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि प्रदेशवासियों को श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा करायी जाएगी। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में प्रभु श्रीराम की गाथा को प्रदर्शित करते हुए 'प्रधानमंत्री श्री रामलला गाथा केन्द्र' का निर्माण किया जाएगा। अयोध्या धाम में राज्य के श्रद्धालुओं के लिए छत्तीसगढ़ माता कौशल्या धाम भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार तिरूपति, जगन्नाथ पुरी में भी छत्तीसगढ़ धाम बनाया जाएगा।

राजिम पंचकोशी परिक्रमा परिपथ विकास हेतु 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि गिरौदपुरी धाम में छाता पहाड़ को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसी प्रकार गुरू बालक दास शहादत स्थल बांधा मुंगेली का पर्यटन विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैनपाट को छत्तीसगढ़ के शिमला के नाम से जाना जाता है और इसे शिमला-मनाली के मालरोड के तर्ज पर हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा।

पांच शक्तिपीठों को किया जाएगा विकसित

कुदकुदरगढ़ जिला सूरजपुर, चंद्रहासिनी चंद्रपुर जिला-सक्ती, महामाया रतनपुर जिला-बिलासपुर, दंतेश्वरी जिला दंतेवाड़ा और बम्लेशवरी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को चारधाम की तर्ज पर विकसित करने के लिए योजना तैयार की जा रही है। इस योजना पर लगभग 112 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत संभावित है। इस वर्ष बजट में 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व के विभाग के अनुदान मांगों के संबंध में बस्तर के मांझी एवं चालकियों के सम्मान निधि राशि क्रमशः 2000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए एवं 1500 रुपए से बढ़ाकर 2000 रुपए करने की घोषणा की। इसी प्रकार बस्तर के कार्यकारिणी मेम्बरीनों के मानदेय भी प्रतिमाह 1100 से बढ़ाकर 1500 रुपए किया जाएगा। मेम्बरीनों के 50 साधारण सदस्यों को 1500 से बढ़ाकर 2000 रुपए वार्षिक मानदेय दिया जाएगा। बस्तर दशहरा के 80 परगनों में 80 चालकी सदस्यों, काछनदेवी, रैलादेवी गुरूमाय 10 सदस्य कोठीपुजारी के 6 सदस्य, मुण्डाबाज वादक के 30 सदस्य रथ संचालन संवाहक 7 सदस्य के लिए 1500 रुपए वार्षिक सम्मान निधि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बीएससी नर्सिंग की खाली सीटों के लिए काउंसिलिंग जल्द

- **50 परसेंटाइल की बाध्यता हटी**

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा सत्र 2023-24 के तहत बीएससी नर्सिंग की खाली सीटों के लिए एक बार फिर काउंसिलिंग होगी। इस बार नर्सिंग प्रवेश 50 परसेंटाइल की अर्हता नहीं होगी। इसे शून्य किया जा रहा है। इस वजह से पिछले साल प्रवेश परीक्षा देने वाले सभी स्टूडेंट्स इसमें एडमिशन के लिए पात्र होंगे। बीएससी नर्सिंग की करीब तीन हजार सीटें खाली है। इसकी काउंसिलिंग संचालनालय चिकित्सा शिक्षा के माध्यम होगी। इसके लिए जल्द शेड्यूल जारी किए जाएंगे।

कुछ दिन पहले इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) की ओर से बीएससी नर्सिंग में एडमिशन की तारीख बढ़ाई गई। इसके अनुसार फरवरी तक एडमिशन होंगे। जानकारी के मुताबिक राज्य में नर्सिंग की पढ़ाई 143 कॉलेजों में हो रही है। इसमें 8 सरकारी और 135 प्राइवेट कॉलेज हैं। इनमें बीएससी नर्सिंग की करीब 7 हजार सीटें हैं। वर्तमान सत्र के अनुसार इस कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया पिछले साल 31 अक्टूबर तक चली। तब प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता 50 परसेंटाइल थी।

व्यापमं की प्रवेश परीक्षा में 45 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए थे। हालांकि, 50 परसेंटाइल के अनुसार करीब 27 हजार स्टूडेंट्स एडमिशन के लिए पात्र हुए थे। इसमें से 4 हजार छात्रों ने प्रवेश लिया था। जबकि तीन हजार सीटें खाली है। अब परसेंटाइल की बाध्यता खत्म की गई है। इस संबंध में शासन की ओर से चिकित्सा शिक्षा को पत्र भेजा गया है। यह बाध्यता खत्म होने के बाद एंट्रेंस एग्जाम देने वाले सभी स्टूडेंट्स नर्सिंग में एडमिशन ले सकेंगे।

8 युवा यूथ फेस्टिवल में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के 8 युवा 01 से 7 मार्च तक रूस के सोची शहर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा -देश का प्रतिनिधित्व करना गौरवपूर्ण है ,स्वामी विवेकानंद की तरह आप सब युवा ,भारत की महान संस्कृति की झलक पूरी दुनिया को दिखाएं। श्री साय ने युवाओं को ढेर सारा आशीर्वाद भी दिया। गौरतलब है कि एक मार्च से 07 मार्च 2024 तक रूस के सोची शहर में वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 193 देशों के लगभग 20 हजार युवा शामिल होंगे। भारत से युवाओं का दल यूथ फेस्टिवल में शामिल होने रूस जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ से भी 8 युवा चयनित हुए हैं।

अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन द्वारा रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में नि:शुल्क इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने कुछ माह पूर्व अपने यहाँ अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन का शुभारम्भ किया था जिसमे प्रदेश के ऐसे खिलाडी जो अपने अभ्यास या खेल के दौरान चोटिल हो जाते है जिन्हे गंभीर चोट भी आ जाती है साथ ही आर्थिक रूप से असहाय, असक्षम खिलाड़ियों का इलाज अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के तहत रामकृष्ण केयर में आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स मेडिसिन के कंसल्टेंट डॉक्टर सुमन नाग की देखरेख में किया जाता है। इसी के तहत हाल ही में प्रदेश की जुडो की राष्ट्रीय प्लेयर शारदा गोस्वामी के लिंगामेंट का निशुल्क इलाज अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के तहत डॉक्टर सुमन नाग ने किया जिससे अब शारदा गोस्वामी पुनः राष्ट्रीय खेल खेलने के लिए तैयार है।

जुडो में राष्ट्रीय खिलाड़ी शारदा गोस्वामी ने बताया की कुछ समय पूर्व उन्हें खेल के दौरान चोट लग गई थी एक्सरे इत्यादि में उनके चोट के बारे में कोई डॉक्टर सही जानकारी नहीं बता रहे थे फिर शारदा गोस्वामी को अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के बारे में पता चला वे यहाँ आकर डॉक्टर सुमन नाग से मिली जहां उनका स्न्ड्ढ करने पर पता चला की उनके घुटने की लिंगामेंट, ष्टरु एवं गादी (स्न्ठ्ठद्बह्यष्ह्व) टूटने का पता चला । जुडो खिलाडी शारदा गोस्वामी ने बताया की उनकी आर्थिक स्थति ठीक नहीं है उनके माता पिता नहीं है वे ही अपने घर का खर्चा स्वयं चलाती है चोट लगने के बाद वो बहुत दुखी हो गई थी और आगे खेलने की उम्मीद छोड़ चुकी थी।

एसआई भर्ती कैंडिडेट्स ने निकाला कैंडल मार्च

- **कहा- विधानसभा सत्र में हो रिजल्ट पर चर्चा**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में स्ढ्ढ (सब इंपेक्टर) भर्ती परीक्षा के कैंडिडेट्स ने रिजल्ट घोषित करने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में प्रदेशभर के 300 से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए। अभ्यर्थियों का रिजल्ट 6 साल से रुका हुआ है। कैंडिडेट्स की मांग है कि वर्तमान में चल रहे विधानसभा सत्र में रिजल्ट पर चर्चा की जाए और सरकार रिजल्ट को लेकर अपना मत स्पष्ट करे।

बुधवार की देर शाम स्ढ्ढ भर्ती के अभ्यर्थियों ने कैंडल मार्च की शुरुआत सुभाष स्टेडियम से की थी। हाथों में कैंडल और बैनर लेकर अभ्यर्थियों ने अंबेडकर चौक तक मार्च निकाला। अभ्यर्थियों का कहना है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में भर्ती नोटिफिकेशन जारी हुआ था। अब प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार है तो स्ढ्ढ रिजल्ट जल्द जारी किया जाना चाहिए। अभ्यर्थियों ने पोस्टर पर लिखा था, 'मानसिक प्रताड़ना की हद, अंतिम रिजल्ट कब तक', 'हम किसी से भीख नहीं मांगते- हमें अपना अधिकार चाहिए', 'अब तो बदल दी हमने सरकार, रिजल्ट जारी करो विष्णुदेव सरकार'ज। अभ्यर्थियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण होते ही हमने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मुलाकात की थी। रिजल्ट जल्द जारी करने को लेकर नेताओं और मंत्रियों ने उन्हें आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। भूपेश बघेल सरकार ने पांच वर्षों तक उन्हें गुमराह किया और अब भाजपा सरकार भी यही कर रही है। पूरे मामले में सकारात्मक पहल कहीं दिखाई नहीं देता।

छह साल से रुका है SI भर्ती का रिजल्ट

बता दें कि छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर भर्ती साल 2018 में निकली थी। उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। तब 655 पदों पर भर्ती निकाली थीं। कांग्रेस की सरकार आने के बाद पदों की संख्या 975 कर दी गई थी। आरक्षण मुद्दे और कोविड-19 के कारण भर्ती मे देरी होते-होते 3 साल बीत गए।

बालको मेडिकल सेंटर में रोटेशनप्लास्टी सर्जरी 7 वर्ष की बच्ची को मिला नया जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत, - बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी), नया रायपुर में मुंगेली, छत्तीसगढ़ की एक 7 वर्षीय बच्ची, जो पैर और जांघ की हड्डी के कैंसर (इविंग सारकोमा) से पीड़ित थी, का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। मामले की जटिलता के कारण घुटने के जोड़ के आसपास की दोनों हड्डियों के एक हिस्से को काटने की आवश्यकता पड़ी। धातु प्रत्यारोपण के साथ पारंपरिक पुनर्निर्माण विधियों के परिणामस्वरूप अंग की लंबाई में महत्वपूर्ण विसंगति हो सकती है, जिससे अंग व्यावहारिक रूप से अनुपयोगी हो जाता है। विच्छेदन एक संभावित जीवन-रक्षक उपाय था, लेकिन, बीएमसी की मेडिकल टीम ने रोटेशनप्लास्टी नामक एक असामान्य और दुर्लभ सर्जरी को चुना। यह सर्जरी बालको मेडिकल सेंटर में ऑर्थोपेडिक ऑन्कोसर्जरी के सलाहकार डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ठाकुर द्वारा की गई। उन्होंने टिप्पणी की कि ÷अंगों में उत्पन्न होने वाले कैंसर के लिए विच्छेदन ही एकमात्र विकल्प नहीं है। इमेजिंग तकनीकों, सर्जरी और कीमोथेरेपी और विकिरण थेरेपी जैसी सहायक चिकित्सा की प्रगति के साथ, हम अंग बचाव के युग में विकसित हो चुके हैं।

संपादकीय

चुनावी बांड पर सुको का डंडा

केन्द्र सरकार द्वारा 2018 में बनाई गई चुनावी बांड योजना पर सुप्रीम कोर्ट का डंडा चल गया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से इलेक्टोरल बांड को रद्द कर दिया है। संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि सभी राजनीतिक पार्टियों को चुनाव बांड जारी करने वाले बैंक और चुनावी बांड से प्राप्त राशि का विवरण 6 मार्च तक चुनाव आयोग में जमा करना अनिवार्य है और 16 मार्च तक चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर इसका विवरण प्रकाशित करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कड़ी टिप्पणी की है। और कहा है कि चुनावी बांड़ योजना न सिर्फ अवैधानिक है बल्कि सूचना के अधिकार का हनन भी है। आम जनता को यह मालूम होना चाहिए कि किस राजनीतिक पार्टी को किसने कितना चंदा दिया है। निश्चित रूप से चुनाव आयोग का यह फैसला स्वागत योग्य है। हालांकि इस फैसले से केन्द्र सरकार को बड़ा झटका लगा है। अन्य राजनीतिक पार्टियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर एनडीए सरकार पर निशाना साधा है और यह आरोप लगाया है कि भाजपा ने चुनावी बांड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना लिया था। वहीं आम आदमी पार्टी ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि अब चुनाव में पारदर्शिता आ जाएगी। गौरतलब है कि चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां चंदा एकत्रित करती है और मिलने वाले चंदे का हिसाब चुनाव आयोग को सौंपती है। किन्तु चुनावी बांड योजना लागू करने के बाद से चुनावी चंदे के रूप में मिलने वाली मोटी रकमों का और दानदाताओं का नाम सामने नहीं आ पाता था। यही वजह है कि जब से चुनावी बांड योजना लागू की गई थी। तभी से इसे लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह ऐतिहासिक फैसला दिया है। इससे अब चुनावी चंदे में पारदर्शिता आ जाएगी जो लोकतंत्र के हित में है। वैसे चुनावी चंदे के नाम पर अभी भी गोरखधंधा चल रहा है। आयकर विभाग ने हाल ही में पांच हजार से अधिक लोगों को नोटिस भेजा है। जिन्होंने ऐसी राजनीतिक पार्टियों को चंदे के रूप में मोटी रकमें भेजी हैं। जिसे चुनाव आयोग की मान्यता ही प्राप्त नहीं है। लगभग ऐसी 20 राजनीतिक पार्टियां हैं। जिन्होंने चुनाव आयोग में अपना पंजीयन भर कराया है। लेकिन उन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। न तो ऐसी पार्टियां चुनाव लड़ती हैं और न ही उन्हें कोई जानता है। लेकिन वे लोगों से चंदे के रूप में मोटी रकम लेकर मनी लॉड्रिंग और आयकर चोरी के खेल में शामिल होती हैं। इस गोरखधंधे पर भी लगाम लगाने की आवश्यकता है। जहां तक चुनावी चंदे की बात है तो इसमें भाजपा सबसे आगे बनी हुई हैं। चुनाव आयोग को जो विवरणी दी गई हैं। उसके मुताबिक भाजपा को सबसे ज्यादा 720 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। उल्लेखनीय है कि बीस हजार रुपए से अधिक राशि के चंदे का विवरण चुनाव आयोग को देना अनिवार्य है। इसका फायदा उठाकर भी कुछ पार्टियां चुनावी चंदे के नाम पर खेल करती हैं। बहुजन समाज पार्टी पिछले कई सालों से चुनाव आयोग को यही विवरण देती है कि उसे बीस हजार रुपए से अधिक का कभी चंदा नहीं मिला है। चुनावी चंदे के नाम पर किए जाने वाले इस गड़बड़ घोटाले पर भी रोक लगनी चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस पर भी सुप्रीम कोर्ट उचित कदम उठाएगा ताकि चुनावी चंदे के नाम पर चलने वाला गोरखधंधा खत्म हो।

आप का अच्छा गांव योजना

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने आदिवासी बहुल बस्तर के ग्रामीण क्षेत्रों मे विकास की बयार बहाने के लिए नियद नेल्ला नार योजना अर्थात् आप का अच्छा गांव योजना शुरू करने की घोषणा की है। नक्सल प्रभावित और आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र आजादी के सात दशकों के बाद भी विकास की दौड़ में पिछड़ा हुआ है। बस्तर क्षेत्र के विकास के लिए वैसे तो ढेरों योजनाएं बनाई गई। लेकिन उनमें से अधिकांश योजनाओं का क्रियान्वयन सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गया। बस्तर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आदिवासियों को मूलभूत सुविधाएं भी मयस्तर नहीं हो पा रही है। बस्तर के समस्या मुलक गांवों को लेकर ही शायद यह पंक्तियां बनी है की सरकारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है सारे दावे फर्जी है सारे आंकड़े किताबी हैं। बहरहाल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार एक आदिवासी माटी पुत्र विष्णुदेव साय को कमान मिली है और अब उन्होंने बस्तर की सुध लेते हुए आप का अच्छा गांव नामक अभिनव योजना शुरू करने का ऐलान किया है। जिसके तहत पहले चरण में बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिले में बनाए गए पुलिस कैंप से लगे पांच किलोमीटर क्षेत्र तक के गांवों में ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाएगा और गांव-गांव तक बिजली पानी, सड़क और मोबाइल टावर जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इन ग्रामीणों को वन अधिकार अधिनियम के तहत प्राथमिकता के आधार पर अधिकार पत्र दिए जाएंगे और आवश्यकता अनुसार वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित किया जाएगा। निश्चित रूप से आप का अच्छा गांव योजना बस्तर क्षेत्र के लिए वरदान बनेगी बशर्ते इसका क्रियान्वयन ईमानदारीपूर्वक किया जाए।

मराठा गौरव व स्वतंत्र भारत के महानायक छत्रपति शिवाजी

मुकेष ऋषि

यह दिन मराठों की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का जश्न भी मनाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर लोग उनके योगदान को याद करते हैं और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। शिवाजी महाराज की बहादुरी और बुद्धिमत्ता हमेशा लोगों को आश्चर्यचकित और प्रेरित करती रहेगी।

शिवाजी के दरबार और प्रशासन में फारसी, जो उस समय की सामान्य भाषा थी, के स्थान पर मराठी और संस्कृत को आधिकारिक भाषाओं के रूप में बढ़ावा दिया गया था। शिवाजी महाराज का जन्मदिन मराठा साम्राज्य के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद करने का अवसर है। शिवाजी महाराज को 1674 में रायगढ़ किले में छत्रपति के रूप में राज्याभिषेक किया गया था।

भारत में शायद ही कुछ ऐसे लोग होंगे छत्रपति शिवाजी महाराज को नहीं जानते होंगे। वह भारत के वीर सपूतों में से एक थे। जिन्हें मराठा गौरव भी कहा जाता हैं और स्वतंत्र भारत का महानायक भी। इन्होंने वर्ष 1674 में पश्चिम भारत में मराठा साम्राज्य का नींव रखे थे। उन्होंने अपने जीवन काल में कई वर्षों तक मुगलों के साथ संघर्ष किए थे एवं उन्हें धूल चटाये थे। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को मराठा परिवार में हुआ था।

इनके जन्म दिवस को ही प्रत्येक वर्ष 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई जाती है। महाराष्ट्र सरकार इस दिवस के दिन राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए हैं। ऐसे में हम में से कई लोगों मन में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती एवं छत्रपति शिवाजी के जीवन परिचय संबंधित प्रश्न उठे होंगे। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती भारत में मनाई जाती है।

भारत के महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी जयंती को त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत में कई जगहों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती के दिन कई जगह पर शोभा यात्रा निकाली जाती है और कई जगह पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। छत्रपति शिवाजी के जीवन को दर्शाने के लिए नाटक के रूप में कार्यक्रम कई जगहों पर आयोजित किए जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती सभी मराठा समुदाय एवं अन्य समुदाय सैन्य कौशल एवं साहस को श्रद्धांजलि देने में गर्व महसूस करते हैं। शिवाजी महाराज के समाधि पर फूल चढ़ाए जाते हैं।

छत्रपति शिवाजी जयंती कब है?

छत्रपति शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को मराठा परिवार में हुआ था। यह एक महान नेता एवं महान योद्धा थे। इनके पास एक संगठित और अच्छी तरह से अनुशासित सेना था। छत्रपति शिवाजी मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे। इसलिए उनके जन्मदिन को छत्रपति शिवाजी जयंती के रूप में प्रत्येक वर्ष 19 फरवरी को संपूर्ण भारत में मनाया जाता है। छत्रपति शिवाजी जयंती महाराष्ट्र राज्य में काफी लोकप्रिय है। इसलिए साल 2024 में भी 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी जयंती मनाई जाएगी।

शिवाजी जयंती इतिहास और महत्व

शिवाजी जयंती इतिहास

शिवाजी जयंती, या छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती, की स्थापना 1870 में महात्मा ज्योतिराव फुले ने की थी। पुणे से लगभग 100 किलोमीटर दूर रायगढ़ है, जहाँ महात्मा ज्योतिराव फुले ने शिवाजी महाराज की समाधि की खोज की थी। पुणे शिवाजी जयंती मनाने वाला पहला स्थान था।

शिवाजी जयंती को एक प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी, बाल गंगाधर तिलक द्वारा आगे बढ़ाया गया, जिन्होंने शिवाजी महाराज के योगदान को प्रकाश में लाया और शिवाजी महाराज की छवि को उजागर करके लोगों को प्रभावित किया।

शिवाजी जयंती महत्व

शिवाजी जयंती एक राज्यव्यापी अवकाश है जिसे महाराष्ट्र में बहुत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

परीक्षा के समय आहार

सोमिता जैन

परीक्षा का समय चल रहा है,साथ ही मौसम भी बदल रहा है। स्टूडेंट के लिए ये बड़ा मुश्किल समय होता है। इस समय स्टूडेंट को आहार में ऐसा क्या लेना चाहिए,जिससे वह आलस से दूर रहकर एनर्जी के साथ पढ़ाई कर सके और उनका इम्यून सिस्टम भी मजबूत रहे।जिससे वह परीक्षा के समय बीमार होने से बचे रहे।सभी पेरेंट्स के मन में यह सवाल होते हैं तो चलिए जानते हैं इन सवालों के जवाब...

स्टूडेंट को एक साथ ज्यादा खाना खाने से बचना चाहिए, उसे छोटे-छोटे मिल्स,अंतराल में खाना चाहिए।

सुबह

सुबह की शुरुआत चाय,कॉफी की जगह हर्बल टी, लेमन टी गर्म पानी आदि से कर सकते हैं इससे पाचन तंत्र ठीक से काम करेगा।

नाश्ता

नाश्ते में कार्बोहाइड्रेट प्रोटीन एवं फाइबर से युक्त भोजन लेना चाहिए। जैसे उपमा ,पोहा, अंकुरित अनाज, ओट्स ,वेज राइस आदि के साथ कोई फल ले सकते हैं।

लंच

लंच के पहले सलाद या फ्रूट जैसे केला,पपीता , सेब,अनार ,संतरा, अंगूर आदि में से कोई एक फल ले सकते हैं।

लंच में दो चपाती, दाल, हरी पत्तेदार सब्जी एवं दूसरी कोई एक सब्जी एवं दही ले सकते हैं। लंच के दो-तीन घंटे बाद आप केला या कोई भी सिट्रस फ्रूट जैसे संतरा,मौसमी में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है। केले में विटामिन बी12 एवम आयरन, फास्फोरस आदि मिनरल्स होते हैं।यह आपके रोग प्रतिरोधक तंत्र अथवा इम्यून सिस्टम को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ आलस को भी दूर रखेंगे।एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करेंगे।

शाम

शाम के समय एक मुट्ठी भीगे हुए मेवे जैसे बादाम,अखरोट, पिस्ता आदि का सेवन कर सकते हैं।इनमें भरपूर मात्रा में मिनरल्स एवं विटामिन पाए जाते हैं,जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करेंगे।

रात्रि भोज

रात्रि भोजन हल्का ले।इसमें वेज खिचड़ी,नमकीन दलिया, सूप,मिलेट्स की रोटी,दाल, सब्जी आदि ले सकते हैं।डिनर शाम को 7 या 8 बजे तक ले लें। जिससे रात में पढ़ते समय आलस नहीं आएगा। यदि रात में भूख लगती भी है तो आप मखाने, भुने चने,मगज सीड्स जैसे सूरजमुखी,तरबूज, खरबूजा आदि के बीज ले सकते हैं।इनमें प्रचुर मात्रा में मिनरल्स, विटामिन एवम फाइबर ओमेगा 3 आदि होते हैं। जो मन को एकाग्र करने में मदद करेंगे साथ ही आलस को दूर कर एनर्जी लेवल को बनाए रखेंगे। रात में सोते समय हल्दी का दूध पिए , हल्दी में करक्युम्न नमक रसायन एवं कई एंटीबैक्टीरियल, एंटी वायरल गुण हल्दी में पाए जाते हैं जो हमें मौसमी बीमारियों जैसे कफ,कोल्ड आदि से दूर रखता है।हल्दी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करती है।

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अक्सर ही देखा करती हूँ समुद्र के किनारों पर उठती-गिरती लहरों को निहारती भी हूँ

सुनती हूं तेज गर्जन तो कभी ठहरना, कभी धीमे-धीमे लहराना..

जीवन का उठना-गिरना...

लहरों-सा हीं होता गिरकर उठ जाना हर पल बढ़ते जाना

इन्हीं से तो सिखा है तारों सा टिमटिमाना..

ठहरना नहीं, एक पल भी संभलना संभलकर फिर बढ़ जाना मुश्किल घड़ी हो जब.,

तुफान सा बन गर्जना.. सूर्य सा दमकना..।।

आसान डगर हो, धरा सा थम जाना चाँद सा शीतल बन जाना,,

मन के द्वंद्व युद्ध हो.., जीवन में वो न लाना.. हरदम लहरों सा.. धीर गंभीर...

तो,,,,,,,! कभी, शांत-चित..! बन कर बहते जाना..।।

उमा मेहता त्रिवेदी

पाठकों की बात

हर सुबह एक सा सवेरा

हर सुबह एक सा... सवेरा कहां से लाऊं ? कभी सूरज धुंध के आगोश में होता है। तो कभी धुएं और धूल उसे घेरे होते हैं... मेरी समझ 5,10,20 पैसे सी जो की वक़्तन-फ़वक़्तन मिली आग में खर्च होती है। मुझे इतनी सलाहियत नहीं मिली की ज़ज्बातों को बारूद सा जमा कर पाऊं! वो तो सिर्फ़ थे 'गुबार' ना जानें कब लफ़्ज़ हो गए! **जय बरूआ**

अपना हो या गैर हो

अपना हो या गैर हो ,माँगें सबकी खैर। पड़ते नहीं ज़मीन पर,अब भक्तों के पैर। अब भक्तों के पैर ,अयोध्या की ओर मुड़े हैं। जाति-धर्म को छोड़,राम के भक्त जुड़े हैं। हुआ सभी का पूर्ण,राम मंदिर का सपना। जपो राम जय राम, मंत्र ये पावन अपना।। **डॉ बिपिन पाण्डेय**

ख़ास पाती

तुझमें सूरज सी गर्मी

तुझमें सूरज सी गर्मी, और चाँद सी शीतलता। अडिग हिमालय के जैसी, और नदी सी पावनता। तुझमें अर्पण,तुझमें समर्पण, धैर्य,धीरज,शालीलता। नारी तू अनेक रूपा। दुर्गा,सावित्री और सीता।।

डॉ.सविता वर्मा ग़ज़ल

जितना गहरा रात का काला रंग

जितना गहरा रात, का काला रंग होगा, आने वाला दिन भी उतना रंगीन होगा। सबसे अजीज है, मुझे वो सारे रतजगे, जो मैंने अपने दोस्तों से। कभी खुद से और कभी भगवान से, बाते करते हुए किये। जिन्होंने जिंदगी को, नई शक्ल अख्तियार करने में की मदद की अपनी अंधेरी चादर से खुशीयो के, उम्मीदों के निकालकर जुगनू, टांक दिए नजर में। हार की कालिमा मे भी कैसे मुस्कराओ, ये भी सिखाया है रात ने ही।

हेमा पांडेय

हां इन लबो पर आज भी तुम्हारी वो छुवन

हाँ.... इन लबों पर आज भी तुम्हारी वो छुअन बड़ी शिद्दत से महसूस करती हूँ ! सुनो... मैं आज भी तकती हूँ उन्हीं राहों को बेकरारी से... मेरे माथे को चूम जहाँ बोले थे ह्यह्यतुम... अब जाता हूँ ! **ममता लडीवाल**

कर लो खुद को तुम अपडेट

कर लो खुद को तुम अपडेट, आया दौर-ए-इंटरनेट।, गम औ दर्द के साए हैं खुशियों के पल वेटिंग गेट। मैसेंजर में दिल मिलते होते. चैट से इंटिमेट। फोटोशॉप में खिलते फूल होती खुश्बू डुप्लीकेट। न्यौता और बधाई सब वोटसप तक सीमित डिबेट। खोया प्रेम वो अपना पन ओनलाइन से सब डेसप्रेट। इंटरनेट से इललिटरेट खुद में तनुज है फेर्च्युनेट। **सतीश मैथिल तनुज**

फिर आकर चली गई वो शाम

फिर आकर चली गयी वो शाम आँखों ने कैलेंडर की तरफदेखा तक नही तारीखें अब दफ्न है जज्बातों के मिट्टी में दिल अब मेरा इतना बेखबर , ही सही .... **नीरज वर्मा नीर**

ह्यह्यह्यह्यह्यप्रेम और दया में बहुत फर्क

प्रेम और दया में बहुत फर्क है......... अपने आत्म-सम्मान को बनाये रखना .... किसी को अपनी जिंदगी में शामिल होने का न्योता तो देना ......लेकिन जबरदस्ती उसे अपनी जिंदगी में शामिल होने के लिए मजबूर मत करना।हर इंसान को अपनी मर्जी से जीने का हक़ है।भीख में मिले प्यार से जिंदगी नहीं गुजरती और आप कभी खुश नहीं रह पाओगे,,, **तनु देहलवी**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1867 में आज के दिन ही स्वेज नहर से पहला जहाज गुजरा था। 1878 में आज ही के दिन सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया था। 1882 में आज के दिन ही सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहला टेस्ट मैच खेला गया था। 1915 में आज ही के दिन महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया था। 1931 में आज के दिन ही वायसराय निवास में लॉर्ड इरविन ने गांधी जी का स्वागत किया था। 1933 में आज ही के दिन अमेरिका की साप्ताहिक पत्रिका 'न्यूजवीक' प्रकाशित हुई थी। 1947 में आज के दिन ही सोवियत संघ में 'वायस ऑफअमेरिका' का प्रसारण शुरू किया गया था। 1972 में आज ही के दिन ब्रिटिश संसद ने यूरोपीय समुदाय में शामिल होने का प्रस्ताव पारित किया था। 1979 में आज के दिन ही चीन की सेना ने वियतनाम पर हमला किया था। 1983 में आज ही के दिन नीदरलैंड ने संविधान को अंगीकार किया था। 2004 में आज के दिन ही फूलनदेवी हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त शमशेर सिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार हो गया था।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:07, सूर्यास्तः 06:15
चन्द्रोदयः 10:58, चन्द्रास्तः 25:19
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः शिशिर
शक सम्वतः 1945 (शोभकृत)
विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल)
मास माघ, पक्ष शुक्ल
तिथि अष्टमी, नक्षत्र कृत्तिका
योग इन्द्र
प्रथम करण वणिज (08:54 तक)
द्वितीय करण विष्टि (20:30 तक)
॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य कुम्भ, चंद्र वृष (14:01 से)
मंगल मकर (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
राहु मीन , केतु कन्या
शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 12:09 से 12:53
अमृत काल 30:22 से 07:58
विजय मुहूर्त 14:23 से 15:07
गोधूलि मुहूर्त 18:03 से 18:29
सायाह्न सन्ध्या 18:06 से 19:23
निशिता मुहूर्त 24:05 से 24:56
राहुकाल 09:00 से 10:30
राहुवास दक्षिण-पूर्व
यमगण्ड 15:18 से 16:42

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाँ भारत मार्ट का शिलान्यास किया है?

2) नए संसद भवन का निर्माण किस कंपनी ने किया है?

3) विश्व की पहली हवाई टैक्सी सेवा का शुभारंभ किस देश में किया गया है?

4) किस राज्य के काजी नेमू फल को राज्य के राजकीय फल के रूप में मान्यता दी गई है?

5) बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण मंदिर का उद्घाटन कहाँ किया गया है?



उत्तरमाला- (1) दुबई (2) टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (3) दुबई (4) असम (5) अबू धाबी

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज दिमाग से सभी प्रकार के डर को दूर करके ही लाभ पाया जा सकता है। दिन के आरंभ से मानसिक रूप से हल्कापन अनुभव करेंगे मन मे विचित्र ख्याल चलते रहेंगे।

वृष-आज के दिन परिस्थितियां विपरीत बनेगी पूर्व में बनाई योजना परिस्थिति वश अंत समय मे बदलनी पड़ेगी। जिस कार्य ने लाभ देख रहे थे वहां से लाभ तो होगा लेकिन आशा से बहुत कम।

मिथुन-आज का दिन सामाजिक एवं राजकीय कार्य के लिये अनुकूल है धन के साथ पद प्रतिष्ठा का भी लाभ मिलेगा।

कर्क- आज का दिन कार्य सिद्धि वाला रहेगा जिस भी कार्य को करेंगे उसमे परिस्थितियां स्वतः ही अनुकूल बनने लगेंगी आवश्यकता के समय सहयोग भी आसानी से मिल जाएगा।

सिंह-आज के दिन दैनिक कार्यो के अलावा धार्मिक कार्यो के लिये भी समय निकालेंगे परोपकार की भावना दिखावे की रहेगी दान पुण्य मतलब के लिये ही करेंगे।

कन्या-आज का दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। दिन के आरंभ से ही शारीरिक शिथिलता सभी कार्यो में बाधा डालेगी फिर भी जबरदस्ती करना बाद में महंगा पड़ेगा।

तुला-आज दिन के आरंभ से जिस कामना से कार्य करेंगे उसके मध्यान तक पूर्ण होने की संभावना है।

वृश्चिक-आज का दिन वृद्धिकारक रहेगा। जिस कार्य से कोई आशा नही रहेगी वहां से भी कुछ ना कुछ लाभ ही होगा।

धनु-आज आप स्वभाव से विवेक का परिचय देंगे इसके विपरीत घर का वातावरण बेवजह के झमेलों में डालेगा।

मकर- घर एवं बाहर की परिस्थितियां पल पल पर क्रोध दिलाएंगी इसलिये आज आपको अधिक से अधिक मौन रहने की सलाह है।

कुंभ-आज के दिन परिस्थिति कुछ एक बातो को छोड़ आपके अनुकूल रहेगी। दिन के आरंभिक भाग में थोड़ी उलझनों का सामना करना पड़ेगा।

मीना- कई दिनों से मन में चल रही कामना की पूर्ति आज होने से अकस्मात खुशी मिलेगी। कार्य व्यवसाय में भी उन्नति के योग है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -336

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 335 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च्च	ल	ना

न्यूज गैलरी

अवैध कब्जों पर चला बुडोजर

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद में अवैध कब्जों पर पालिका द्वारा बुलडोज़र चलाया गया। इसी कड़ी में वार्ड कं.10 शंकर नगर में खसरा कं. 202/1, रकबा 0.925 है. जो कि राजस्व रिकार्ड के अनुसार नोहरा प्रसाद कुर्रे पिता श्री बुधराम कुर्रे के नाम पर दर्ज हैं। उक्त भूमि में अवैध प्लाटिंग किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जितेन्द्र कुशवाहा , के निर्देश पर नगर पालिका के राजस्व शाखा द्वारा अवैध प्लाटिंग किये जाने हेतु निर्मित संरचना को नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

राशनकार्ड नवीनीकरण के 3.43 लाख आवेदन

दुर्ग। राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 फरवरी तक बढ़ाए जाने से बचे हुए सभी राशन कार्डधारियों को अपने राशन कार्ड नवीनीकरण कराने का एक और मौका मिला है। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। जिले में कुल 4 लाख 74 हजार 617 राशनकार्डधारी है। जिले में अब तक 3 लाख 43 हजार 112 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। वर्तमान में एक लाख 31 हजार 505 राशनकार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन नही किया है।

सफाई कार्य का निरीक्षण

जामुल। नगर पालिका क्षेत्र में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के कड़े निर्देश के बाद उच्च अधिकारियों ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया गौर तलब हो कि पूर्व में किये गये सफाई कार्य संतोष जनक नहीं था । जिसमें नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने काफी नाराजगी व्यक्त किया था और नगर पालिका के उच्च अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया था। जिसके बाद सफाई सुपरवाईजरों के साथ उप अभियंता विनोद कन्नौजिया ने वार्डों का सघन निरीक्षण किया और सफाई कार्यों पर लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी । साथ ही पालिका क्षेत्र में स्थापित मणिकंचन केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले स्वच्छता समुह के सदस्यों को समय पर कार्य में उपस्थित होने को कहा और निर्देश दिया कि घरो से एकत्रित कचरा को पृथक पृथक लेने कहा । निरीक्षण के दौरान सफाई दरोगा महेन्द्र परगनिहा, सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डे उपस्थित थे ।

19 से 22 तक प्राण प्रतिष्ठा

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य ब्रजेश बिचपुरिया के निवास कार्यालय में आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर विवेकानंद नगर कोहका भिलाई के आयोजन समिति के सदस्य 19 फरवरी से 21 फरवरी को होने वाले आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए उनको अतिथि के रूप में आमंत्रण देने पहुंचे साथ ही साथ उनके नवीन दायित्व के लिए भी समिति के सभी लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की और तीनों दिन कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना समय देने का आग्रह किया आयोजन समिति के प्रमुख एवं वरिष्ठ सदस्य गण सुभाष गुप्ता ,संजय सिंह,लक्ष्मी नारायण मदन राव, सुरेन्द्र साहू, धर्मेंद्र राजपूत, अनिमेष जाना, नारायण स्वामी, महिला शक्ति अर्चना गुप्ता, विनीता राजपूत, बिंदु साहू, तुलसी राव, मीनाक्षी साहू , काकाली जाना, मनीषा राव, नीतू नेमा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संघ चुनाव में मतदाताओं ने उत्साह के साथ किया मतदान

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्षीय कार्यकाल वाले प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए अधिवक्ता मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की कतारे लगी रही और उन्होंने उत्साह के साथ अपने मतदान का उपयोग किया।

मतदान के लिए ग्रंथालय भवन स्थित चुनाव कार्यालय में 6 बूथ बनाए गए थे। इसके अलावा सेल्फी जोन आकर्षण का केंद्र रहा। जहां अधिवक्ताओं ने मतदान उपरांत सेल्फी लेकर दूसरे अधिवक्ता मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित किया। मतदान के दौरान अधिवक्ताओं के उत्साह से जिला न्यायालय मेंगहमागहमी का आलम रहा। मतदान के निर्धारित अंतिम समय अनुसार शाम 5बजे तक कुल 1538 मतदाताओं में से 13 सौ 26 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया गया। जिसके अनुसार बूथ क्रमांक 1 में 232 मत, बूथ क्रमांक 2 में 239 मत, बूथ क्रमांक 3 में 233 मत, बूथ क्रमांक 4 में 229 मत, बूथ क्रमांक 5 में 225 मत और बूथ क्रमांक 6 में 170 मत पड़े। मतदान की प्रक्रिया संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी बृजेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। मतदान के दौरान विशेष उप मुख्य चुनाव अधिकारी मुरली मनोहर देवांगन, उप मुख्य चुनाव अधिकारी इसराईल शरीफ राजेश महाडिक, असीम कुमार सिंह, श्याम भगवान मिश्रा, हरेंद्र प्रसाद शाह, प्रकाश शर्मा के अलावा सहायक चुनाव अधिकारीगण व संघ के मीडिया प्रभारी दानिश परवेज व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। अधिवक्ता संघ के चुनाव में 8 पदाधिकारी पद और 6 कार्यकारिणी सदस्य पद समेत कुल 14 पदों के लिए 52 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। 8 पदाधिकारी पदों की मतगणना 17 को संघ के ग्रंथालय भवन स्थित चुनाव कार्यालय में किया जाएगा। इसी प्रकार 6 कार्यकारिणी सदस्य पद के मतों की गणना 18 को की जाएगी। मतगणना उपरांत परिणाम की अधिकृत घोषणा की जाएगी। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 5 प्रत्याशी कमल नयन चतुर्वेदी, कु.नीता जैन, गुलाब सिंह पटेल, चेतन कुमार तिवारी, शिवशंकर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी अनिल मसीह, अमित कुमार भट्ट, कृष्णराज चंदेल, प्रशान्त जोशी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला आरक्षित) पद हेतू 6 प्रत्याशी, सचिव पद हेतु 3 प्रत्याशी, सह सचिव पद के लिए 6 प्रत्याशी कोषाध्यक्ष पद हेतू 6 प्रत्याशी ग्रंथालय सचिव पद हेतू 2 प्रत्याशी सचिव पद हेतू 3 प्रत्याशी कार्यकारणी सदस्य के 5 पद हेतु 13 प्रत्याशी (महिला आरक्षित) स्थ्म पद हेतु 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

घर में लगी आग, दम घुटने से दंपत्ति की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड के एक मकान के कमरे में देर रात आग लग गई और घर में सोए पति व पत्नी की दम घुटने से मौत हो गई। मौके पुलिस पहुंची और तत्काल अग्निशमन दल को सूचना दी। घर में घुसे तो देखा दोनों पति व पत्नी बेहोश हालत में पड़े थे। दोनों को डायल 112 की मदद से अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। छावनी सीएसपी आशीष बंछोर ने बताया कि रात करीब 3 बजे की घटना है। हाउसिंग बोर्ड निवासी वर्गिस चेरियन (65 वर्ष) और पत्नी जाली चेरियन (60 वर्ष) दोनों घर में अलग-अलग कमरे में सोए थे। सामने वाले कमरे में कोई नहीं था। बेड पर रखें गद्दा में आग लग गई। गद्दा का धुंआ पूरे घर में भर गया। कमरों की खिड़कियां बंद थी। वेल्टिलेशन नहीं होने के कारण दोनों का दम घुट गया। अलग-अलग कमरे में सोए पति व पत्नी की मौत हो गई। जब बाहर के खिड़कियों का कांच टूटा और बाहर धुंआ निकलने लगा तब सुबह लोगों को पता चला। लगभग 8:30 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली। वर्गीस चेरियन के घर पर लगी आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीम तत्काल रवाना किया गया और वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने धुए से भरे कमरे के अंदर घुसकर दोनों को बाहर निकाला।

तालपुरी में लगी भीषण आग

तालपुरी कॉलोनी में रात करीब 9 बजे सुधांशु खंडेलवाल के घर में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाए जिला की टीम जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में रवाना की गई और आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार तालपुरी में सुधांशु खंडेलवाल के घर पर लगी आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीम तत्काल रवाना किया और कर्मियों ने आग पर क़ाबू पाया और अन्य की तरफ़ बढ़ाने से रोका।

पावरहाउस स्टेशन से हटा कब्जा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। केन्द्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत रेल्वे प्रशासन द्वारा प्रस्तावित पावर हाउस रेल्वे स्टेशन के सौदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण में बाधक बन रहे स्टेशन के सामने अनियमित रूप से लगाए 14 ठेला, गुमटी को निगम ने पुलिस प्रशासन एवं रेल्वे अधिकारियों की उपस्थिति में बेदखल किया। पावरहाउस रेल्वे स्टेशन में जीई रोड की ओर स्टेशन पहुॅच के रास्ते में अनियमित लगाये गये ठेले, गुमटी, टीनटप्पर से निर्मित दुकानों को बेदखल किया गया है। जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ने बताया कि रेल्वे स्टेशन पावर हाउस के सौंदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण हेतु रेल्वे प्रशासन ने निगम को उक्त स्थल को रिक्त करवाकर सौंपने पत्र दिया था, जिस पर निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कार्यवाही कर बेदखली किये जाने के आदेश दिए थे जोन-3 कार्यालय द्वारा स्टेशन गेट पर लगे दुकानदारो को नोटिस देकर स्वयं से अपने कब्जे को हटाने कहा था। नोटिस की समय सीमा समाप्त होते ही जोन-3 का राजस्व अमला पुलिस व रेल्वे के अधिकारियो के साथ दो जेसीबी लेकर मौके पर पहुँची निगम प्रशासन ने सबसे पहले अवैध रूप से चल रहे सायकल स्टेण्ड के घेरा तथा कमरे को ध्वस्त किया कार्यवाही को देखकर अन्य ठेला, गुमटी संचालक अपने दुकान से सामान हटाना प्रारंभ किये। दुकान खाली होते ही सभी ठेला, गुमटी को चैन से बांध कर जेसीबी द्वारा स्थल से बेदखल किया गया। कार्यवाही में व्यापारियों का तथा आम नागरिको का सहयोग प्रशंसनीय रहा। इस दौरान तहसीलदार गुरूदत्त पंचभाई, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, छावनी सीएसपी आशीष बंछोर, सहायक राजस्व अधिकारी, छावनी थाना टीआई मौजूद थे।

महोत्सव में होगा प्रदेशभर के कलाकारों का जमावड़ा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। गुरु घासीदास कला एवं साहित्य विकास समिति के द्वारा गनियारी लोक कला महोत्सव का आयोजन 17 एवं 18 फरवरी को किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं नगर निगम भिलाई चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि यह महोत्स विगत 14 वर्षो से आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ लुप्त होती छग की लोक विधाओं को जीवित रखना है। 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे इस महोत्सव का शुभारंभ होगा। प्रथम दिवस पारस बोध सतनाम चौका पार्टी ओखर, जय सरस्वती संगम रामधुनी मंडली, संदेसिया सतनाम पंथी पार्टी, श्री कृष्ण फाग मंडली गातापार, कहीं देबे सुवा ला संदेश सहसा पलारी, रामदरिया दिनेश वर्मा एवं खिलेश यादव, तारा कुलकर्णी सतनाम भजन एवं लोक छाया श्रीमती छाया चंद्राकर की प्रस्तुति होगी। द्वितीय दिवस 18 फरवरी को सुनील सोनी नाइट सहित अन्य की रंगारंग प्रस्तुति होगी। समारोह के मुख्य अतिथि डोमनलाल कोर्सेवाडा (विधायक अहिवारा), अध्यक्षता पद्मश्री डॉ आरएस बारले, विशिष्ट अतिथि सीता साहू, इंद्रजीत सिंह छोटू, अशोक अग्रवाल, पंकज सिंह जी होंगे। समापन एवं सम्मान समारोह के अतिथि चैतन्य बघेल, अध्यक्षता राजेंद्र साहू प्रदेश महामंत्री, कृष्णा चंद्राकर, सभापति भिलाई चरोदा, सुजीत बघेल, संयुक्त महामंत्री, सुरेश सिंघानी के आतिथ्य में संपन्न होगा।

आचार्य शर्मा की कृति पर समीक्षा संगोष्ठी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुस्तकों पर कम चर्चाओं के इस दौर में आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा की आठवीं पुस्तक गागर में सागर पर समीक्षा संगोष्ठी विशेष प्रसंग है। वास्तव में इस के पीछे लेखक का कृतित्व और व्यक्तित्व है। डॉ. शर्मा संस्कृत और संस्कृति के महत्त्वपूर्ण चिन्तक हैं।उनका पूरा जीवन साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और लेखन को समर्पित है। उनके अनुभव का निचोड़ उनके लेखन में सहज ही उपलब्ध है। लेखन जैसे बड़े काम के लिये बड़े से बड़ा और छोटे से छोटा होना पड़ता है। आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा में भी ये गुण है। ये विचार हैं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित छग के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा के। डॉ. वर्मा आचार्य शर्मा की 8वीं पुस्तक गागर में सागर की समीक्षा संगोष्ठी में मुख्य अतिथि ने साहित्य प्रेमियों को संबोधित कर रहे थे। साहित्य सृजन परिषद्, भिलाई द्वारा आयोजित उक्त संगोष्ठी में प्रसिद्ध कथाकार डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि पं. शर्मा ने गागर में सागर की रचना पं.विष्णुशर्मा के पंचतन्त्र से प्रेरणा लेकर की है। वीणापाणि साहित्य समिति अध्यक्ष एवं कवि प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम में अध्यक्ष की आसंदी से कहा कि ये पुस्तक नीतिपरक और मार्गदर्शी ललित निबन्धों से सम्पन्न है। पुराने गहन चिन्तन परक सूत्रों में वर्तमान त्रासदियों को सुलझाने की क्षमता है। पुस्तक में कोरे उपदेश नहीं, अपितु सात्विक जीवन जीने की कला है। गहन चिन्तन परक आलेखों में प्रामाणिक और वैज्ञानिक तथ्यों का सम्प्रेषण है। प्रोफ़ेसर डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने अपने समीक्षात्मक आलेख में बताया कि शब्द शास्त्री डॉ महेशचन्द्र की यह अनमोल कृति है। डॉ.शर्मा मूर्धन्य विद्वान् और बौद्धिक जगत् के सशक्त हस्ताक्षर हैं। इस अनुपम कृति में उन्होंने 108 निबन्धों में युवाओं का सन्मार्गदर्शन किया है।

सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ कथा शुरु

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सनातन धर्म प्रचार परिषद द्वारा 16 से 24 फरवरी तक राजधानी रायपुर के लाखे नगर स्थित हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक अनुष्ठान व श्रीमद भागवत कथा सत्संग का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य शोभा यात्रा से शुरु हुआ। इस अवसर पर 51 सौ महिलाओं ने दोपहर 12 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली। इसके बाद दोपहर 3 बजे से प्रतिदिन भागवत कथा होगी। भागवत कथा का संगीतमय वाचन संजीव नयन महाराज व राजीव नयन महाराज द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर दुर्ग संभाग के श्रध्दालुओं में भारी उत्साह है। परिणाम स्वरुप पूजन अभिषेक अनुष्ठान के साथ

कथा वाचन का लाभ लेने भारी संख्या में श्रद्धालुगण परिवार सहित रायपुर पहुंच रहे है। श्रद्धालुओं का ध्यान रखते हुए राजधानी रायपुर के बीचो बीच यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए एक विशाल डोम मैदान के बीचों बीच तैयार किया गया है। राज्य की सुख शांति व समृध्दि के लिए पहली बार सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। राजीव नयन व संजीव नयन महाराज दुर्ग में भी भागवत कथा का संगीतमय वाचन कर चुके है।

न्यायालय तहसीलदार भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेघा कोसरे पति सतीष कोसरे पिता छत्रपति बोरकर निवासी रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 स्थित भूमि खसरा नंबर 5243/5 रकबा 0.03 हे. भूमि आवेदक के माता कमल बोरकर पति छत्रपति बोरकर के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 04.03.2024 तक याा उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.02.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनीष कुमार ताम्रकार पिता भागवत ताम्रकार निवासी ग्राम शंकरनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1277/74 रकबा 0.009 वर्गफीट भूमि को विक्रेता विनायक मेश्राम पिता देवाजी मेश्राम निवासी ग्राम जागृति चौक दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.01.2024 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीनेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता दशवंतलाल सूर्यवंशी निवासी कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/261 रकबा 0.044 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता श्रीमती जुगलबाई के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 27.01.2014 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202402101000029 /अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम.ए.एन. मूर्ति आ. स्व. एम. वेंकट रमणा निवासी रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 स्थित भूमि खसरा नंबर 4764 रकबा 0.020 हे. भूमि आवेदक के माता एम. पुष्पा देवी पति वेंकट रमणा के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.02.2024 तक याा उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.02.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील धमधा प.ह.न. 00023 दारगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 20232443021100015

तहसील धमधा के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम दारगांव के वर्तमान भूमिस्वामी साधूराम मनहरण द्वारिका शांति जानकी मालती सातो पिता/पति भुखऊ देवारिन बे भुखऊ पता दारगांव, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 361(0.4000), 836/4(0.1300), 518/2 (0.2600), 1973/2(0.3600), 487/2 (0.1000), 1581/2 (0.0500), 611/2 (0.1000), 1980/2 (0.0700), 611/3 (0.1200), 823/2(0.2000), 82 (0.5700), 836/3 (0.2400), 406/2 (0.5700), 896/2 (0.0700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता लीलाबाई पिता/ पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, मनहरण पिता/ पति भुखऊ देवांगन पता दारगांव, कांतिबाई पिता/ पति रामायण देवांगन पता दारगांव, सातो उर्फ सोना पिता/ पति भुखऊ देवांगन पता दारगांव, राज देवांगन पिता/ पति रामायण देवांगन पता दारगांव, जानकी पिता/पति भुखऊ देवांगन पता दारगांव, दुलारीबाई पिता/ पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, मालती पिता/पति भुखऊ देवांगन पता दारगांव, द्वारिका पिता/पति भुखऊ देवांगन पता दारगांव, रामप्यारी पिता/ पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, देवारिन पिता/पति भुखऊ देवांगन पता दारगांव, रामचरण पिता/पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, शांति पिता/ पति भुखऊ देवांगन पता दारगांव, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील धमधा प.ह.न. 00023 दारगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 20232443021100016

तहसील धमधा के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम दारगांव के वर्तमान भूमिस्वामी साधूराम पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, मनहरण पिता/ पति भुखऊ पता दारगांव, द्वारिका पिता/पति भुखऊ पता दारगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 824/2(0.4000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामप्यारी पिता/पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, लीलाबाई पिता/पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, कांतिबाई पिता/पति रामायण देवांगन पता दारगांव, रामचरण पिता/पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, द्वारिका पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, राज देवांगन पिता/पति रामायण देवांगन पता दारगांव, दुलारी बाई पिता/पति साधूराम पता दारगांव, मनहरण पिता/पति भुखऊ पता दारगांव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील धमधा प.ह.न. 00023 दारगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 20232443021100017

तहसील धमधा के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम दारगांव के वर्तमान भूमिस्वामी साधूराम पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, मनहरण पिता/ पति भुखऊ पता दारगांव, द्वारिका पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, जानकी पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, शांति पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, सोना पिता/ पति भुखऊ पता दारगांव, देवरिन पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, मालती पिता/पति भुखऊ पता दारगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 142 (0.0700), 311(0.3600), 522 (0.0900), 547(0.3200), 61 (0.6000), 1583(0.0100), 774 (0.6000), 108(0.1200), 1728 (0.4200), 90(0.4200), 1724 (0.6500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मालती पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, कांतिबाई पिता/पति रामायण देवांगन पता दारगांव, देवरिन पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, दुलारीबाई पिता/पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, सोना पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, राज देवांगन पिता/पति रामायण देवांगन पता दारगांव, रामप्यारी पिता/पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, मनहरण पिता/ पति भुखऊ पता दारगांव, लीलाबाई पिता/पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, जानकी पिता/पति भुखऊ पता दारगांव, रामचरण पिता/पति साधूराम देवांगन पता दारगांव, शांति पिता/ पति भुखऊ पता दारगांव, द्वारिका पिता/पति भुखऊ पता दारगांव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 11/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदिका श्रीमती उषा गुप्ता पति रविशंकर गुप्ता निवासी वेलबाग तिराहा जबलपुर म.प्र. द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/666 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि धारक गणेश सीताराम गुप्ता आ. स्व. सीताराम गुप्ता के मालिकाना हक में स्थित है। धारक गणेश सीताराम की मृत्यु दिनांक 01.02.2023 को हो चुकी है। धारक द्वारा अपने जीवनकाल में आवेदिकागण के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 05.01.2018 को निष्पादित किया है। आवेदिकागण द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्तिया हो तो प्रकरण की सुनवाई 06.03.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- भिलाई-3 प.ह.न. 00011 जंजगिरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.टी. 202324430416300008

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00011 के अंतर्गत ग्राम जंजगिरी के वर्तमान भूमिस्वामी सुनील कुमार भटनागर पिता/पति मदनगोपाल पता पंडरीतराई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 419/47 (0.0050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता मोनिका भटनागर पिता/पति मदनगोपाल भटनागर पता ई-8 मिनल अन्क्लावे गुलमोहन अरेरा कालोनी हुजुर भोपाल मप्र, हरीश भटनागर पिता/पति मदन गोपाल भटनागर पता तेलीबांधा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार उपतहसील भिलाई-3(छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 51/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदक अनुज कुमार जैन आ. रमेश कुमार जैन निवासी खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल शीट क्रं. 45 बी प्लाट नं. 38/11 रकबा 36.27 वर्गमीटर भूमि धारक श्रीमती तुलसी पति रमेश कुमार जैन निवासी खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक श्रीमती तुलसी की मृत्यु दिनांक 08.10.2020 को हो चुकी है। मृतक धारक द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 25.07.2020 को अपने पुत्र आवेदक अनुज कुमार जैन के पक्ष में उक्त भूखण्ड का अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। वर्तमान में मृतक धारक के नाम पर नजूल अभिलेख में शीट क्रं. 45 बी प्लाट नं. 38/11 रकबा 5.88 वर्गमीटर दर्ज है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड क्षेत्रफल 5.88 वर्गमीटर से मृतक धारक का नाम विलोपित कर वसीयतनामा के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्तिया हो तो प्रकरण की सुनवाई 22.02.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.02.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अंकुश कुमार चौहान पिता श्री राजकिशोर चौहान, निवासी-216 इंदिरा नगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने भूमिस्वामी ए. आनंद पिता श्री ए. राजरत्नम निवासी कोडुरु ए.पी. आंध्र प्रदेश के हक व स्वामित्व की भूमि मौजा शांतिनगर कोहका भिलाई प.ह.न. 14/19 तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित खसरा नं. 337/24 का टुकड़ा रकबा 30x50 बराबर 1500 वर्गफीट वर्तमान खसरा नं. 7101/3 को राजस्व अभिलेख के नक्शे के अनुसार क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तय कर लिया है एवं बयाना की राशि अदा कर दिया है अब मात्र विक्रय बयनामा का पंजीयन कराया जाना शेष है उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, साहूकार, रिश्ते-नातेदार व अन्य किसी को भी कोई आपत्ति या उजर है वह इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से एक सप्ताह के भीतर मय प्रमाणित दस्तावेज के साथ उजर या दावा कर सकता है, म्याद पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति, उजर या दावा मान्य नहीं होगा व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रोहित देवांगन, अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.), मो. 9300602536

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती रुपाली शर्मा पिता श्री किशोर कुमार शर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी म.न. 09 वार्ड नं. 21 हनुमान मंदिर के पास हनुमान नगर दुर्ग नगर तह. व जिला दुर्ग की निवासी हूं मेरे कक्षा 10 वीं के स्कूल अंकसूची पर मेरे पिताजी का नाम अंग्रेजी में (HAV KISHORE KUMAR SHARMA) एवं मेरी माता का नाम अंग्रेजी में (CHAMPESWARI SHARMA) दर्ज है। यह कि मेरे अन्य शैक्षणिक अंकसूची पर मेरे पिताजी का नाम अंग्रेजी में (KISHORE KUMAR SHARMA) एवं मेरी माता का नाम अंग्रेजी में (CHAMPESWARI SHARMA) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के स्कूल अंकसूची पर मेरे पिताजी का नाम अंग्रेजी में (KISHORE KUMAR SHARMA) एवं मेरी माता का नाम अंग्रेजी में (CHAMPESWARI SHARMA) दर्ज करवाना चाहती हूं। यह कि उपरोक्त बातो की सत्यता के प्रमाण में शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोद्य के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती रुपाली शर्मा

नाम-परिवर्तन

मैं पी.सुम पिता स्व. ए.कृष्ण मूर्ति निवासी म.न. 1/डी सड़क 11 खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग का निवासी हूं। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र में विभाग एस.पी.-3 में एम.ओ.पी.टी. के पद पर कार्यरत् हूं। मेरा पर्सनल नं. 155708 है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम पार्वती सुम (Parvati Sum) लिखा हुआ है। मेरे नाम पर बना आधार कार्ड क्र. 3943 3417 1492 एवं पेनकार्ड क्रं. ATVPS9580M बना हुआ है उक्त दोनों में मेरा नाम पी. सुम (P. Sum) लिखा हुआ है। जो कि मेरा सही नाम है। यह कि पी. सुम (P. Sum) एवं पार्वती सुम (Parvati Sum) दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामो से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा में एक ही व्यक्ति हूं। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम पी.सुम (P. Sum) सुधार कराना चाहता हूं अत: यह शपथपथ अपना नाम पार्वती सुम (Parvati Sum) के स्थान पर पी. सुम (P. Sum) सुधार कराने हेतु राजपत्र में प्रकाशन करने के लिए सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता पी.सुम (P. Sum)

नाम-परिवर्तन

मैं नरेश कुमार पिता श्री अमृलाल ठाकुर निवासी क्वा.नं. 9/सी, ई पाकेट मरौदा सेक्टर भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग का निवासी हूं जो कि निम्न अभिकथन शपथपूर्वक पेश करता है। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं सीसीडी विभाग में ओ.सी.टी. के पद पर कार्यरत् हूं। मेरा पर्सनल नं. 403486 है। यह कि मेरी पुत्री का नाम मेरे सर्विस रिकार्ड में निष्ठा ठाकुर (NISHTHA THAKUR) दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड एवं स्कूल रिकार्ड में उनका नाम तनिसि ठाकुर (TANISI THAKUR) दर्ज है। मैं अपने पुत्री का नाम अपने सर्विस रिकार्ड में निष्ठा ठाकुर के स्थान पर उनका सही नाम तनिसि ठाकुर (TANISI THAKUR) सुधार कराना चाहता हूं। मेरी पुत्री तनिशि ठाकुर की जन्म तिथि 01.10.2011 है। यह कि तनिसि ठाकुर (TANISI THAKUR) एवं निष्ठा ठाकुर (NISHTHA THAKUR) दोनों नाम मेरे उक्त पुत्री के ही है। यह शपथ पत्र अपनी पुत्री का अपने सर्विस रिकार्ड में निष्ठा ठाकुर के स्थान पर सही नाम तनिसि ठाकुर (TANISI THAKUR) सुधार कराने के लिए राजपत्र में प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता नरेश कुमार

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार श्रीमती गुरमीत कौर विज जौजे गुरमीत सिंह विज, निवासी-24 अमर कुंज आशीष नगर पश्चिम रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने सोनल जैन आ. संजीव कुमार जैन, निवासी मकान नं. बी/3 सड़क नं. 08 आशीष नगर पश्चिम रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के हक, स्वामित्व व कब्जे की सम्पत्ति जो रिसाली प्रगति नगर वार्ड क्रमांक 01 आशीष नगर पश्चिम तह. व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित गोल्डन गैलेक्सी अपार्टमेंट ए के अंतर्गत फ्लैट बी-2 एवं 3 प्रथम तल जिसका क्षेत्रफल 656 वर्गफीट एवं 641 वर्गफीट खसरा नं. 431/26 में स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा किया है तथा विक्रेता सोनल जैन ने हमारे पक्षकार से अग्रिम राशि प्राप्त कर उपरोक्त सम्पत्ति का भौतिक कब्जा भी दे दिया है, अब केवल विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराना शेष है। अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय आदि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व, आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर हमारे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत उपरोक्त भूमि का पंजीयन हमारे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा, तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। तद्नुसार सूचना जाने।

शोकी अशोक यादव, अदिति यादव, सरोज लाल, चमन प्रकाश लहरे, राहुल ठाकुर अधिवक्तागण, अशोक यादव एण्ड एसोसिएट्स एल.एल.पी. बस स्टैण्ड बीएम वाय चरोदा जिला दुर्ग (छ.ग.) मो. 7898023555

NAME CHANGE

I swear, Bindu Pyarelal Sahu, husband Shri Pyarelal Sahu, age 42 years, resident of Jati Teli, M.No. 38/ G Bajrang Para Kohka Y 8 Bhilai Supela Teh. And district Durg Chhattisgarh. I am a resident of. Before my marriage, my name (BINDU) father (TAMRADHWAJ) is recorded in my class 10th mark sheet. In the Aadhar card number 7454 3825 1120 issued in my name, after my marriage, my name is registered as Bindu Pyarelal Sahu (BINDU PYARELAL SAHU), husband Mr. Pyarelal Sahu, that is, Bindu is my name and the name of my husband Mr. Pyarelal Sahu is combined with the name Ray. Tax has been filed. Which is true and correct. That my name (BINDU PYARELAL SAHU) and my father's name (TAMRADHWAJ SAHU) are recorded in my issued PAN card number JXVPS2338C. That (BINDU) and Bindu Pyarelal Sahu (BINDU PYARELAL SAHU) are the same woman i.e. my own name. I am submitting an affidavit to get the surname (SAHU) deleted from my father's name (TAMRADHWAJ SAHU) and in future I will not submit an affidavit to get my father's name corrected in any of my documents. I want to get the surname Sahu (SAHU) recorded along with my father's name (TAMRADHWAJ SAHU) recorded in my PAN card deleted and my father's name (TAMRADHWAJ) recorded in my class 10th mark sheet deleted, which is true and correct. For the publication of which this affidavit is presented before Mr. Competent Authority.

sworn

न्यूज गैलरी

नगरी में दो दिनी मड़ई आज से

नगरी/नवप्रदेश। नगरी में मड़ई का दो दिवसीय आयोजन 17 एवं 18 फरवरी को रखा गया है। आयोजकों ने मड़ई की तैयारी पूरी कर ली है। अनेक स्थानों के देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया है।देव विग्रह के प्रति लोगों में कौतूहल देखने को मिलता है।लोगों के मनोरंजन के लिए मीना बाजार एक सप्ताह पूर्व से सजकर तैयार है।इस अवसर पर आयोजक नगर व्यवस्था समिति तथा श्री राम नव युवक परिषद के द्वारा 17 फरवरी दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ का ख्याति प्राप्त नाचा मयारू मोर लाटाबोड़ जिला बालोद का आयोजन किया गया है। एक लंबे अंतराल के बाद नगरी में नाचा कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।इस कारण छत्तीसगढ़ के इस ख्याति प्राप्त नाचा पार्टी के प्रति लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। श्रीराम नव युवक परिषद नगरी के सचिव नरेश छेदैहा ने बताया कि पद्मश्री डोमार सिंह साहू कृत इस नाचा पार्टी द्वारा राष्ट्रीय कौमिक डाकू सुल्ताना का धमाकेदार प्रदर्शन होगा। आकाशवाणी, दुरदर्शन तथा फिल्मी कलाकारों से सुसज्जित यह कार्यक्रम हंसी मजाक तथा शिक्षा से भरपूर है।यह नाचा पार्टी मुलरूप में हंसी मजाक और हास्य व्यंग के माध्यम से गंभीर समाजिक समस्याओं को सामने रखता है।

पीएम विश्वकर्मा योजना का जिला स्तरीय कार्यशाला 19 को

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का जिला स्तरीय कार्यशाला 19 फरवरी को जिला मुख्यालय स्थित सांस्कृति भवन सिविल लाईन में आयोजित किया जायेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताय कि पूर्व में यह कार्यशाला जिला पंचायतत सभा कक्ष में आयोजित किया गया था। जिसका स्थान परिवर्तित किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत शिल्पकारों, कारीगरों तथा संबंधित समूहों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों को नियत तिथि, समय एवं निर्धारित स्थल में उपस्थित होने कहा गया है।

जिला स्तरीय राजस्व शिविर आज

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में राजस्व संबंधी कार्यों के सुचारू रूप से समुचित क्रियान्वयन एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय गरियाबंद में शनिवार 17 फरवरी को कार्यालयीन समय पर किया जायेगा। एसडीएम विशाल महाराणा ने बताया कि इस शिविर में राजस्व अधिकारियों द्वारा नामांकन, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपर्तन, किसान-किताब, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रकरणों के निराकरण किया जाएगा। उन्होंने लोगों को शिविर में आने का आग्रह किया है।

क्रमांक- 1045/सिदार

एसपी ने प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को दिए सफलता के टिप्स

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पुलिस ने एक अच्छी पहल करते हुए युवाओं को पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक और बौद्धिक तौर पर मजबूत करने का बीड़ा उठाया हैं। बेमेतरा पुलिस युवाओं को जिला पुलिस बल एवं भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर में भर्ती होने के लिए शारीरिक और लिखित परीक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां युवा रोज सुबह से ही पसीने बहा रहे हैं, ताकि क्षेत्र के युवा पुलिस एवं अग्निवीर सेना में भर्ती होकर अपने माता पिता और जिलें का नाम रोशन कर सकें। बेमेतरा पुलिस प्रशासन ने अभिनव पहल उड़ान शुरू की है। छत्तीसगढ़ में पुलिस में भर्ती और भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर की भर्ती के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी हैं, उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण से नवयुवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनेंगे। इससे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के सफलता में सहयोग मिलेगी।

आज 16 फरवरी शुक्रवार को सुबह जिलें के नये पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने रक्षित केन्द्र बेमेतरा पहुचें, जहां उन्होंने पुलिस एवं अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं विषम परिस्थितियों में अपनें नैतिक बल ऊंचा रखना, परिस्थितियों से लडने के लिए कई उदाहण प्रस्तुत कर टिप्स दिये। मेहनत और पूरी लगन-निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा युवाओं को आगे बढ़ने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सकारात्मकता और मेहनत युवाओं के लिए सफलता की कुंजी है। आपको हर चुनौतियों पर विजय पाते हुए अपनी सकारात्मकता को बनाए रखना है। कठिन परिस्थितियों से निकलने और अपनी मंजिल को पाने के टिप्स भी दिए और अपने अनुभव भी साक्षा किये। युवाओं की जोश को देखकर एसपी हुए गदगद तथा एसपी को अपने बीच पाकर युवाएं गदगद हुए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने रक्षित केन्द्र बेमेतरा में स्टोर शाखा, शास्त्रागार, केंटीन तथा पुलिस कालोनी परिसर का जायजा कर रख रखाव व साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा एक खाली बडा सा जगह को खेल मैदान बनाने निर्देशित किया गया।

इस दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया।

ऋण प्रकरणों पर समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में कलेक्टोरेट कार्यालय के दृष्टि सभाकक्ष में शुक्रवार को देर शाम जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरिक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधीश ने कहा कि शासन की योजना के तहत विभागों द्वारा बैंक को प्रेषित ऋण प्रकरणों पर समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि वे केंद्र और राज्य शासन के अंतर्गत गरीब और कमजोर वर्गो के लिए संचालित की जा रही योजनाओं के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के साथ उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने की दिशा में काम करे। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडा पर चर्चा की गई जिसमे पिछली (36 वी) जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिती बैठक की कार्यवाही बिन्दुओं पर चर्चा, जिले में कार्यरत बैंकों की सितंबर एवं दिसंबर 2023 तिमाही की समीक्षा एवं बैंकों का ऋण जमा अनुपात शासकीय योजनाओं की सितंबर एवं दिसंबर 2023 तिमाही की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत बैंक लिकेज की समीक्षा, महा प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र बेमेतरा/खादी ग्रामोद्योग की प्रगति पर समीक्षा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना की प्रगति पर समीक्षा, अन्त्यावसायी एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के कार्यों की समीक्षा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना योजना की समीक्षा, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की समीक्षा, जिलें में वित्तीय साक्षरता एवं आधार सीडिंग, किसानों की आय वर्ष 2023-24 तक दोगुना किये जान, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत पशु पालन एवं मत्स्यपालन की साख उपलब्धता वार्षिक साख योजना 2023-24 की प्रगति और वार्षिक साख योजना 2024-25 के अनुमोदन एवं कृषि अवसंरचना निजि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के त्वरित स्वीकृति एवं वितरण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शासकीय योजना अंतर्गत लक्ष्य एवं ऋण वितरण की समीक्षा, पशुपालन एवं उद्यानिकी, मत्स्य विभाग अंतर्गत प्रकरणों की समीक्षा, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसानों की आय को दोगुना करने, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना और वित्तीय साक्षरता, पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा की गई। बैठक में खादी ग्रामोद्योग, व्यापार एवं उद्योग, अंत्याव्यवसायी सहित विभिन्न विभाग के स्वीकृति, वितरण एवं लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा की गई।

करियर पॉइंट नेशनल स्कूल में तरंग, बच्चों ने दी प्रस्तुति

- **नर्सरी से 12 वीं तक के छात्र हुए शामिल**

भटगांव/नवप्रदेश। करियर पॉइंट नेशनल स्कूल भटगांव के वार्षिकोत्सव मे सांस्कृतिक कार्यक्रम तरंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि योगेश्वरी शैलेष साहू, शेखर साहू, जीतेन्द्र दास वैष्णव, डायरेक्टर प्रियंका चौहान एवं प्राचार्य चौहान के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई। इसके बाद नर्सरी से 12 वीं तक के बच्चों ने राम आएंगे गीत की प्रस्तुति दी।

अतिथि भुनेश्वर साहेब और सुमित दास महंत ने अंग्रेजी में उद्बोधन देकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव, डॉ. निधि वैष्णव, व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, अधिवक्ता फिरत लाल खटकर, पत्रकारों संदीप पटेल योगेश देवांगन, बसंत सोनी, अंकित मानिकपुरी, जय मानिकपुरी, एच. डी. महंत एवं स्कूल समन्वयक विजय साहू मौजूद थे। कार्यक्रम में छात्रों को उनकी प्रस्तुति देखकर नगद पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान 40 कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। रात 10.30 बजे तक कार्यक्रम देखने के लोग मौजूद थे। .पालकों एवं बच्चों के लिये सेल्फीजोन भी बनाये गये थे जहाँ पालक एवं बच्चें अपने फैॅमिली के साथ सेल्फी लेते नज़र आये। .मंच संचालन रमेश कुर्रे एवं रमेश विभार तथा बच्चों मे दीपिका साहू, हर्ष साहू व साक्षी साहू ने किया। .इसको सफल बनाने में डायरेक्टर प्रियंका चौहान, प्रिंसिपल नरेश चौहान, ऑफिस इंचार्ज अंजलि कुर्रे सहित टीचिंग स्टॉफ वाईस प्रिंसिपल रमेश विभार,रमेश कुर्रे,देवानंद साहू,देवानंद चौहान,लीलाधर कुर्रे, सुरेंद्र भारती, गजानंद साहू, प्रकाश नारंग, भारती आदित्य, संध्या साहु, रश्मि देवांगन, प्रीति देवांगन, हेमलता पटेल, मीनाक्षी साहू, ममता केसरवानी, निधि पटेल, कृष्णा साहू,सेवती साहु, रेशमा मानिकपुरी एवं नॉन टीचिंग स्टॉफ लक्ष्मी धीवर एवं सुनीता धीवर एवं स्कूल के सभी बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

धूमधाम के साथ मनाया गया बसंत पंचमी

कुरूद/नवप्रदेश। नगर सहित अंचल में धूमधाम के साथ बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर घरों में भी ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा आराधना की गई।इसी तरह मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में बच्चों ने अपने माता-पिता का तिलक वंदन कर आरती उतार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। हिंदू धर्म में वसंत पंचमी मनाने को लेकर कई मान्यताएं हैं। माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को देवी मां सरस्वती का अवतरण हुआ था। इसलिए इस दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। देवी सरस्वती का जन्म वसंत पंचमी को हुआ था, इसलिए उस दिन उनकी पूजा की जाती है, और इस दिन को लक्ष्मी जी का जन्मदिन भी माना जाता है, इसलिए इस तिथि को श्री पंचमी भी कहा जाता है। वसंत पंचमी पर, वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा और प्रार्थना का बहुत महत्व है। आज मातृ पितृ दिवस भी है,जो कि हमें अपने-अपने माता पिता के प्रति समर्पित रहने और उनके बताए गए मार्ग पर चलने और अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरणा देती है।

बसंत पंचमी या श्री पंचमी हिन्दू त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन पीले वस्त्र धारण करते हैं। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है, तो पुराणों-शास्त्रों तथा अनेक काव्यग्रंथों में भी अलग-अलग ढंग से इसका चित्रण मिलता है। वसंत ऋतु का स्वागत करने के लिए माघ महीने के पाँचवे दिन एक बड़ा जशन मनाया जाता था जिसमें विष्णु और कामदेव की पूजा होती हैं। यह वसंत पंचमी का त्यौहार कहलाता था।उपनिषदों की कथा के अनुसार सृष्टि के प्रारंभिक काल में भगवान शिव की आज्ञा से भगवान ब्रह्मा ने जीवों, खासतौर पर मनुष्य योनि की रचना की।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कांग्रेस के पास ...

जाता था। जब बिजली आती भी थी, तो बहुत कम समय के लिए आती थी। करोड़ों गरीब परिवारों के घर में तो बिजली कनेक्शन ही नहीं था।

श्री मोदी ने कहा जब मोदी आपको दी गई गारंटियां पूरी करता है, तो कुछ लोगों की नींद उड़ जाती है। आप कांग्रेस की स्थिति देख रहे हैं। आपने हाल में ही कांग्रेस को सबक सिखाया है। लेकिन ये मानते ही नहीं। आज भी इनका एक ही एजेंडा है- मोदी को गाली दो। जो भी मोदी को जितनी ज्यादा गाली दे सकता है, उसे कांग्रेस उतना ही जोर से गले लगाती है। ये विकसित भारत का नाम तक नहीं लेते- क्योंकि मोदी इसके लिए काम कर रहा है। ये मेड इन इंडिया से बचते हैं- क्योंकि मोदी इसे बढ़ावा देता है। ये वोकल फॉर लोकल नहीं बोलते- क्योंकि मोदी इसके लिए आग्रह करता है। जब भारत, पांचवें नंबर की आर्थिक ताकत बनता है- तो पूरे देश को खुशी होती है लेकिन कांग्रेस के लोगों को खुशी नहीं होती। जब मोदी कहता है कि अगले कार्यकाल में भारत, दुनिया की तीसरे नंबर की ताकत बनेगा। तब भी पूरा देश आत्मविश्वास से भर जाता है लेकिन कांग्रेस के लोग इसमें भी निराशा ढूंढते हैं। मोदी कुछ भी कहे, मोदी कुछ भी करे, ये उसका उल्टा कहेंगे, उल्टा करेंगे। चाहे इसमें देश का भारी नुकसान ही क्यों न हो।

'कांग्रेस के बैंक ...

ख़िलाफ़ पुरज़ोर तरह से लड़ेंगे।श्री गांधी ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा, डरो मत मोदी जी, कांग्रेस धन की ताकत का नहीं, जन की ताकत का नाम है। हम तानाशाही के सामने न कभी झुके हैं, न झुकेंगे। भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर कांग्रेस कार्यकर्ता जी जान से लड़ेगा।

भारत जोड़ो यात्रा बिहार ...

सड़क के दोनों ओर कतारबद्ध होकर राहुल गांधी को देख रहे थे।

तेजस्वी यादव ने की राहुल गांधी की तारीफ

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने इस दौरान कहा, आज राहुल गांधी आए हैं, हम उनका स्वागत करते हैं। ये देशभर में घूम कर देश को जोड़ने का काम रहे हैं, ये बहुत जरूरी है। आप सब भलीभांति जानते हैं कि हमारे मुख्यमंत्री कैसे हैं, वे किसी की बात नहीं सुनना चाहते।

एक सेल्फी की वजह से ...

से जुड़ा हुआ है। 14 फरवरी को हेड कॉन्स्टेबल का एक सेल्फी वीडियो सामने आया था जिसमें वह हथियारबंद लोगों के साथ दिखाई दे रहा था। ये कुकी उग्रवादी थे। इसके बाद एसपी ने कार्रवाई करते हुए हेडकॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया। इसके बाद 15 फरवरी को देर रात करीब 400 की भीड़ ने एसपी कार्यालय को घेर लिया। उपद्रवियों ने कार्यालय पर पथराव किया और आगजनी भी की।

आज लांच होगा...

इसरो ने एक्स पर 'जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस मिशन' पोस्ट कहा, प्रक्षेपण अब शनिवार को 17:35 बजे निर्धारित है।

शरद पवार की याचिका ...

श्री सिंघवी ने मामले का विशेष उल्लेख करते हुए गुहार लगाई कि महाराष्ट्र में अगले सप्ताह विधानसभा सत्र के मद्देनजर शरद पवार के गुट के विधायकों को अजीत पवार समूह द्वारा जारी %व्हिप% का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल विचार किए जाने की आवश्यकता है।

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में योग...

के सरकारी स्कूलों में 33 हजार स्टाफ की भर्ती होगी।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बच्चे पौधे के समान होते हैं और शिक्षक माली। अगर माली सही देखभाल करेगा, तभी पौधे पनपेंगे और एक फलदार वृक्ष का रूप ले सकेंगे। शिक्षा के साथ ही स्कूल में बच्चों को सही दिशा निर्देश और देखभाल की जरूरत होती है।बच्चे अपना ज्यादातर समय घर से दूर स्कूल में बिताते हैं।

किसान आंदोलन : 5 घंटे...

सार्वजनिक सभाओं पर रोक लगा दी गई है। पुलिस ने दिल्ली जाने और आने वाले यात्रियों को नोएडा में किए गए यातायात परिवर्तन का पालन करने की अपील की है और लोगों से असुविधा से बचने के लिए मेट्रो सेवाओं का इस्तेमाल करने की अपील की है।

आंदोलन के बीच शंभू बॉर्डर ...

राजिंदर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया था। किसानों को इमर्जेंसी में भर्ती किया गया। हालांकि आधे घंटे के इलाज के बाद ही किसान की मौत हो गई। अस्पताल ने बताया, बुजुर्ग किसान को बड़ा हार्ट अटैक आया था। जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो हालत गंभीर थी। सुबह 6 बजे के आसपास किसान की मौत हुई। किसान की पहचान गुरदासपुर के ग्यान सिंह के रूप में हुई है।

किसानों के भारत बंद ....

कैसे बदला जाये। सरकार और किसानों के बीच बातचीत इस मुख्य बिंदु पर होनी चाहिए और कोई भी फार्मूला निकालते समय अर्थव्यवस्था के अन्य वर्गों एवं उपभोक्ताओं के हितों को भी ध्यान में रखा जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों की जो माँगे है, यदि उनको पूरा किया गया तो अर्थव्यवस्था पर क्या विपरीत प्रभाव अथवा वित्तीय बोझ पड़ेगा, उस पर भी ध्यान दिया जाना ज़रूरी है ।

श्री भरतिया ने किसानों को एकमात्र प्रदाता (अन्नदाता) के रूप में चिह्नित करने पर कहा कि यदि किसान अन्नदाता है तो व्यापारी भी करदाता है जिनका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने जोर दिया कि व्यापारियों का राष्ट्रीय खजाने में योगदान कभी भी कम नहीं आंका जाना चाहिए।

पटवारी और 3 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बड़े-झाड़ के जंगल मद की शासकीय भूमि को षड़यंत्रपूर्वक भू-अभिलेखों में अनाधिकृत रूप से भूमि स्वामी मद में दर्ज कराकर खरीदी बिक्री करने पर एसडीएम गरियाबंद को पटवारी गौतम गुप्ता तथा 03 व्यक्तियों के विरूध्द आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने तथा नायब तहसीलदार गरियाबंद को 10 एकड़ शासन हित में शासकीय बड़े-झाड़ के जंगल मद में दर्ज करने का आदेश दिये गये है। जिसे कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए एसडीएम के माध्यम से नायब तहसीलदार से जांच कराया था।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 8226 दिनांक 16.02.2024
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651I00177 जो कि निगम अभिलेख में श्री OM PRAKASH MAHESHWARI पिता/पति श्री/श्रीमती SURESH KUMAR MAHESHWARI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती Devlal Sahu पिता/पति श्री/श्रीमती Thakur Ram Sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 9085 दिनांक 15.02.2024
वार्ड का नाम - 25 - संतराम दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR818F0521C जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAMKUMAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती RAHUL SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती अरमान सांडेकर पिता/पति श्री/श्रीमती लल्लूराम सांडेकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 9088 दिनांक 15.02.2024
वार्ड का नाम - 38 - शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR516C00321 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PARMANAND पिता/पति श्री/श्रीमती... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ज्योति नानवानी पति स्व. परमानन्द, मनोज नानवानी पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. परमानन्द नानवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**शपथ पत्र, सहमती पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू, रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन कमांक-1173, श्री सूर्यकांत वर्मा पिता श्री नरोत्तम सिंह वर्मा के नाम से नामांतरित है, नामांतरी द्वारा उक्त भवन की विक्रय विलेख दिनांक 21/02/2011 पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में नामांतरण श्री सूर्यकांत वर्मा पिता श्री नरोत्तम सिंह वर्मा निवासी-एल.आई.जी.-1173, सेक्टर-07, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को केता श्री भोजराम वर्मा पिता श्री अर्जुनलाल वर्मा, निवासी--एल.आई.जी.-944 (ए), सेक्टर-06, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय विलेख के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर,

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00064 तेलीबांधा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440725100092

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00064 के अंतर्गत ग्राम तेलीबांधा के वर्तमान भूमिस्वामी गीतांजलि गृह निर्माण सह समिति मर्या पिता/पति- रायपुर पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 313/2(0.0306) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता अजय गोयल पिता/पति-श्री रामविलास गोयल पता-निवासी शंकरनगर रायपुर छ.ग., श्रीमती सुमन गोयल पिता/पति-श्री अजय गोयल पता-निवासी शंकरनगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./202401110800316/ अ-6/वर्ष 2023-2024 रायपुर, दिनांक 12/02/2024
ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मनोज मित्तल पिता स्व. बनवारी लाल अग्रवाल निवासी सृष्टि गार्डन शताब्दी नगर, वार्ड क्र. 49, गुरु घासीदास वार्ड तेलीबांधा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 15012/29 रकबा 0.0070 हे. अर्थात 760 वर्गफुट भूमि आवेदक के पिता-स्व. बनवारी लाल अग्रवाल पिता स्व. विशम्बर लाल मित्तल के नाम स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि है। आवेदक के पिता के द्वारा उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.03.2007 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराया था। उक्त भूमि के खातेदार आवेदक के पिता-स्व. बनवारी लाल अग्रवाल पिता स्व. विशम्बर लाल मित्तल की मृत्यु दिनांक 25.04.2014 को एवं उनकी पत्नी-श्रीमती गायत्री देवी पति स्व. बनवारी लाल अग्रवाल की भी मृत्यु दिनांक 05.07.2010 को हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके एकमात्र विधिक वारिसान आवेदक ही हैं, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतः प्रश्नाधीन भूमि को वारिसान हक में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 26/02/2024 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा
-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::-

नि.क्र. 14/व.ले.लि./23-24 दिनांक 13/02/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

समस्त कार्यों का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि :- 23/02/2024

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
1	ग्राम पंचायत कटेकल्याण बड़ेगुडरा पहुँचमार्ग से नंदीकोटापारा में 4 मी. स्पान स्लेब पुलिया का एप्रोच सहित निर्माण कार्य	26.11
2	ग्राम पंचायत मदाडी में पेरपापारा से कर्रापारा पहुँच मार्ग में 4 मी. स्पान स्लेब पुलिया का एप्रोच सहित निर्माण कार्य	26.11
3	ग्राम पंचायत पकनाचुओं में गायतापारा से कानकीपारा मार्ग में 2 स्पान 6 मी. पुलिया का स्लेब ढलाई एप्रोच एवं रिटेनिंगवाल का निर्माण कार्य (भाग 1)	23.25
4	ग्राम पंचायत पकनाचुओं में गायतापारा से कानकीपारा मार्ग में 2 स्पान 6 मी. स्लेब पुलिया का नींव, सबस्ट्रक्चर, बैंक फिलिंग, कैंप एवं डेटवॉल का निर्माण कार्य (भाग 2)	33.85

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर संभाग,
दन्तेवाड़ा

जी-07847/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)
Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- eejag-pher-cg@nic-in

''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना '' (तृतीय आमंत्रण)

नि.क्र. / ज.जी.मि. -457-458/नि.प्र./का.अ. /लो.स्वा.यॉ.ख./ 2024 जगदलपुर, दिनांक 14.02.2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''सी'' में आयटम दर पर बस्तर जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग ग्राम हेतु Wall Writing एवं Wall Painting कार्य हेतु आनलाईन (Online) ''रूचि की अभिव्यक्ति'' (EOI) आमंत्रित की जाती है :-

निविदा सूचना क्रमांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु.लाख में)
458/14.02.2024	**152950**	The Executive Engineer and Member Sccretary DWSM District Bastar invites Expression of Interest (Eol) from the registered firms having experience in the similar nature of works, for fixation of rate contract for **Wall Writing** proposed under Jal Jeevan Mission to be implemented by District Water and Sanitation Mission (DWSM), Chhattisgarh.	7.17
457/14.02.2024	**152773**	The Executive Engineer and Member Secretary DWSM District Bastar invites Expression of Interest (Eol) from the registered firms having experience in the similar nature of works, for fixation of rate contract for **Wall Painting** proposed under Jal Jeevan Mission to be implemented by District Water and Sanitation Mission (DWSM), Chhattisgarh.	33.20

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा दिनांक 28.02.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जगदलपुर (छ.ग.)

जी-07879/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

साधराम की हत्या के विरोध में चरवाहा न्याय रैली 22 को



■ कवर्धा के इतिहास में पहली इस दिन किसी को नहीं मिलेगा दूध

कवर्धा/नवप्रदेश। गौसेवक साधराम यादव की हत्या के विरोध में गुरुवार 22 फरवरी को सर्व यादव समाज व्दारा चरवाहा न्याय रैली का आयोजन गया है। इस दिन शहर में किसी को भी दूध नहीं मिल पाएगा। दूध की बिक्री बंद रहेगी। यादव समाज गायों को गोठान से चरने के लिए छोड़ेंगे भी नहीं।

साधराम यादव की निर्मम हत्या से यादव समाज आंदोलित हैं। इसके बाद से समाज साधराम यादव को न्याय दिलाने सड़कों पर उतर गए हैं। वही सर्व यादव समाज के द्वारा लगातार पूछा जा रहा है कि हत्या का कारण क्या है.? उन्हें हिन्दू संगठनों का सहयोग मिल रहा है। हिंदू संगठनों ने पीड़ित के परिवार को 1 करोड़ की सहायता राशि के साथ परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग सरकार से की है। बीते दिनों यादव परिवार ने शासन से मिली 5 लाख की सहायता राशि को कलेक्टोरेट पहुँच लौटा दिया है।

पारंपरिक वेशभूषा में निकलेगी रैलीः सर्व यादव समाज ने रैली में सभी यादव बंधुओं को पारंपरिक रूप में पगड़ी बांधकर हाथों में डंडा लेकर रैली में शामिल होने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि साधराम यादव की निर्मम हत्या 6 लोगों ने मिलकर की थी। इस हत्या करने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस कारणों की पड़ताल में जुटी है।

विधायक साव ने सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। गांव के विकास के लिए सुगम सड़क मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है, जो मेरी पहली प्राथमिकता है। जिसे मैं पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हूं और गांव की जो भी मांग ग्रामीणों के द्वारा उन तक आयेगी उसे वे समय समय पर पूरा करते रहेंगे। यह बातें क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने अपने विधायक निधि से क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने के दौरान कही। विधायक साव ने ग्राम देवरानी, टोनाटार, माचाभाट, दतरेंगी में विधायक निधि से बनने वाली सड़क भूमि पूजन के अवसर पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा की गांव के लोगो बरसात के दिनों में आने जाने में हो रही परेशानी इस सड़क के बन जाने से दूर हो जाएगी,वही उन्होंने सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की शिकवा शिकायत ना हो,इस बात का स्पस्ट निर्देश भी दिया।इसके पूर्व विधायक इंद्र साव का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ नारे बाजी करते फूल माला से विधायक का स्वागत किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के कांग्रेस नेता , कार्यकर्तागण एवं स्थानीय ग्रामीणजन सहित टेकसिंह ध्रुव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, आबिद खान सचिव जिला कांग्रेस कमेटी, सरपंच देवरानी कुमारी केवल ध्रुव, पंचगण- पंचराम वर्मा, राधेश्याम साहू, मिथलेश ध्रुव-सेक्टर प्रभारी, जनक वर्मा, सेऊक साहू, शिव कुमार ध्रुव, हबिब अहमद, दशरथ ध्रुव, भागीरथी ध्रुव, हेमंत नेताम, टोनाटार सरपंच - सत्या बुद्धे ध्रुव, गैंदराम वर्मा उपसरपंच, विष्णु कोशले पंच, योमन सिंह ध्रुव पंच, दुलार सिंह यादव, गुहाराम निषाद, गंगाराम ध्रुव, कांशीराम वर्मा, ईश्वरी ध्रुव, मधु फेकर, माचाभाट सरपंच शांति यदु, दतरेंगी सरपंच हुलाशराम साहू, कमलेश साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

जुआ खेलते 7 गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। जुआ खेलते 7 लोग पकड़े गए। उनके पास से 1750 रुपए बरामद कर जप्त किया गया। उनके खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अभियान सृजन÷ के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, आशीष अरोरा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा , अमित पाटले थाना प्रभारी, के मार्गदर्शन में उप निरी कीशुन कुंभकार प्रभारी सहायता केंद्र निपानिया के नेतृत्व में निपनिया पुलिस ने भरतपुर में रेड कार्यवाही करते हुए ताश खेल रहे 7 जुवाडियो को पकड़कर उनके कब्जे से 1750 रुपए नकद जब्त किया है।उन सभी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर निपनिया पुलिस ने ग्राम भरतपुर में रेड कार्यवाही करते हुए ताश पत्ती से हार जीत का दाव लगा रहे विनोद कुमार बंजारे,मनोज टंडन,अश्वनी घृतलहरे,धनराज टंडन,तरुण डहरिया,करण घृतलहरे और रिंकू टंडन सभी सकिनान भरतपुर थाना भाटापारा ग्रामीण को पकड़कर उनके कब्जे से कुल 1750 रुपए नकद और 52 पत्ती ताश जब्त कर उनके खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

नक्सल प्रभावित जैतपुरी में लगा चलित थाना

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के थाना सिहावा अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतिम ग्राम जैतपुरी में थाना प्रभारी उमांकांत तिवारी एवं स्टॉफ के द्वारा चलित थाना लगाकर ग्रामीणों के समस्याओं से रूबरू हो कर पुलिस से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया किया गया। ग्राम अपराध पुस्तिका से संबधित जानकारी अद्यतन किया गया, तपश्चात् ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने, व सायबर अपराध,सम्पत्ति सम्बधी अपराध,शरीर संबंधी अपराध, महिलाओं/बालकों सम्बधी अपराध व घरेलू हिंसाओं जैसे अपराधों की कानूनी जानकारी से अवगत कराया गया।

इसी क्रम में ग्राम जैतपुरी के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों व शिक्षक शिक्षिकाओं से मिलकर बच्चों को यातायात नियमो का पालन व सुरक्षा करने, गुड टच, बैड टच संबधी जानकारी देकर सभी स्कूली बच्चो को कापी, पेंसिल,पेन वितरण किया गया।

रेत का अवैध परिवहन करते 3 हाईवा जप्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी फागूलाल नागेश ने बताया कि खनिज विभाग के अमला द्वारा गुरूवार रात्रि 1 बजे ग्राम परसदाजोशी से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए हाईवा क्रमांक सीजी 07 बीएन 2034 वाहन चालक सुरेश पटेल एवं हाईवा क्रमांक एमएन 7095 के वाहन चालक अर्जुन यादव से गाड़ी जप्त कर राजिम पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह सरकड़ रेत खदान से हाईवा क्रमांक सीजी 07 सीएल 9025 के वाहन चालक विकास से गाड़ी जप्त कर पाण्डुका पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इन वाहनों में बिना अभिहवन पास के रेत परिवहन करने पर छग गौण खनिज अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह रूकवाया

गरियाबंद/नवप्रदेश। मैनपुर विकासखण्ड में बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह पर रोक लगाई गई। गौरतलब है कि 15 फरवरी को जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर बालिका की आयु स्कूल दाखिला के आधार पर आयु सत्यापन किया गया। जिसमें बालिका की आयु 16 वर्ष 10 माह होना पाया गया। बालिका की सगाई दो दिन पूर्व होना बताया गया एवं विवाह की तिथि तय नहीं किया गया था। विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला/पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते है।

कोल इण्डिया Coal India

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / जीएम / कोरबा / भू.रा. / 24 / 45

आवश्यक सूचना

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के प्रस्तावित अंबिका ओपन कॉस्ट परियोजना के ग्राम–करतली के प्रभावित भू–विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ है,जिसमें से निम्नलिखित 13 भू–विस्थापितों / नामांकित व्यक्तियों के नाम में अंतर पाया गया है। इसका विवरण इस प्रकार हैः–

क्रं	संशोधत घटते क्रम की सूची क्रमांक	खातेदार का नाम / पिता का नाम	अर्जित खसरा नं.	अर्जित रकबा (एकड़)	नामांकित व्यक्ति का नाम / पिता का नाम नामांकन फार्म में	संबंध	सीबीए स्टेटमेंट V	बी–1 (वर्ष 2010–11)	पी–2 (वर्ष 2010–11 से 2014–15)	नमांकन फार्म में खातेदार का नाम	शपथ पत्र	वंशवृक्ष	आधार कार्ड	जाति प्रमाण पत्र	निवास प्रमाण पत्र	शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1	123	सेवा राम पिता सहोरिक	512 / 19 ख, 563 / 20, 571 / 11, 522 / 2	0.70	सेवाराम पिता सहोरिक	स्वयं	सेवाराम / सहोरिक	सेवाराम पिता सहोरिक	सेवाराम पिता सहोरिक	सेवाराम पिता सहोरिक	सेवा राम पिता / श्री सहोरिक सिंह, सेवाराम नेटी पिता श्री सहोरिक सिंह, सेवाराम नेटी पिता श्री सहोरिक सिंह	सहोरिक सिंह पिता दबन साय, सेवाराम पिता सहोरिक सिंह	सेवाराम आत्मज सहोरिक	सेवाराम पिता सहोरिक सिंह	सेवाराम पिता सहोरिक सिंह	सेवाराम आत्मज सहोरिक राम
2	41	शिवभगत पिता शिवदयाल	538 / 1, 532 / 1, 555 / 1, 559 / 3, 645 / 2, 539 / 2	1.64	मनोज कुमार पिता शिवभगत	पुत्र	शिवभगत / शिवदयाल	शिवभगत सिंह पिता शिवदयाल	शिवभगत पिता शिवदयाल	शिवभगत पिता शिवदयाल	शिवभगत सिंह, पिता शिवदयाल, मनोहर सिंह पिता शिवभगत सिंह, मनोज कुमार पिता शिवभगत सिंह	शिवभगत पिता शिवदयाल मनोज कुमार, मनोहर सिंह सलाम, मोसमी कुमारी पिता शिवदयाल	मनोज कुमार आत्मज शिवभगत, शिवभगत सलाम आत्मज शिवदयाल सलाम	मनोज कुमार पिता शिवभगत सिंह	मनोज कुमार पिता शिवभगत सिंह	मनोज कुमार पिता शिवभगत सिंह
3	111	ईश्वर सिंह पिता बीर सिंह	521 / 2	0.76	राजेन्द्र कुमार पिता ईश्वर सिंह	पुत्र	ईश्वर सिंह / बीरसिंह	ईश्वर सिंह पिता बीरसिंह	ईश्वरसिंह पिता बीरसिंह	ईश्वर सिंह / बीर सिंह	ईश्वर सिंह पिता बीर सिंह, राजेश कुमार गोंड़, रानी राज,कुमारी नंदनी, अंजनी, संतोषी, राजकुमार पिता ईश्वर सिंह,राजेन्द्र कुमार पिता श्री ईश्वर सिंह, ईश्वर सिंह पिता बीर सिंह	बीरसिंह पिता ईश्वरसिंह, राजेश कुमार गोंड़, रानी राज, कुमारी नंदनी, अंजनी, संतोषी, राजकुमार	राजकुमार पिता ईश्वर सिंह, राजेन्द्र कुमार पिता ईश्वर सिंह, ईश्वर सिंह आत्मज बीरसिंह	राजेन्द्र कुमार पिता ईश्वर सिंह	राजेन्द्र कुमार पिता ईश्वर सिंह	राजेन्द्र कुमार पिता ईश्वर सिंह
4	32	चमार सिंह पिता राम सिंह	188 / 23, 194 / 1, 168 / 7	1.86	निर्मल सिंह / चमार सिंह	पुत्र	चमार सिंह / राम सिंह	चमार सिंह पिता राम सिंह	चमार सिंह पिता राम सिंह	चमार सिंह / रामसिंह	चमार सिंह पिता राम सिंह, लक्ष्मीन, लक्ष्मीनारायण, नंदनी पिता चमार सिंह,निर्मल सिंह पिता चमार सिंह, चमार सिंह पिता रामसिंह लक्ष्मीन, लक्ष्मीनारायण, नंदनी पिता चमार सिंह	चमार सिंह पिता राम सिंह, लक्ष्मीन, लक्ष्मी नारायण, निर्मल सिंह, नंदनी पिता चमार सिंह	निर्मल सिंह आत्मज चमार सिंह, चमार सिंह आत्मज राम सिंह, लक्ष्मी नारायण आत्मज चमार सिंह, लक्ष्मीन पति अमित कुमार कुसरो, नंदनी आत्मज चमार सिंह	निर्मल सिंह आत्मज चमार सिंह	निर्मल सिंह पिता चमार सिंह	निर्मल सिंह पिता चमार सिंह,
5	12	जयनंद पिता जगदीश	153 / 3, 175 / 2, 606 / 5	2.77	सुरज कुमार / जयनंद	पुत्र	जयनंद / जगदीश	जयनंद पुत्र जगदीश	जयनंद पुत्र जगदीश	जयनंद / जगदीश	जयनंद पिता जगदीश, श्वेता कुमारी पिता जयनंद, सुरज कुमार पिता जयनंद	जय नंद पिता जगदीश, सुरज कुमार, श्वेता कुमारी पिता जय नंद	सुरज कुमार सलाम आत्मज जयनंद सिंह सलाम, स्वेता सलाम आत्मज जयनंद सिंह सलाम, जयनंद	सूरज कुमार पिता जयनन्द	सूरज कुमार पिता जयनन्द	सूरज कुमार पिता जयनंद
6	41	रामभजन पिता फत्ते सिंह	189 / 4, 558 / 2, 521 / 4, 529 / 1	1.63	अभिमन्यु सिंह टेकाम / रामभजन	पुत्र	रामभगन / फत्ते सिंह	रामभजन पिता फत्ते सिंह	रामभजन पिता फत्ते सिंह	रामभजन / फत्ते सिंह	अभिमन्यु सिंह टेकाम पिता रामभजन सिंह, रामभजन सिंह पिता फत्ते सिंह, मनिता, मलती, राकेश कुमार पिता रामभजन सिंह	हरीभजन, वसुन्धरा, रामभजन, पिता फत्ते सिंह, मनिता, मालती, राकेश कुमार, अभिमन्यु सिंह टेकाम पिता रामभजन	अभिमन्यु सिंह टेकाम आत्मज रामभजन सिंह टेकाम, रामभजन सिंह आत्मज फत्ते सिंह, मनिता आत्मज रामभजन, राकेश कुमार आत्मज रामभजन सिंह	अभिमन्यु पिता रामभजन	–	अभिमन्यु पिता रामभजन
7	27	पुष्पलता पिता चन्द्रभान सिंह	596 / 1 क	2.00	पुष्पलता पिता श्री चन्द्रभान सिंह	स्वयं	पुष्पलता पिता चन्द्रभान सिंह	पुष्पलता पिता चन्द्रभान सिंह	पुष्पलता पिता चन्द्रभान सिंह	पुष्पलता पिता श्री चन्द्रभान सिंह	पुष्पलता पिता श्री चन्द्रभान सिंह,	चन्द्रभान पिता धनसिंह, पुष्पलता, हेमलता पिता चन्द्रभान सिंह	पुष्पलता पति दिलीपकुमार	पुष्पलता पिता चन्द्रभान सिंह	पुष्पलता पति दिलीप कुमार	कुमारी पुष्पलता पिता चन्द्रभान सिंह
8	57	सहोरिक पिता दबन सिंह	502 / 1, 512 / 8, 563 / 4	1.34	सीताराम	नाती	स्होरिक / दबनसिंह	सहोरिक पिता दबनसिंह	सहोरिक पिता दबनसिंह	सहोरिक सिंह	सहोरिक पिता दबन सिंह,रामसिंह, सेवाराम, इन्द्रजीत सिंह, पिता सहोरिक, धनीराम नेटी पिता राम सिंह, सीताराम पिता रामसिंह,सीताराम पिता रामसिंह, सहोरिक सिंह पिता दवन सिंह	सहोरिक पिता दबन सिंह, रामसिंह, सेवाराम, इन्द्रजीत सिंह पिता सहोरिक, धनीराम नेटी, सीताराम पिता राम सिंह	सीताराम पिता राम सिंह, सहोरिक सिंह आत्मज दबन सिंह, रामसिंह आत्मज सहोरिक सिंह, इन्द्रजीत सिंह आत्मज सहोरिक सिंह, सेवाराम आत्मज सहोरिक, धनीराम नेटी आत्मज रामसिंह	सीताराम आत्मज राम सिंह	सीताराम पिता रामसिंह	सीताराम आत्मज रामसिंह
9	5	चमार सिंह पिता सुराज सिंह	579 / 2, 581 / 4, 184 / 3, 521 / 3	4.50	सूर्योदय पिता चमार सिंह	पुत्र	चमार सिंह / सूरज सिंह	चमार सिंह पि0 सुराज सिंह	चमार सिंह पिता सुराजसिंह	चमार सिंह / सुराज सिंह	चमार सिंह पिता सुराज सिंह,त्रिवेणी जगत,रूपमणी, दीपक कुमार पिता चमार सिंह ना.बा. शारदा बली मां चंदर्कुमारी पिता चमार सिंह,सूर्योदय पिता चमार सिंह	चमार सिंह पिता सुराज सिंह, त्रिवेणी, रूपमणी, दीपक कुमार, सूर्योदय, शारदा पिता चमार सिंह	चमार सिंह आत्मज सुराज सिंह सलाम, सूर्योदय आत्मज चमार सिंह	सूर्योदय आत्मज चमार सिंह	सूर्योदय पिता चमार सिंह	सूर्योदय पिता चमार सिंह, सूर्योदय पिता चमार सिंह
10	104	आधार सिंह पिता जान सिंह	468 / 3, 470 / 3, 499 / 2	0.84	आधार सिंह / जान सिंह	स्वय	आधार सिंह पिता जान सिंह	–	आधारसिंह पि0 जानसिंह	आधार सिंह / जान सिंह	आधार सिंह पिता जान सिंह	जान सिंह पिता भूरा सिंह,आधार सिंह पिता जान सिंह	आधार सिंह आत्मज जान सिंह,	आधार सिंह पिता जान सिंह	आधार सिंह पिता जान सिंह	आधार सिंह पिता जान सिंह
11	81	शिव शंकर पिता प्रेमसिंह	588 / 2, 542 / 2	1.03	शिवशंकर पिता प्रेम सिंह	स्वयं	शिव शंकर पिता प्रेम सिंह	शिवशंकर पिता प्रेमसिंह	–	शिव शंकर सिंह	शिवशंकर पिता प्रेम सिंह	प्रेम सिंह पिता हिरासिंह, सावित्री सिंह,साविता सिंह, शिवकुमार सिंह, शिवशंकर सिंह पिता प्रेमसिंह	शिव शंकर सिंह आत्मज प्रेमसिंह	शिवशंकर सिंह पिता प्रेम सिंह फुलेशर	शिवशंकर सिंह आत्मज प्रेम सिंह	शिवशंकर सिंह पिता प्रेम सिंह
12	52	ईश्वर सिंह पिता वीरसिंह, रासबाई, पार्वती, धनबाई, धनकुंवर पिता वीरसिंह, सुनीबाई बे. वीर सिंह	581 / 3	1.43	राजेश कुमार / ईश्वर सिंह	पुत्र	ईश्वर सिंह / वीरसिंह, रासबाई, पार्वती, धनबाई, धनकुंवर / वीरसिंह, सुनीबाई	ईश्वर सिंह पि0 बीरसिंह	ईश्वर सिंह पिता बीरसिंह	ईश्वर सिंह, वीरसिंह, रासबाई, पार्वती, धनबाई, धनकुंवर, सुनीबाई, वीर सिंह	ईश्वर सिंह, रासबाई, पार्वती, धनबाई पिता वीर सिंह,राजेन्द्र कुमार, रानी राज,कुमारी नंदनी, अंजनी, संतोषी पिता ईश्वर सिंह, राजेश कुमार पिता ईश्वर सिंह, ईश्वर सिंह पिता बीर सिंह,रासबाई पिता बीरसिंह, धनबाई पिता बीरसिंह	ईश्वर सिंह, रासबाई, पार्वती, धनबाई, धनकुंवर पिता बीरसिंह, राजेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, रानी राज, कुमारी नंदनी, अंजनी, संतोषी पिता ईश्वर सिंह	राजेश कुमार गोड़ पिता ईश्वर सिंह गोड़,ईश्वर सिंह आत्मज वीरसिंह, रासबाई पति लक्ष्मण सिंह गोड़, पार्वती अर्धागिनी तिहारूराम, धनैया बाई श्याम अर्धागिनी दशरू श्याम	राजेश पिता ईश्वर सिंह	राजेश पिता ईश्वर सिंह	राजेश कुमार आत्मज ईश्वर सिंह
13	145	प्रेम कुंवर पिता जगदीश	606 / 12, 189 / 6	0.61	हरिभजन / रामलाल	पुत्र	प्रेम कुंवर / जगदीश	प्रेम कुंवर पिता जगदीश सिंह	प्रेम कुंवर पिता जगदीश	प्रेम कुँवर / जगदीश	प्रेम कुंवर पिता जगदीश, हरिता, संगीता, रामभजन पिता रामलाल, हरिभजन पिता रामलाल	प्रेम कुंवर पिता जगदीश, हरिभजन, हरिता, संगीता, रामभजन पिता रामलाल	हरिभजन मरकाम पिता राम लाल मरकाम, प्रेम कुंवर अर्धागिनी राम लाल, हरिता बाई अर्धागिनी मनराखन सिंह, संगीता पति सूरज कुमार कोराम, राम भजन आत्मज रामलाल	हरिभजन पिता राम लाल	हरिभजन पिता राम लाल	हरिभजन आत्मज रामलाल

एसईसीएल/23-24/300

स्टाफ अधिकारी (भू–राजस्व), एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

न्यूज गैलरी

केंद्र के समान डीए व लंबित एरियर्स कब मिलेगा :चटर्जी

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिला अध्यक्ष कबीरधाम प्रमोद शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बतलाया कि 1 जुलाई 2019 से 30 अप्रैल 2023 तक;1 मई 2023 से 30 जून 2023 तक एवं 1 जुलाई 2023 से 31 जनवरी 2024 तक का देय तिथि से महँगाई भत्ता (डी.ए.) एवं लंबित एरियर्स के कारण 1 जुलाई 2019 से 31 जनवरी 24 तक कर्मचारियों को हो चुके आर्थिक क्षति की जानकारी न्यूनतम वेतन,ग्रेड पे,लेवल तथा कुल आर्थिक क्षति के क्रम में दिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को 1 जुलाई 2019 से 31 जनवरी 2024 तक देय तिथि से महँगाई भत्ता(डी.ए) स्वीकृत नहीं होने से प्रत्येक वेतन लेवल के न्यूनतम वेतन(औसत) में कुल (औसत) ? 42,51,29,62,600 का एरियर्स राशि का भुगतान नहीं हुआ है। जहाँ,केन्द्र सरकार अपने 47.58 लाख से अधिक कर्मचारियों तथा 67.95 लाख से अधिक पेंशनरों को देय तिथि से महँगाई भत्ता(डी.ए) तथा महँगाई राहत (डी.आर) दे रही है।वहीं,राज्य सरकार अपने 4 लाख कर्मचारियों एवं 1.25 लाख पेंशनरों को देय तिथि से महँगाई भत्ता(डी.ए) तथा महँगाई राहत (डी.आर) नहीं दे पा रही है।

दो कोचियों से 27 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस थाना बेमेतरा एवं दाढी में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 2 प्रकरण दर्ज कर 2 कोचियों सोनू श्रीवास पिता लक्ष्मण श्रीवास उम्र 30 साल साकिन पिपरिया थाना पिपरिया जिला कबीरधाम, वेदराम साहू पिता सावतराम साहू उम्र 29 साल साकिन सेमरिया चौकी खण्डसरा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचियों के कब्जे से कुल 27 पौवा देशी प्लेन/मशाला शराब किमती 2460 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

न्यू गुरुकुल स्कूल में मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस

नवागढ़/नवप्रदेश। न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल शंकर नगर नवागढ़ में इस बार बसंत पंचमी एवं मातृ पितृ पूजन दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। मातृ पितृ पूजन दिवस में आए हुए पलको का उनके बच्चों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। विद्यालय के संचालक गजपाल सिंह खुराना ने मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर कहा कि यह एक बहुत ही सुंदर कार्य है बच्चे इसे अपनी संस्कृति से जुड़े रहेंगे अपने माता-पिता का सम्मान करेंगे। विद्यालय में हर वर्ष मातृ पितृ पूजन दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य मनिंदर कौर खुराना ने सभी बच्चों को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।इस दौरान जेआर चंद्राकर, यशपाल देवांगन,लोचन साहू, कोमल साहू, आरती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

2 करोड़ का गांजा जप्त, नशे के सौदागरों का पुलिस ने निकाला जुलूस

छग में पकड़ी गई गांजे की सबसे बड़ी खेप

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा जिले में नशे के खिलाफ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने नशा के सौदागरों को एक हजार किलो से अधिक गंजे के साथ पकड़ा है. जब्त गंजे की कीमत 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है.

जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली. जिसके बाद एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देशन में ये अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है. पुलिस ने नशा के सौदागरों को टाटा 1109 गाड़ी से ओडिशा से यूपी के आगरा में सप्लाई करते हुए 1050 किलो गांजा के साथ धर दबोचा है. जब्त किए गांजे की कीमत 2 करोड़ आंकी जा रहा है.

इधर कवर्धा में ही पुलिस ने आज दो युवक और एक बुजुर्ग जिनके हाथों में जंजीर है, वो यही बात दोहराते हुए पैदल चल रहे थे कि'नशा करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है', तीनों के आसपास पुलिस वाले मौजूद हैं. यह वीडियो छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले से सामने आया है. जहां पिपरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीली दवाईयां और इंजेक्शन बेचने वाले नशे के सौदागरों का जुलूस निकाला. यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है.

बता दें कि आरोपियों के जुलुस के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों से 'नशा करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है', और 'नशीली दवाईयां बेचना अपराध है, जो नशीली दवाईयां बेचेगा वो जेल जाएगा' के नारे लगवाए. ताकि लोगों के बीच यह संदेश जा सके की पुलिस नशा कर उत्पात मचाने और नशे का सौदा करने वालों को बख्शने वाली नहीं है. जानकारी के मुताबिक पुलिस के हत्थे चढ़े ये बदमाश इंजेक्शन और नशीली दवाईयों को कबीरधाम के युवाओं को बेचकर मोटी रकम कमा रहे थे, इन आरोपियों में एक आरोपी कवर्धा का रहने वाला सहमत अली है, वहीं अन्य दो अर्जुन सूर्यवंशी और अशोक पांडेय है. दोनों तखतपुर के रहने वाले है. पीपरिया पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

न्यायाधीश सहित अन्य लोग बल्लेबाजी-गेंदबाजी में दिखाएंगे जौहर

कलेक्टर, एसपी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, डॉक्टर, वकील भी शामिल होंगे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक द्वारा आयोजित होने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता संस्कारधानी, खेल नगरी में 17 से 24 फरवरी तक खेली जाएगी। अपने अनूठे नियमों के चलते यह प्रतियोगिता दर्शकों के साथ ही खिलाड़ियों में उत्साह पैदा करे हुए है। इस वर्ष यह आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में रात्रिकालीन होने के कारण खेल प्रेमियों में उत्साह है और आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में है।

प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता को लेकर कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग तथा न्यायाधीश देवाशीष ठाकुर की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। जिसमें आयोजन को नगर की गौरवशाली खेल परम्परा को बरकरार रखते हुए एक अच्छा आयोजन नगर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी वर्गों की भागीदारी से यह आयोजन यादगार रहे। स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली 10 टीमों के मध्य प्रतिभागी खिलाड़ियों की सूची सार्वजनिक करते हुए खिलाड़ियों पर आपत्ति-अनापत्ति दर्ज की गई, जो खिलाड़ी नियमावली के तहत नहीं पाया गया उस खिलाड़ी को सूची से पृथक करने संबंधित टीम के कप्तान को और उसकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल करने कहा गया।

प्रतियोगिता में 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी जिसमें न्यायाधीश, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, नागरिकगण, अधिवक्ता, पत्रकार जगत के साथ ही चिकित्सक भी भाग लेंगे।प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक द्वारा आयोजित होने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के लोगो, पोस्टर का आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग तथा न्यायाधीश देवाशीष ठाकुर द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी स्टेडियम समिति खेमलाल वर्मा, सीएसपी अमित पटेल, जिला ई-प्रबंधक सौरभ मिश्रा, प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र मिश्रा, प्रेस के अध्यक्ष सचिन अग्रहरी, संदीप साहू, डीसीए के सचिव योगेश बागड़ी एवं अधिवक्ता मनोज चौधरी, चन्द्रशेखर तिवारी, अशोक कुमार साहू, भागवत साहू, रूपेश दुबे, गणेश प्रसाद शर्मा, कमलेश सिमनकर, तरूण लहरवानी, आलोक श्रोती, संजय सिंगी, विपिन ठाकुर, लाल मुनई सिंह, शरद श्रीवास्तव, तीरथगिरी गोस्वामी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

बेरला पुलिस ने 5 जुआरियों से 3 हजार नगद और ताश जप्त किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। जिसके तहत 15 फरवरी को थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम जमघट के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहें हैं की सुचना पर थाना बेरला पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर 5 जुआडियों को पकडे। थाना बेरला में जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 5 जुआडियों कमलेश मारकंडे उम्र 30 साल किरीतपुर, आशीष बंजारे उम्र 34 साल कठिया, पुनीत घृतलहरे उम्र 40 साल करहुल थाना

सिमगा, ओंकार साहू उम्र 34 साल, अछोली थाना बेरला, राजकुमार साहू उम्र 30 साल साकिन किरीतपुर थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 3 हजार रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले एवं प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

यज्ञ की परिक्रमा के लिए पहुँच रहे श्रद्धालु

नवागढ़/नवप्रदेश। श्रीराम जानकी मंदिर नवागढ़ में आयोजित श्री राम महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। इस 09 दिवसीय अनुष्ठान में यज्ञाचार्य पं रविंद्र शर्मा के निर्देशन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, अग्नि प्रवेश सहित अन्य विधियां पूरी की गई है। इस दौरान आचार्यो की मौजूदगी में यज्ञ के यजमानों ने उक्त सारे धार्मिक क्रियाकलापों को विधि पूर्वक पूरा किया। यहां इस अनुष्ठान में मंडप परिक्रमा व पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ जुटने लगी है। नवागढ़ नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के यहां पहुंचने से यज्ञ स्थल के पास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। यज्ञ आयोजन समिति के सदस्य मिन्टू बिसेन, बबलु ताम्रकार, हरिभजन क्षत्री आदि ने बताया कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं व साधु संतों के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

राजस्व अधिकारी अपनी दायित्वों को अच्छी तरह से समझें

अवैध अतिक्रमण हटाने और राजस्व वसूली के कार्य को प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कहा कि विधानसभा सत्र चल रहा है। विधानसभा प्रश्नों के उत्तर प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपनी जिम्मेदारी और दायित्वों को अच्छी तरह से समझें और नियमों में रहकर कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनसामान्य से संवेदनशीलतापूर्वक अच्छा व्यवहार करने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमांकन, नामांतरण, बंटाकन, ई-कोर्ट सहित राजस्व के प्रकरण को लक्ष्य निर्धारित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेख त्रुटि सुधार के स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अविवादित खाता विभाजन को समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमांकन के कार्य लंबित नहीं होना चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि अवैध अतिक्रमण हटाने और राजस्व वसूली के कार्य को प्राथमिकता से करें।

नेशनल लोक अदालत,डीजे ने ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। इस वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत 9 मार्च के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा जिला न्यायाधीश कक्ष में न्यायाधीशगण की बैठक ली गई। उक्त बैठक में न्यायाधीशगण को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों में मध्य प्री-सिटिंग कराकर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों को निराकरण करने प्रोत्साहित किया एवं पूर्व में चिन्हांकित राजीनाम योग्य प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा योग्य प्रकरणों में अधिक अधिक से प्रक्षकारों के साथ प्री सिटिंग करने हेतु चर्चा की गई। अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा साथी न्यायाधीशगण को राजीनामा योग्य प्रकरणों में विशेष कर चेक बाउंस प्रकरण, घरेलू हिंसा अधिनियम प्रकरण भरण पोषण प्रकरण एवं अन्य दांडिक प्रकरणों में पीड़ित पक्षकार के साथ प्री-सिटिंग कर प्रकरणों को आपसी सुलह समझौते से शांति पूर्ण निपटारे हेतु प्रेरित किया।

मड़कड़ी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी एवं मातृ-पितृ दिवस

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला मड़कड़ी में बसंत पंचमी एवं मातृ-पितृ दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिलाईगढ़ विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मेंदराम साहू थे। मुख्य अतिथि के द्वारा सरस्वती मां की पूजा अर्चना किया गया।स्कूल की छात्रा दुर्गा,डिकेश्वरी, जागृति के द्वारा सरस्वती माँ की वंदना गाया गया। मुख्य अतिथि ने बसंत पंचमी के बारे में बच्चों को बताया।शासकीय प्राथमिक शाला मड़कड़ी स्कूल में खिलौना व टी एल एम संग्रहालय का निरीक्षण किया गया। संग्रहालय को देखकर बी आर सी द्वारा इसके निर्माणकर्ता हेमंत श्रीवास को बधाई देते हुए प्रशंसा किया।संभाग में बिलाईगढ़ ब्लॉक के मड़कड़ी स्कूल में इकलौता संग्रहालय का निर्माण किया गया है जो हमारे लिये गर्व की बात है।आज के कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मड़कड़ी के सरपंच प्रतिनिधि सुंदर लाल अमलीवार, प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार कर्ष एवं मिडिल स्कूल के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेश्याम पटेल,संस्था प्रमुख राजकुमार वर्मा शिक्षक संतोष कुमार साहू,रामकुमार श्रीवास उपस्थित थे।

लोस चुनाव, विकास दीवान का नाम चर्चा में

बेमेतरा/नवागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव निपटने के बाद अब निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। प्रशासनिक अमले के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों भी लोकसभा चुनाव को लेकर काफी सक्रिय और सतर्क नजर आ रही है। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जिले के तीनों विधानसभा से मिली बंपर जीत के बाद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है, तो वहीं कांग्रेस पार्टी में तीनों सीट गवाने के बाद से आपसी अंतर्द्वंद से बाहर नहीं निकल पा रही है। जिले के तीनों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने के बाद इसके पुरस्कार स्वरूप अब जिले के कार्यकर्ता पहली बार बेमेतरा से दुर्ग लोकसभा का भाजपा प्रत्याशी होने की मांग कर रहे हैं। जिस प्रकार से भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में परिणाम दिया है उम्मीद लगाए जा रहा है

कि सिर्फ नेतृत्व भी कहीं बेमेतरा जिले को लोकसभा का प्रतिनिधित्व दे दे।बेमेतरा जिले से भाजपा से चर्चित नाम में सामान्य वर्ग से जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान, भाजपा नेता योगेश तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा एवं ओबीसी वर्ग से नरेन्द्र वर्मा, संध्या परगनिहा, विजय सिंहा, प्रह्लाद रजक, फिरतुराम साहू आदि के नाम प्रमुख है। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के भी नाम की चर्चा थी लेकिन उन्हें लोकसभा चुनाव का संयोजक बनाकर पार्टी ने लगभग प्रत्याशी के दौड़ से बाहर कर दिया है।

जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी ने जिले में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर उनकी उम्र कहीं ना कहीं रोड़ा है। दूसरी ओर जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान संगठन में अच्छी खासी पैठ रखते हैं। वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित संघ के करीबी माने जाते हैं। वे लगातार तीन बार से जिला महामंत्री के दायित्व का भी निर्वहन कर चुके हैं, जिसके चलते लोकसभा प्रत्याशी के रूप में उनकी उम्मीदवारी प्रबल नजर आती है। यदि पार्टी उन्हें उम्मीदवार नहीं भी बनती है तो चुनाव के बाद उन्हें पार्टी बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

पुलिस ने कोचियों से 145 पौवा शराब किया जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं, जिसके तहत 14 फरवरी को पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु पहुचाने एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 कोचियों त्रिलोक सिन्हा पिता लेखराम सिन्हा उम्र 24 साल साकिन वार्ड नं. 02 भिंभौरी चौकी कंडरका थाना बेरला, गजेन्द्र साहू पिता टोमनलाल साहू उम्र 22 साल साकिन भिंभौरी चौकी

कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचियों से कुल 145 पौवा देशी मशाला/प्लेन शराब किमती 15830 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा संख्या -726 [illegible] बिलासपुर दिनांक: 13.02.2024.

कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के लिए [illegible]

निविदा मूल्य : ₹2,86,18,715/- [illegible] अमानत राशि : ₹2,93,100/- [illegible]

निविदा बंद करने का समय : 11:00 बजे दिनांक 06.03.2024 ।

[illegible] www.rcgp.gov.in [illegible]

[illegible] दपूम रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway

न्यायालय नायब तहसीलदार, सण्डी के न्यायालय मे मामला क्रमांक 202402211700026

मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2023-2024 विषय-ब-121 कुची प.ह.न. 00016 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - ओमलाल,
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ शासन,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमलाल विश्वकर्मा पिता प्रेमलाल विश्वकर्मा जाति लोहार साकिन कुंची प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा छ.ग. राजस्व मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9(3) भारत शासन के जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13(3) के अंतर्गत अपनी माता डेरहीनबाई पति प्रेमलाल की मृत्यु दिनांक 18.07.2012 को ग्राम कुंची में हो गई है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण ग्राम पंचायत (कुंची) सचिव के पास नही करा पाया है, इसलिए आवेदक के द्वारा अपनी दादी का मृत्यु पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र एवं ग्राम पंचायत जर्वे का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 29.02.2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी)**

न्यायालय नायब तहसीलदार, सण्डी के न्यायालय में मामला क्रमांक 202402211700025

विषय-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2023-2024 कुची प.ह.न. 00016 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार-ओमलाल,
अनावेदक पक्षकार -छत्तीसगढ शासन,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमलाल विश्वकर्मा पिता प्रेमलाल विश्वकर्मा जाति लोहार साकिन कुंची प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा छ.ग. राजस्व मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9(3) भारत शासन के जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13(3) के अंतर्गत अपने पिता प्रेमलाल पिता झुमुक की मृत्यु दिनांक 03.04.2011 को ग्राम कुंची मंले हो गई है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण ग्राम पंचायत (कुंची) सचिव के पास नही करा पाया है, इसलिए आवेदक के द्वारा अपनी पिता का मृत्यु पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र एवं ग्राम पंचायत कुंची का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय मे विचाराधींन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी ब्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 29.02.2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी)**

न्यायालय नायब तहसीलदार, सण्डी के न्यायालय में मामला क्रमांक 202402211700015

विषय-ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन-2023-2024 **देवसुंद्रा (प ह न. 00005),**

पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - पोषणकुमार,
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ शासन,

ईश्तहार

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पोषण कुमार पिता गोकुल जाति तेली निवासी व कास्तकार ग्राम देवसुन्द्रा उप तहसील सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम देवसुन्द्रा प.ह.नं. 5 स्थित भूमि ख.नं. 476/3 रकबा 01860 हे. भूमि पर पोषण कुमार पिता गोकुल जाति तेली के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का किसान किताब कहीं गुम हो गया है जिससे खाद, बीज, व अन्य शासकीय कार्यो में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त भूमि का द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1, खसरा, थाना की कापी, चालान प्रति, अनापत्त्ति प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो नियत पेशी तारीख 28/02/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारीख पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.02.2024 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी)**

न्यायालय नायाब तहसीलदार 02 AA

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00049 गुढियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. आरडी202324440723100039

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम गुढियारी के वर्तमान भूमिस्वामी सोहद्रा साहू पिता/पति-नारायण लाल साहू पता-कृष्ण नगर गुढ़ियारी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1076/3 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ना.बा. उर्वशी साहू पिता/पति-श्री राज साहू पता-कृष्णा नगर रायपुर, राज साहू पिता/पति-श्री रामभज साहू पता-कृष्णा नगर रायपुर, ना.बा. रोशनी साहू पिता/पति-श्री राज साहू पता-कृष्णा नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायाब तहसीलदार 02 AA पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार तहसील - रायपुर**

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202401210900098
अ/20 (1) वर्ष 2023-2024
ग्राम बलौदा बाजार प.ह.नं. 15

//ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/धारक मुकेश कुमार पिता समेलाल जाति तेली निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार के द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित नजूल भूमि शीट नं. 14 डी प्लाट नं. 68/1 क्षेत्रफल 2285 वर्गफीट भू-भाटक 01.44 रू. भूमि जो कि धारक/ आवेदकगण मुकेश पिता समेलाल, ना.वा. छाया पिता कन्हैया वली माँ चंद्रकली पति कन्हैया वो चन्द्रकली पति कन्हैया, रेनू, मीनू, रिंकी पिता बुधेलाल, चंदरबाई पति बुधेलाल, बृजलाल पिता देशपाल, ना.बा. वली माँ सुखदईया वो सुखदईया जौजे देशपाल व चुनगू साहू के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। लीज/पट्टा अवधि दिनांक 31/03/1959 को समाप्त होने के कारण नवीनीकरण किये जाने हेतु मेनटेनेंस खसरा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर (नजूल) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को प्रेषित आवेदन पत्र नजूल अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त भूमि का नवीनीकरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/02/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार बलौदाबाजार**

न्यायालय नायब तहसीलदार, सण्डी के न्यायालय में मामला क्रमांक 202402211700014

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2023-2024 **देवसुंद्रा (प ह न. 00005),**

पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - कातिकराम,
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ शासन,

ईश्तहार

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कातिकराम पिता सेवाराम जाति रावत निवासी वो कास्तकार ग्राम देवसुन्द्रा उप तहसील सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम देवसुन्द्रा प.ह.नं. 05 स्थित भूमि ख.नं. 498/2 रकबा 04570 हे. भूमि कातिकराम पिता सेवाराम जाति रावत के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का किसान किताब कही गुम हो गया है। उक्त किसान किताब खोजने पर नहीं मिला। आवेदक द्वारा द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने हेतु आवेदनमय बी 1 खसरा, अनापत्ति प्रमाण पृ, थाना की कापी संलग्न कर प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो नियत पेशी तारीख 28/02/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारीख पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी)**

न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

// सार्वजनिक नोटिस //

रा.प्र.क्र. 202308210400073 अ/27 वर्ष 2022-23 ग्राम दतान प प.ह.नं. 23 तहसील पलारी,
रेवाराम पिता खम्हन जाति तेली
निवासी ग्राम दतान प कास्तकार प.ह.नं.23
तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार -आवेदक

विरुद्ध

1. चिंताराम पिता खम्हन जाति तेली
2. तेजिया पिता खम्हन जाति तेली
3. जानकी पिता खम्हन जाति तेली

निवासी ग्राम दतान तहसील पलारी

एतद् द्वारा सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रेवाराम पिता खम्हन जाति तेली निवासी ग्राम दतान प तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम दातन प प.ह.नं 23 स्थित भूमि ख.नं. 148/2, 272/1, 1172/3, 1176/1 रकबा 0.235, 0.469, 0.074, 0.401 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 1.179 हे. भूमि रेवाराम, चिंताराम, तेजिया, जानकी पिता खम्हन जाति तेली के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है। उक्त भूमि को 1/4 अंश के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन मय बी-1 खसरा सहित प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आप लोगो की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः उक्त संबंध में नियत पेशी दिनांक 23.02.2023 को इस न्यायालय में नियत समय 11.30 मिनट पर आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करा लेवें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति मानकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही सम्पन्न कराई जावेगी। जिसके लिए आप स्वतः जिम्मेदार होंगे।

आज दिनांक 05.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जाहीर सूचना जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार पलारी**

न्यूज गैलरी

मातृ-पितृ दिवस मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में आज वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती पूजा एवं मातृ-पितृ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की स्थापना एवं पुजन विधि विधान से किया गया। इसके उपरांत मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने माता-पिता का तिलक लगाकर आरती एवं चरण वंदना किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता पृथ्वी पर देव तुल्य है और अपने अभिभावकों का सदैव सम्मान करने की शिक्षा दी। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए जिले की टीम गुजरात रवाना

सक्ती/नवप्रदेश। अण्डर 14 एवं अण्डर 16 एथलेटिक्स स्पर्धा 18 फरवरी तक सरदार पटेल स्पोर्टस सिटी गुजरात यूनिवर्सीसिटी नवरंगपुरा अहमदाबाद गुजरात में आयोजित होगा। इसके लिए जिले की टीम को जिला एथलेटिक्स संघ के मुख्य संरक्षक श्यामसुन्दर अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया एवं छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से ट्रेकसूट प्रदान करते हुए बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएँ दी है। इस राष्ट्रीय स्पर्धा में सक्ती जिला के 13 खिलाड़ी अक्षत यादव, यदुनंदन गोपाल, भृगुनंदन गोपाल, यश देवांगन, वैभव पैकरा, निहाल गुप्ता, हर्ष देवांगन, अविनाश यादव, लक्षिता यादव, दीक्षा यादव, समीक्षा साहू समीक्षा यादव, उर्वशी सांडे एवं 6 अधिकारी निशा साहू, सीमा यादव, विभा गोपाल, भुवनेश्वर साहू, लीलाधर यादव शामिल होंगे। इसके लिए खिलाड़ियों का चयन जिला एथलेटिक्स संघ सक्ती के द्वारा तीन चरण 26 दिसम्बर 23, 7 जनवरी 24 एवं 20 जनवरी 24 को किया गया । उक्त जानकारी एसोसिएसन के सचिव एवं प्रशिक्षक एनपी गोपाल के द्वारा दी गई।

145 हितग्राहियों का नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच व दवाएं

अंबिकापुर/नवप्रदेश। उदयपुर दौरे पर पहुंचे कलेक्टर विलास भोस्कर ने पीवीटीजी बाहुल्य ग्राम खर्रानगर में स्वास्थ्य कैंप करने के निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा विकासखण्ड उदयपुर के ग्राम खर्रानगर में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम सितकालो, मतरिंगा एवं खर्रानगर के लाभार्थी शामिल हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर मे कुल 145 लाभार्थी उपस्थित हुए जिनका शत-प्रतिशत सिकलिन जांच किया गया। 3 गर्भवती महिलाओं की एएनसी यानी प्रसव पूर्व जांच की गई। इसी तरह कुल 18 बच्चों की भी मेडिकल जांच की गई। इसी दौरान 5 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड भी मौके पर ही बनाया गया। 3 मधुमेह, 2 उच्च रक्त चाप वाले मरीजो की पहचान हुई। सामान्य सर्दी-खासी, अन्य मौसमी बीमारियों से ग्रसित हितग्राहियों को उचित परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराया गया। कैंप मे जनरल सर्जन डॉ. कान्ता सिह, ग्रामीण चिकित्सा सहायक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिहरलाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ आनन्द जायसवाल, ए.एन.एम. चन्द्रावती मरावी, ए.एन.एम. राखी हरदाहा, एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

जर्जर भवनों में लग रहे स्कूल, भगवान भरोसे बच्चे

जनप्रतिनिधियों ने ध्यान भी दिलाया मगर कोई कार्रवाई नहीं

मुंगेली/नवप्रदेश। सत्ता परिवर्तन के पश्चात जहां अन्य जिलों में सत्ता परिवर्तन का असर नजर आ रहा है। लगातार कार्यवाहियां,सहित विकास के कार्य की जा रही है। विकास के कार्यो को प्राथमिकता दी जा रही है और प्रशासन द्वारा लगातार चल रहे अवैध कार्यो पर पाबंदी लगाने के लिये ताबड़-तोड़ कार्यवाही की जा रही है। वही जिले में सत्ता परिवर्तन का असर देखने को नही मिल रहा है। विकास की बात करे तो नगर सहित ब्लाक के अंतर्गत अनेक विद्यालय भवन बेहद पुराने और अत्यंत जर्जर भवनों में लग रहे है। जहां बच्चें असुरक्षित हैं। जनप्रतिनिधियों ने इस संदर्भ में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज पर्यन्त इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। शिक्षा सत्र समाप्त होने मे कुछ दिन ही बाकि रह गये है। लेकिन शिक्षा विभाग शिक्षा से संबंधित मूलभूत समस्याओं को दूर करने में नाकाम साबित हो रही है। स्कूल भवन के अलावा अन्य संसाधनों को उपलब्ध कराने का कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिसके चलते आज भी कई स्कूल भवन जर्जर स्थिति में है। कई बार शिकायतों के बाद भी इन भवनों के दुरूस्तीकरण नही किया जा सका है।इन जर्जर और टूटे-फूटे फर्नीचर रहित स्कूल भवनों में बच्चे अपना भविष्य गढ़ने मजबूर है। जिले में हर वर्ष स्कूलों में सभी सुविधाएं मुहैया कराये जाने के उद्देश्य से लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी स्कूल भवन की स्थिति जर्जर है। आज भी मुंगेली ब्लाक में ऐसे अनेक स्कूल संचालित है जहां सुव्यवस्थित बैठक, नवीन भवन शौचालय, खेलकूद मैदान, बिजली, पेयजल, श्रेष्ठ शिक्षकों की अव्यवस्थाओ पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिले में शिक्षा का स्तर उठाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है। उच्चाधिकारियों के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। किन्तु नगर में ही अनेक जर्जर स्कूलों का सुधार कार्य नही हो सका है।रायपुर रोड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला रामानुज, शासकीय प्राथमिक शाला रामाबाई पाण्डेय के संबंध में कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी इन स्कूलों की दशा नही बदल पाई है। संयुक्त कलेक्टर के दौरे के बाद स्कूल की स्थिति सुधारने के लिये आदेश भी निकाले गये थे। किन्तु अमल नही होने के कारण आज भी स्कूल जर्जर स्थिति में है। शिक्षा विभाग की विसंगतियों के चलते कई स्कूलों में जहां टाईल्स लगवा दिये गये है वही कई स्कूल के प्लास्टर और जमीन की फ्लोरिंग भी टूट-फूट गई है। इन्ही टूटे-फूटे फ्लोरिंग पर बच्चे बैठने पर मजबूर है।

राजीव गांधी शिक्षा मिशन, सर्वशिक्षा अभियान के तहत प्राप्त आकंड़े अनुसार मुंगेली ब्लाक में लगभग 44 शासकीय शाला भवनों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इस कारण शालाओं को मंगल भवन, स्कूलों के अतिरिक्त कक्ष से लेकर आंगनबाड़ी में या फिर टूटे-फूटे भवनों में शाला संचालित की जा रही है। अनेक भवनों की स्थिति ऐसी हो गई जिसका मरम्मत करना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है। फिर भी डिस्मेंटल नहीं किया जा रहा है। शासकीय विद्यालय के भवनों में दरारे और छत में पानी रिसाव के बाद भी विद्यालय संचालित की जा रही है। वहीं कई भवने ऐसी है जो जर्जर हो चुकी है। उसके बाद भी स्कूल संचालित की जा रही है। ऐसा लगता है कि शासन-प्रशासन कोई अप्रिय घटना को आमंत्रित कर रही है। उल्लेखनीय है कि शासकीय प्राथमिक शाला रामानुजस्कूल में कक्षा पहली से लेकर पाचवी तक संचालित की जा रही है। जहां लगभग एक पचास छात्र-छात्रायें अध्ययनरत हैं। जहां भवन से लेकर शिक्षक, खेलकूद मैदान सहित मूलभूत सुविधाएं की कमी है। जर्जर भवन से बच्चों की जान को खतरा है। इस संदर्भ में शिक्षकों से पूछने पर उन्होंने बताया कि ऐसे भवन बच्चों के सुरक्षा की दृष्टिकोण से बहुत ही खतरनाक है।

अग्निवीर भर्ती, आवेदकों के लिए कोचिंग होगी शुरू

अंबिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि भारतीय वायुसेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए 11 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए है। आवेदकों के लिए 17 मार्च को कम्प्युटर से आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा होनी है। सरगुजा जिले के निवासी ऐसे आवेदक जिन्होने अग्निवीर भर्ती से आवेदन किया है। उन्हें निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए 16 फरवरी तक आवेदन का मौका दिया गया है।

लोक अदालत 9 मार्च को

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में 9 मार्च को होने वाले नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु कुल 24 खंडपीठों की स्थापना की गई है। खंडपीठों हेतु कलेक्टर सरगुजा, अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार पीठासीन अधिकारी होंग तथा प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा नोडल अधिकारी होंगे। राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नेशनल लोक अदालत दिवस पर राजस्व दाण्डिक, भू-अर्जन, आरबीसी 6-4 व विविध प्रकरणों का निराकरण करेंगे तथा न्यायालय अवधि समाप्त होते ही निराकृत प्रकरणों की जानकारी ई-मेल, व्हाट्सएप, फैक्स या विशेष वाहक के माध्यम से कलेक्टर सरगुजा के कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करेंगे।

19 फरवरी को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर द्वारा 19 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी नियोजक ई-कॉम एक्सप्रेस लिमिटेड मंजूषा टायपिंग गली नियर निशांत मेडिकल देवीगंज रोड घड़ी चौक अम्बिकापुर के डीसी मैनेजर श्री आलोक कुमार पाठक उपस्थित रहेंगे। जिसके अन्तर्गत डीलीवरी पार्टनर के 15 पदों के लिए भर्ती किया जाना है। इस पद हेतु आवेदन के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। संभावित वेतन 15,000 से 20000 या 15 रूपये प्रति पार्सल निर्धारित किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। नियुक्ति की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्यालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधाप्रदाता के रूप में होगी। उक्त जानकारी देते हुए उपसंचालक रोजगार ने बताया कि योग्यता रखने वाले आवेदक अपने साथ बायोडाटा एवं शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, पासपोर्ट साईज की 2 फोटो, आधार कार्ड नम्बर, पैन कार्ड, रोजगार पंजीयन क्रमांक एवं पूर्ण पता के साथ 19 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गंगापुर, अम्बिकापुर में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

फ्लैश मॉब, नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया मतदान करने के लिए जागरूक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में गुरुवार को स्वीप सरगुजा के तत्वावधान में सरस्वती महाविद्यालय और जन शिक्षण संस्थान के छात्रों ने शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कम वोटिंग प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं कलेक्टर ने सभी नव मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट से लेकर महामाया मंदिर तक पहुंची जिसमें विभिन्न चौक चौराहों मैं रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। विशेष कर ऐसे मतदान केंद्र जहां मतदान का प्रतिशत पिछले निर्वाचन की तुलना में कम रहा है। इस रैली के माध्यम से उन क्षेत्रों को विशेष फोकस किया जा रहा है। युवा और शहरी मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक करने इस रैली के माध्यम से जोड़ने की कवायद की जा रही है।

जन शिक्षण संस्थान और सरस्वती महाविद्यालय के माध्यम से प्रत्येक चौक चौराहा में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक और फ्लैश मोब का आयोजन भी किया गया। मतदाता जागरूकता रैली और महामाया मंदिर से होते हुए सती पारा ,पुराना बस स्टैंड, से होते हुए गांधी स्टेडियम में समाप्त हुई। जहां युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ ली गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, स्वीप सहायक नोडल गिरीश गुप्ता, जिला स्वीप टीम एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

मैनपाट महोत्सव की तैयारियों का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मैनपाट महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया। रोपाखार जलाशय के नजदीक निर्धारित महोत्सव स्थल में डोम निर्माण, मंच एवं स्थल की साज-सज्जा, साफ-सफाई, हेलीपैड, रंग रोगन आदि का काम चालू है। कलेक्टर एवं एसपी ने महोत्सव स्थल पहुंचकर सारी तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर भोस्कर ने इस दौरान मुख्य अतिथियों के लिए आवश्यक तैयारियां, मंच पर बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकारों का लाइन अप, महोत्सव स्थल पर वीआईपी, मीडिया, अधिकारियों और आम जन की बैठक व्यवस्था, स्टॉल निर्माण, हितग्राहियों को सामग्री वितरण, पार्किंग की व्यवस्था, रूट चार्ट आदि की जानकारी, बोटिंग प्वाइंट रोपाखार और एडवेंचर स्पोर्ट्स स्थल मेहता प्वाइंट में सुरक्षा हेतु जरूरी सावधानियों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय कर कार्यक्रम को सफल बनाना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस और राजस्व की टीम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रूट चार्ट और पार्किंग व्यवस्था को सहज और सुलभ बनाने के लिए जगह जगह आवश्यक साइन बोर्ड जरूर लगाएं जिससे लोगों को आवागमन में किसी तरह की समस्या ना हो और प्रशासनिक व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला पहुंचे छत्तीसगढ़ विधानसभा

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला आज छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचे जहां विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उनका स्वागत किया। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला को प्रतीक चिन्ह भेंट किया साथ ही दोनों के बीच विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ

अरपा महोत्सव 2024: हिन्दीवाहिनी वार्षिक पत्रिका के द्वितीय अंक का विमोचन

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के चतुर्थ स्थापना दिवस पर आयोजित अरपा महोत्सव कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि पर्यटन संस्कृति एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं कार्यक्रम अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों सहित जिले की कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया द्वारा जिला प्रशासन की ओर से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक, टेबल कैलेण्डर सहित आनंद फाउंडेशन द्वारा जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही से प्रकाशित की जाने वाली वार्षिक पत्रिका हिन्दीवाहिनी का विमोचन किया गया। हिन्दीवाहिनी पत्रिका के संपादक युवा साहित्यकार एवं छग राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आशुतोष आनंद दुबे ने

बताया कि हिन्दीवाहिनी पत्रिका साहित्य, संस्कृति तथा जिले की विशेषताओं को प्रमुखता से जनव्यापी बनाने तथा साहित्य एवं संस्कृति के संवर्धन तथा प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से इसका प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका का प्रथम अंक हिन्दी विशेषांक था तो वहीं यह द्वितीय अंक प्रकृति-पर्यावरण एवं पर्यटन विशेषांक के तौर पर तैयार किया गया है। इस अंक में प्रकृति, पर्यावरण के प्रति सुधारात्मक दृष्टिकोण, जलवायु परिवर्तन के प्रति गहरी चेतना एवं विमर्श तथा साथ ही जिले के विशिष्ट पर्यटन स्थलों का दृष्टांकन किया गया है। इस दौरान पत्रिका के संपादक आशुतोष आनंद दुबे ने कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं श्याम बिहारी जायसवाल को स्वरचित जिला गीत की कृति भेंट कर उनका सम्मान किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग-4 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्नालाल पिता बहुरसिंह निवासी ढाबा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूस्वामी हक की भूमि ग्राम ढाबा प.ह.न 04 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1369, 1379, 1441 रकबा 0.2600, 0.2500, 0.2200 हे. भूमि का खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 29.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री नयुनी यादव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202402100400262/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री नयुनी यादव आ. श्री कबूतर यादव निवासी गौतम नगर सुपेला भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	453/17	0.0010 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री बाला सुब्रमण्यम सुन्दरम | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202402100400261/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री बाला सुब्रमण्यम सुन्दरम आ. स्व. पी.बी. सुब्रमण्यम निवासी ग्राम रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	286/4	0.0020 हें	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400319/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका संगीता भारती आ./पति नरेन्द्र कुमार भारती निवासी उमरपोटी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 792/3 रकबा 0.020 हें/ 1620 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400049/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शशिनाथ आ./पति ए.नाथ निवासी सेक्चर-10 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1229/27 रकबा 0.0140 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400050/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका आइरिस कंचन रंधावा आ./पति विमल रंधावा निवासी सेक्चर-10 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1229/26 रकबा 0.0140 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00001 जामुल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5106203112023048

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम जामुल के वर्तमान भूमिस्वामी दुखित पिता/पति दरबारी पता जामुल के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 473/22 (0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कौशिल्या पटेल, गीता पटेल, रुखमणी बाई, रामकुमार पटेल पिता/पति दुखितराम पटेल पता पुरैना तह. भिलाई 03 तह. व जिला दुर्ग, झुनाबाई, राजूलाल पटेल, किशोर कुमार पटेल, पिता/ पति स्व. खोरबाहरा पटेल पता डिडगा तह. पाटन जिला दुर्ग, फेकन पटेल, यशवंत कुमार पटेलल, प्रीति पिता/पति उत्तर पटेल पता जामुल तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनय तिवारी पिता स्व. प्रकाश तिवारी निवासी मैत्रीकुंज रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 223/54, 22/14, 23/13 रकबा 0.0590, 0.0300, 0.0400 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मनोरमा देवी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूरनलाल पटेल पिता सतईराम पटेल निवासी ग्राम आशीष नगर पूर्व रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 536/12 रकबा 0.0100 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार पत्नि रामरती पटेल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

नक्सली सरकार से वार्ता के लिए तैयार, रखी शर्तें

बीजापुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में नक्सलवाद उन्ममूलन के लिए लगातार शासन-प्रशासन काम कर रही है। हाल ही में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से वार्ता करने की बात रखी थी। इस पर नक्सलियों का जवाब आया है। बता दें कि, नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के वार्ता प्रस्ताव को बेईमानी, दमन और धोखा कहा है। नक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल ज़ोनल कमेटी ने वार्ता के लिए खुले तौर पर हामी भरी है। उन्होंने वार्ता के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की मांग रखी है। शर्तें पूरी करे सरकार, फिर होगी बातःनक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल ज़ोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने कहा कि, मुठभेड़ों और क्रॉस फायरिंग के नाम पर झूठी मुठभेड़ों में आदिवासियों की हत्या करना बंद करें। तमाम सशस्त्र बलों को 6 माह के लिए बैरकों थाना और कैम्पों तक सीमित करें। नए कैम्प स्थापित करना बंद किया जाए और राजनीतिक बंदियों को रिहा किया जाए। अगर सरकार हमारी इन मांगों को पूरा करती है तो हम सीधी या मोबाइल के जरिए बातचीत के लिए सामने आएंगे।

प्राथमिक शाला में हर्षोल्लास से मनाया गया बसंत पंचमी

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत महली में बसंत पंचमी पर ज्ञानदायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा पाठ और प्रसाद वितरण किया गया. शासन के आदेशानुसार 14/02/2024 को मातृ पितृ पूजन दिवस का भी आयोजन विद्यालय में किया गया जिस बच्चो ने अपने माता पिता के आरती पूजा कर आशीर्वाद लिया जिस में बच्चो और पालको में जबरदस्त उत्साह देखा गया आज ही प्राथमिक शाला के बच्चो को प्राथमिक शाला महली के नए भवन पर प्रवेश दिया गया इस अवसर पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि श्री रघुराई चंद्राकर शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश चंद्राकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जी पी बनर्जी संकुल समन्वयक श्री ईश्वर तिवारी पूर्व माध्यमिक शाला महली के प्रधान पाठक श्री सोमनाथ साहू पूर्व माध्यमिक शाला कुंडा के प्रधान पाठक श्री मोहन राजपूत पूर्व माध्यमिक शाला हथमुड़ी की प्रधाम पाठक श्रीमती स्मृति द्विवेदी पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका श्रीमती उमा पाठक प्राथमिक शाला महली के प्रधान पाठक पवन पाठक शिक्षक श्री सुरेश देवांगन श्रीमती बिंदु राजपूत श्रीमती सुधा क्षत्रिय श्रीमती इन्द्राणी सत्यम प्रहलाद चंद्राकर बद्री यादव सहित पालक ग्रामवासी और विद्यालय के समस्त बच्चो की भारी संख्या में उपस्थिति में सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

नवागढ़ में शिशु संरक्षण माह की हुई शुरुआत

नवागढ़/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ के निर्देश पर ब्लॉक में शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 09 माह से 05 साल तक के बच्चों को विटामिन ए, 06 माह से 05 साल तक के बच्चों को आयरन सिरप, बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती जांच, कुपोषित बच्चो को चिन्हित करना, पोषण सलाह प्रदान किया जाना है। अलग अलग ग्रामो में रोस्टर आधार पर उक्त गतिविधियों का अयोजन 16 फरवरी से 22 मार्च तक किया जाना है।

इसी के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। जिसमें खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एमएम रज़ा, विधायक के प्रतिनिधि स्वरूप मिंटू बिसेन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव, पार्षद रमेश निषाद, हेमंत सोनकर एवं विभागीय अधिकारी सीके देवांगन बीपीएम, यूआर ध्रुव प्रभारी एनएमएस की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों को विटामिन ए पिलाकर एवम आयरन सिरप वितरण करके किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर एन पासवान, फार्मासिस्ट नवरंगे व पांडेय, नर्सिंग इंचार्ज वसुधा पटेल, ग्रा स्वा संयोजक अम्बालिका सिंह, सपना यादव, मितानिन सेवती साहू उपस्थित रहे।

चमत्कार, मृत महिला अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय हो गई जिंदा

- बेगूसराय के सदर अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है इलाज
- मामले में डॉक्टर का कहना है कि, ये किसी चमत्कार से कम नहीं

कोरबा/नवप्रदेश। एक बेहद चौकाने वाला मामला सामने आया है. एक वृद्ध महिला को डॉक्टरों ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया. जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए अपने गांव जा रहे थे, लेकिन रास्ते में वृद्ध महिला जिंदा हो गई. महिला को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. अब लोग इसे किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं.

बता दें कि बिहार की रहने वाली 72 वर्षीय महिला को छत्तीसगढ़ के कोरबा में डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया था. परिजन जब उसका दाह संस्कार करने के लिए बेगूसराय ला रहे थे तो वह बिहार पहुंचते ही जिंदा हो गई और फिलहाल महिला का इलाज बेगूसराय के सदर अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है.

मामले में डॉक्टर का कहना है कि, ये किसी चमत्कार से कम नहीं है. हॉट ब्लॉक होने की वजह से सांस रुकने पर छत्तीसगढ़ में मृत घोषित किया गया होगा लेकिन चारपहिया वाहन से लाने के दौरान रास्ते में जर्क से सीपीआर की वजह से फिर सांस चलने लगी है. फिलहाल महिला की स्थिति ठीक है और सदर अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार, बेगूसराय जिले के नीमा चांदपुरा थाना इलाके की निवासी रामरती देवी (72) अपने पुत्र के पास छत्तीसगढ़ के कोरबा में रह रही थी. बीते रविवार को रामरती देवी की तबीयत अचानक बिगड़ी तो उसे कोरबा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया. इलाज के दौरान वहां के डॉक्टर ने रामरती देवी को मृत घोषित कर दिया.

महिला की मौत के बाद परिजन उसे स्कार्पियो वाहन से अपने गांव बेगूसराय के लिए चल पड़े. रास्ते में औरंगाबाद के आसपास जब महिला के पुत्र मुरारी ने मां के शव को एक बार फिर हाथ लगाया तो शरीर में कुछ हलचल महसूस हुई।

अवैध रेत परिवहन, 50 हाईवा समेत ट्रैक्टरों पर कार्रवाई

- राजस्व मंत्री के गृह जिले में प्रशासन को लगाया जा रहा चूना

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री के गृह जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायतों के बाद गुरुवार को प्रशासन जागा. कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर बलौदाबाजार के सभी विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार की विशेष टीम बनाकर एक साथ दबिश दी गई. रात में शुरु हुई इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में बगैर रायल्टी पर्ची और ओवर लोड गाड़ियों को जब्त किया गया है.

रात में संचालित खदानों से सात चैन माउंटेन मशीन और रेत का परिवहन करते 50 से ज्यादा हाईवा समेत ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई है. फिलहाल शासकीय आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हुए हैं. लिहाजा ये आंकडा बढ़ भी सकता है. वहीं कार्रवाई की जानकारी ना तो खनिज अधिकारियों को दी गई और ना ही पुलिस विभाग को. कार्यवाही प्रारंभ होने पश्चात लगभग 10 बजे पुलिस को जानकारी दी गई. अवैध परिहवन से प्रशासन को राजस्व की हानि होती है.जानकारी के मुताबिक रेत खदान संचालकों द्वारा एक पर्ची काटकर दो से तीन बार उस गाड़ी को महानदी से रेत परिवहन के लिए दिया जाता है. वहीं रायल्टी पर्ची एक हाईवा का 2500 रुपये काटा जाता है. लेकिन वाहन मालिक से 8500 रुपये अतिरिक्त रेत भरने का लिया जा रहा है. जिससे आम नागरिक को रेत की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है. सूत्र ये भी बताते हैं कि इस खेल में खनिज अधिकारियों का भी हाथ होता है. जिन्हें एक बड़ी रकम हर महीने पहुंचा दी जाती है. इतना ही नहीं प्रशासनिक कर्मचारियों को भी हिस्सा दिया जाता है. ताकि शासन की कार्रवाई के पहले ही खदान संचालकों को कार्रवाई की भनक लग सके. इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पिछले साल पलारी विकासखंड के मोहान रेत खदान में देखने मिला था. जहां कार्रवाई की सूचना मिलते ही वाहन महानदी से गायब हो गये थे. अब देखना ये होगा कि इस बड़ी कार्रवाई के बाद राज्य शासन को राजस्व की हानि पहुंचाने वाले रेत खदानों के माफियाओं पर क्या कार्रवाई होती है.

नरधा के कक्षा 12वीं की विद्यार्थियों को दी गई विदाई

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। महत लालदास उच्य माध्य. विद्यालय नरधा में दिनांक 15.02.2024 को कक्षा 11वी की छात्र छात्राओं को परम्परा अनुसार कक्षा 12वी छात्र छात्राओं को विदाई दिया गया ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को उपहार देकर सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती गुंजा नवरत्न,अध्यक्षता प्राचार्य पी.एल.पटेल ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के अध्यक्ष एस. एल. नवरत्न सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नाचा - गम्मत से ग्रामीणों को दी जा रही राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जनसपर्क विभाग द्वारा नारायणपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वेन तथा कला जत्था के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके माध्यम से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कलाकारों के द्वारा जानकारी रोचक ढंग से शासन की जन कल्याणकारी योजनों की जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत 15 फरवरी को जिले के ग्राम मरकाबेड़ा, फरसगांव और छोटेडोंगर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

कला जत्था के माध्यम से ग्रामीणों को महतारी वंदन योजनाए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, श्री रामलला दर्शन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आयुषमान योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन, आयुष्मान योजना सहित शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी स्थानीय भाषा में दी गई

केंद्रीय मंत्री रूपाला आज डोंगरगांव में

- सुखरी मोड़ पर कार्यकर्ता करेंगे स्वागत

डोंगरगांव/नवप्रदेश। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री पुरषोत्तम रूपाला का कल डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुखरी में सुबह 11 बजे आगमन हो रहा है। वे यहां एबीस फिश फीड प्लांट का शुभारंभ करेंगे। उनके साथ सांसद संतोष पाण्डेय जी भी रहेंगे। पहली बार विधानसभा क्षेत्र में आ रहे केन्द्रीय मंत्री का भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा सहित अनेक मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम सुखरी में भव्य स्वागत किया जायेगा।

मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता तथा मीडिया सेल प्रभारी लोकेश यदु लल्ला ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि किसी केन्द्रीय मंत्री का यहां आगमन हो रहा है। एबीस कंपनी के अनेक प्रकार के प्लांट सें पहले भी क्षेत्र के अनेक लोगों को रोजगार मुहैया हो रहा है। अब नवीन फिश फीड प्लांट के शुभारंभ होने से यहां के लोगो के लिए अनेक रोजगार के अवसर पर खुलेंगे। उन्होनें समस्त भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कल सुबह 11 बजे आवश्यक रूप से सुखरी चौक में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने की अपील की है।

उन्नत कृषि तकनीक अपनाने किसानों को किया प्रोत्साहित

- कलेक्टर ने किया प्रगतिशील कृषकों की खेती का अवलोकन
- अपरम्परागत फसलों को बढ़ावा दिए जाने की समझाइश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा आज ब्लॉक गीदम अंतर्गत उन्नत कृषि कर रहे प्रगतिशील कृषकों की खेती का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने कृषकों से चर्चा करते हुए उन्हें कृषि की उन्नत विधियां एवं तकनीक अपनाने पर बल देते हुए क्षेत्र में अपरम्परागत फसलों को भी बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कृषकों से यह भी कहा कि वे अपने आस-पास के अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस क्रम में कलेक्टर ग्राम घोटपाल पहुंचकर कृषक धनीराम की कृषि भूमि का अवलोकन किया यहां उक्त कृषक द्वारा अपने खेत में आधुनिक विधि से करेला शाक का उत्पादन किया जा रहा है। इसे देखकर कलेक्टर ने उक्त कृषक को प्रोत्साहित करते हुए अन्य किसानों को भी इसी प्रकार सुविधा देने तथा क्षेत्र में क्लस्टर बनाने के लिए उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां एक अन्य कृषक लक्ष्मण द्वारा की जा रही टमाटर की खेती को भी देखा। तत्पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पुरनतराई में कृषक ''मारोराम'' के यहां मसूर दाल की उन्नत खेती का अवलोकन किया और उसका उत्साहवर्धन करते हुए अन्य कृषकों को भी इसी प्रकार अनुसरण करने की समझाइश दी। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान क्रम में कलेक्टर बड़े तुमनार स्थित पटेल पारा के प्रगतिशील कृषक चामसिंह और मुराराम से भी मिले और उनकी सब्जी बाड़ी में श्री विधि से लगाये गये फसलों का भी जायजा लिया। उक्त कृषकों ने अपनी कृषि में विभागीय मार्गदर्शन से ''जीवामृत एवं हंडीदवा'' जैसी जैविक पद्धतियों का प्रयोग किया हुआ है। और ये कृषक डंकिनी नदी के कछार तट पर पंप के सहारे सिंचाई कर शाक-सब्जी की उत्पादन कर रहे है। इस मौके पर कलेक्टर ने उक्त कृषकों से जैविक खेती की पद्धतियों से अवगत होकर कृषि विभाग को इसी प्रकार 3-4 किसानों के बीच गौमूत्र संग्रहण हेतु पक्का फ्लोर बनाने के निर्देश दिये। उक्त कृषकों द्वारा अपनी भूमि के कुछ हिस्से पर अन्नानस फल पौधे का भी रोपण किया हुआ है। इससे प्रभावित होकर कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को अन्य कृषक परिवारों की आय वृद्धि हेतु प्रगतिशील कृषि तरीकों के उपयोग पर प्रोत्साहन देने को कहा।

बसंत पंचमी पर बच्चों के लिए विद्यारंभ संस्कार यज्ञ

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। पंचमी उत्सव में हवन पूजन का आयोजन किया गया । जिसमें यजमान स्वरूप यज्ञों में जेएन दास-प्रमिला दास, गोविंद कर्मकार- नीलिमा कर्मकार, आकाश सिंह- पूनम सिंह, यशवंत मरकाम- हेमलता मरकाम की उपस्थिति में हुआ। शुभारंभ आचार्य अविनाश चौबे के द्वारा मंत्रोपचार के माध्यम से मां सरस्वती के छाया चित्र में द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। संस्था प्रमुख थानुराम सिन्हा मार्गदर्शन में बसंत पंचमी के प्रभारी सुनीता साहू के नेतृत्व में आनंद मेला के प्रभारी शकुंतला सिंह और मातृ सम्मेलन के प्रभारी भावना सिन्हा और सभी आचार्यों के देखरेख में नगर एवं पोषक ग्रामों के लगभग 80 नव निहाल बच्चों का विद्यालय में प्रवेश पूर्व वैदिक रीति से आचार्य अविनाश चौबे जी द्वारा स्लेट पूजन कर विद्यारम्भ संस्कार किया गया।सरस्वती शिशु मंदिर भानुप्रतापपुर के वरिष्ठ पूर्व संस्थापक एवं पूर्व समिति के सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आधार सिंह ठाकुर, दिलदार सिंह ठाकुर, मदन गिरी गोस्वामी जी, खुमा राम चौधरी, चंद्रप्रकाश शिवहरे, सचिन दुबे का सम्मान वर्तमान समिति के व्यवथापक सोमदेव नायक, कोषाध्यक्ष मनसुखलाल मिश्रा, सहसचिव रजिंदर कौर जी, सदस्य त्रिभुवन यादव, भावेश साहू द्वारा श्रीफल, अंग वस्त्र एवं हार पहनाकर सम्मानित किया गया।

गुरुकुल में मनाया गया ग्रैंड पैरेंट्स डे

कवर्धा/नवप्रदेश। जिलें की प्रमुख शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल ने विद्यार्थियों में अपने वरिष्ठ पालकों यथा दादा-दादी, नाना-नानी के प्रति श्रद्धा भाव जागृत करने के उद्देश्य से गुरुवार 15 फरवरी को वरिष्ठ पालक दिवस (ग्रैंड पेरेंट्स डे) मनाया। नर्सरी से लेकर के. जी. टू के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य ने वरिष्ठ पालकों का आत्मीय स्वागत किया तथा बच्चों एवं वरिष्ठ पालकों के अंतरसंबंधों को समझाया। बच्चों ने भी अपने दादा-दादी व नाना-नानी का स्वागत किया। उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में पधारे दादा, नाना आदि वरिष्ठ पालकों ने भी अपने अनुभव को व्यक्त कर नौनिहालों को आशीर्वाद दिया। सिंगिंग स्पर्धा में पुरूष वर्ग में एमआर महोबिया प्रथम, यशवंत धुर्वे द्वितीय, पीके गुप्ता तृतीय रहे एवं महिला वर्ग में

श्रीमती अंजना केशरवानी प्रथम, श्रीमती लता चौधरी द्वितीय एवं श्रीमती विभा झा तृतीय रहे। बाल गेम स्पर्धा में श्री एवं श्रीमती पी.के.गुप्ता प्रथम, श्री एवं श्रीमती उदय चौधरी द्वितीय एवं श्री एवं श्रीमती करूणा धुर्वे तृतीय एवं श्रीमती श्यामा देवी रहे।

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में हुए विविध कार्यक्रम

साजा/नवप्रदेश। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला साजा में 14 फरवरी विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय में मातृ पितृ पूजन दिवस, बसंत पंचमी कार्यक्रम एवं अंगना में शिक्षा जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख त्रिभुवन वैष्णव ने अपने उद्बोधन ने कहा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत महिलाओं को अपने घर पर ही बच्चों को शिक्षा देने के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर यह आयोजन किया गया हैं। जिसमें कक्षा 1 एवं कक्षा 2 की माता को शामिल किया गया।

घर में शिक्षा देना मुख्य उद्देश्य - बच्चों की बौद्धिक स्तर पर हुए सर्वे के आधार पर राज्य शिक्षा अनुसंधान ने पूरे राज्य में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम को लागू किया गया हैं, जिसका प्रतिफल भी बेहतर मिल रहा हैं। कार्यक्रम में 5 से 8 वर्ष के बच्चों के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने उनके शारीरिक व बौद्धिक विकास में वृद्धि के लिए इस तरह का आयोजन किया जा रहा हैं। गौरतलब है कि बच्चों की शारीरिक व बौद्धिक विकास का आकलन कर स्कूल पूर्वा ही घर पर माता के माध्यम से घर के माहौल में खेल-खेल में क्षमताओं एवं दक्षताओं को प्राप्त करना तथा घर में उपलब्ध सामग्रियों का टिएलम का उपयोग कर बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सकता हैं।

छात्राएं राज्य स्तरीय कार्यशाला में हुई शामिल

बालोद/नवप्रदेश। शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर की चार छात्राओं ने शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद के द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में 13 और 14 फरवरी को भाग लिया। ''युवाओं के विकास में खेलकूद का महत्व और युवाओं को आपात्कालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करने में रेडक्रास की भूमिका'' विषय पर केंद्रित इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग तथा यूथ रेड क्रास इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर में रेड क्रास के प्रभारी प्राध्यापक सुनील कुमार साहू तथा क्रीड़ा अधिकार महेन्द्र रजक,मोनिका साहू, रिंकी यादव, दीपिका नेताम तथा खेममलता साहू कार्यशाला में शामिल हुए। राज्य स्तरीय कार्यशाला में विभिन्न संस्थाओं से 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के प्रथम दिवस पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्रीड़ा विभाग की अध्यक्ष डॉ रीता वेणुगोपाल ने बताया कि खेलकूद से न सिर्फ हम शारीरिक रूप् से स्वस्थ रह सकते हैं बल्कि कई प्रकार से हम इसे अपने जीवन यापन का साधन भी बना सकते हैं। ायपुर से आयी मनोविशेषज्ञ डॉ प्रियंवदा श्रीवास्तव ने बताया कि मानसिक रूप से मजबूत व्यक्ति न सिर्फ खेल बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सकता है।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी, के राज्य मुख्यालय से आये प्रशिक्षक बालमुकुन्द दुबे ने बहुत ही अच्छे ढंग से युवाओं को आपात्कालीन परिस्थिति में भी संतुलित ढंग से काम करने को तैयार रहने की जानकारी दी। उनके द्वारा कार्डियो-पल्मोनरी-रिससिटेशन यानी सीपीआर की प्रक्रिया को समझाया तथा इसके अभ्यास से बहुत सारे लोगों की जान बचायी जा सकती है। बालोद के पशु चिकित्सा विभाग से आये डॉ बी डी साहू ने सांप, बिच्छू, मधुमक्खी, ततैया, कुत्ता आदि जंतुओं के काटने पर क्या किया जाये इस बारे में बहुत सरलता से अपनी बात रखी।

कॉमन फैसिलिटी सेंटर और गौसंवर्धन शोध केन्द्र का भ्रमण

- कलेक्टर ने मिलेट उत्पादक कृषकों को परियोजना से जोड़ने व गौवंश की रखरखाव के संबंध में दिए निर्देश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा ग्राम बड़े सुरोखी में प्रस्तावित मिलेट प्रसंस्करण आधारित कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि परियोजना की स्थापना का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना अंतर्गत मिलेट प्रसंस्करण कर मिलेट आधारित फ्लेक्स एवं विभिन्न तरह के बेकरी उत्पाद जैसे बिस्किट, कुकीज, ब्रेड, केक इत्यादि प्रोडक्ट तैयार किए जाएंगे।

इस क्रम में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा बीज निगम एवं सिटकॉन के अधिकारियों को कृषि विभाग से समन्वय स्थापित कर मिलेट उत्पादन करने वाले कृषकों की मैपिंग करने एवं उनका एफपीओ (कृषक निर्माता संगठन) तैयार कर परियोजना से जोड़े जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने योजना संचालन हेतु आवश्यक कुशल और अकुशल श्रमिकों की भर्ती स्थानीय स्तर पर किए जाने का भी निर्देश दिया। मालुम हो कि परियोजना के माध्यम से तैयार किए जाने वाले उत्पाद की मार्केटिंग नाफेड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर की जावेगी और परियोजना स्थापना के लिए आवश्यक बजट एनएमडीसी एवं जिला खनिज न्यास निधि से प्रदान किया जा रहा है। इसक साथ ही कलेक्टर ने ग्राम टेकनार स्थित मां दंतेश्वरी गौ संवर्धन एवं शोध केन्द्र का भी निरीक्षण करते हुए गोवंशों के रखरखाव सहित सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी और उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को निर्देश दिया कि वर्तमान में उपलब्ध गायों को गौ-दान किये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार करें और उपरोक्त गौ संवर्धन केन्द्र संचालक को केन्द्र में समुचित और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

बेन डकेट का शतक, इंग्लैंड की अच्छी शुरूआत

राजकोट। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट में खेला जा रहा है। निरंजन शाह स्टेडियम में भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 131 और रवींद्र जडेजा ने 112 रन बनाए। इंग्लैंड से मार्क वुड ने 4 विकेट लिए। फिलहाल दूसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। इंग्लैंड ने एक विकेट के नुकसान पर 176 रन बना लिए।

बेन डकेट और ओली पोप क्रीज पर हैं। डकेट 88 बॉल पर अपने करियर का तीसरा शतक लगा चुके हैं।रविचंद्रन अश्विन ने जैक क्रॉले को पवेलियन भेजा। क्रॉले 15 रन बनाकर आउट हुए। वह अश्विन के टेस्ट करियर का 500वां विकेट बने।इंग्लैंड ने 27वें ओवर में ही अपने 150 रन पूरे कर लिए। बेन डकेट फिफ्टी बनाकर ओली पोप के साथ टिके रहे। टीम का पहला विकेट 89 रन के स्कोर पर गिरा था।इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट ने 88 बॉल पर सेंचुरी लगाई। उन्होंने मोहम्मद सिराज के खिलाफ सामने की दिशा में चौका लगाकर शतक पूरा किया। यह डकेट के करियर की तीसरी सेंचुरी रही।बेन डकेट और ओली पोप ने 66 बॉल पर हाफ सेंचुरी पार्टनरशिप पूरी कर ली। डकेट ने 30 बॉल पर 29 रन बनाए, जबकि पोप ने 36 बॉल पर 20 रन बनाए। इंग्लैंड का पहला विकेट 89 रन के स्कोर पर गिरा था।बेन डकेट ने इंग्लैंड का पहला विकेट गिरने के बाद भी तेजी से रन बनाए। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ 22वें ओवर में 14 रन बटोरे। डकेट ने इस ओवर में एक सिक्स और एक चौका भी लगाया। इंग्लैंड ने 17वें ओवर में ही अपने 100 रन पूरे कर लिए। बेन डकेट फिफ्टी बनाकर ओली पोप के साथ नॉटआउट रहे। टीम ने सेंचुरी से पहले एक ही विकेट गंवाया। जैक क्रॉले 15 रन बनाकर रविचंद्रन अश्विन का शिकार हुए। अश्विन टेस्ट में 500 विकेट ले चुके हैं।

अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज

ब्यूनस आयर्स। कार्लोस अल्काराज ने अर्जेंटीना के क्वालीफायर कैमिलो उगो काराबेली के खिलाफ अर्जेंटीना ओपन के पहले मैच में सीधे सेटों में जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे स्पैनियार्ड ने गुरुवार रात दूसरे मैच में दो मैच प्वाइंट गंवाने के बाद 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की। अल्काराज का अगला मुकाबला क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी से होगा जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त इटली के लास्लो जेरे को 6-4, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।अल्काराज ने मैच के बाद एटीपी टूर के हवाले से कहा, यह वास्तव में एक कठिन मैच रहा है। मैच में उसे हराना वास्तव में

कठिन था। मैं सच बताऊं तो उसके प्रति फैंस का समर्थन देखकर मैं घबरा गया था।पिछले सीज़न में बार्सिलोना और एटीपी मास्टर्स 1000 में घरेलू खिताब बरकरार रखने के बाद स्पेनिश शीर्ष वरीय अपने करियर में तीसरी बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।इससे पहले एटीपी 250 में अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैमरून नोरी को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। अपनी चौथी शीर्ष 20 जीत और 2022 के बाद पहली अर्जित करके, घरेलू पसंदीदा अपने 12वें टूर-स्तरीय क्वार्टरफाइनल में आगे बढ़ गया।कोरिया का अगला मुकाबला अपने ही देश के सेबेस्टियन बाएज़ से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त कॉर्डोबा चैंपियन लुसियानो डार्डेरी को 6-4, 7-5 से हराया, जिससे इतालवी खिलाड़ी की छह मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया।

केन विलियमसन के 18,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे

नईदिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार शतक (133*) लगाया।उन्होंने हैमिल्टन टेस्ट की चौथी पारी में अपने करियर का 32वां शतक लगाया।इसके साथ विलियमसन ने अपनी पारी के दौरान एक महत्वपूर्ण भी उपलब्धि हासिल की।दरअसल, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने 18,000 रन पूरे किए। वह ऐसा करने वाले न्यूजीलैंड के केवल दूसरे खिलाड़ी बने हैं। जीत के लिए मिले 267 रन का पीछा करते हुए जब मेजबान टीम ने 40 रन पर अपना पहला विकेट खोया था, तब विलियमसन क्रीज पर आए।उन्होंने मेहमान टीम की अनुभवहीन गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाया।शुरुआत में धीमी गति से बल्लेबाजी करने वाले विलियमसन ने 112 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने विल यंग (60*) के साथ मिलकर 152 रन की अटूट साझेदारी भी की।वह 260 गेंदों पर 133 रन बनाकर नाबाद रहे।

विलियमसन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18,000 रन पूरे करने वाले सिर्फ दूसरे कीवी खिलाड़ी बने हैं। उनके अब 352 मैचों में 48.71 की औसत से 18,023 रन है।न्यूजीलैंड से सभी प्रारूप को मिलाकर उनसे ज्यादा रन सिर्फ रॉस टेलर (18,199) ने बनाए हैं। इस संबंध में न्यूजीलैंड के किसी अन्य बल्लेबाज के नाम 16,000 रन भी नहीं हैं।न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग 15,289 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ सूची में अगले स्थान पर हैं। अपने शतक के साथ विलियमसन चौथी पारी में 1,000 से अधिक रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले टेलर (1,052) ऐसा कर चुके हैं।विलियमसन को चौथी पारी में अब 57.77 की औसत के साथ 1,040 रन हो गए हैं।इस बीच चौथी पारी में कम से कम 1,000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में विलियमसन का औसत भारत के सुनील गावस्कर (58.25) और इंग्लैंड के जेफ्री बॉयकॉट (58.76) के बाद तीसरे स्थान पर है।

भारतीय महिलाओं ने हांगकांग को हराया

शाह आलम। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग को 3-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का कर लिया। शीर्ष शटलर ने चोट के बाद वापसी करते हुए अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए लो सिन यान हैप्पी को 21-7, 16-21, 21-12 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की युगल जोड़ी ने युंग नगा टिंग और युंग पुई लैम पर सीधे गेमों में 21-10, 21-14 से जीत दर्ज करके बढ़त

दोगुनी कर दी।फिर, अश्मिता चालिहा ने युंग सुम यी पर 21-12, 21-13 से जीत के साथ ताबूत में आखिरी कील ठोक दी और टीम के लिए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।पदक पक्का, भारत अब शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान और चीन के बीच दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेगा।द्विवार्षिक महाद्वीपीय टीम चैंपियनशिप का 2024 संस्करण अप्रैल-मई में चीन के चेंगदू में होने वाले 2024 थॉमस और उबेर कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा। भारत थॉमस कप का वर्तमान धारक है।बीएटीसी 2024 मूल्यवान रेस टू पेरिस 2024 रैंकिंग अंक भी प्रदान करता है, जो आगामी ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक शटलरों के लिए महत्वपूर्ण होगा।

बिजनेस

भारतीय कंपनियों ने जनवरी में 6.1 अरब डॉलर के सौदे

नई दिल्ली। भारतीय कंपनियों ने जनवरी महीने में 6.1 बिलियन डॉलर के 142 सौदे किए, जो दिसंबर 2023 की तुलना में वॉल्यूम में 15 प्रतिशत की वृद्धि और मूल्यों में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। सौदा गतिविधि में तेजी निजी इक्विटी (पीई) और 3.6 अरब डॉलर मूल्य के 2 अरब डॉलर के निवेश की उपस्थिति में देखी गई। ग्रोथ एट ग्रांट थॉर्नटन भारत की शांति विजेता ने कहा कि स्टार्टअप और ई-कॉमर्स के नेतृत्व में प्रौद्योगिकी क्षेत्र पीई गति को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत के पहले यूनिकॉर्न के रूप में क्रुट्रिम एसआई डिज़ाइन्स (ओला के भाविश अग्रवाल द्वारा सह-स्थापित) के उद्भव ने एक प्रारंभिक मील का पत्थर स्थापित किया है। उन्होंने कहा, प्रचलित सकारात्मक भावना निवेश परिदृश्य में आशावाद और रणनीतिक विकास का संकेत देते हुए 2024 में सौदे करने के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण का संकेत देती है। भारतीय विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) क्षेत्र में 1.4 बिलियन डॉलर में 41 एमएंडए सौदे दर्ज किए गए, जो सौदे की मात्रा में 8 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। लेकिन, दिसंबर 2023 की तुलना में मूल्यों में 64 प्रतिशत की महत्वपूर्ण गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, पीई क्षेत्र में 4.7 बिलियन डॉलर के 101 सौदे हुए, जो 2023 की तुलना में वॉल्यूम में 17 प्रतिशत की वृद्धि और मूल्यों में 298 प्रतिशत की वृद्धि का संकेत देते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि डील वॉल्यूम में स्टार्ट-अप्स का दबदबा रहा, जो 253 मिलियन डॉलर के 69 सौदों के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया, जो रिटेल, फिनटेक, एंटरप्राइज एप्लिकेशन और हेल्थ टेक जैसे क्षेत्रों से प्रेरित था।

एचडीएफसी बैंक का होम लोन बिजनेस मजबूत प्रदर्शन दिखा रहा है

मुंबई। एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, ने आज अपने होम लोन बिजनेस पर एक अपडेट साझा किया, जिसमें स्पष्ट होता है कि एचडीएफसी लिमिटेड के विलय के बाद इसमें काफी अच्छी वृद्धि देखी गई है। दोनों के विलय के बाद बढ़ते हुए वितरण पर बैंक की बाजार हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विलय के बाद पहले छह महीनों में इसने अपने होम लोन बिजनेस में साल- दर-साल मजबूत और लगातार हाई डबल डिजिट की बढ़ोतरी प्रदर्शित की है। क्रमिक आधार पर, बैंक ने अग्रणी स्थान हासिल किया है क्योंकि इसने 3.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है जो कि होम लोन में अन्य कंपनियों के बीच सबसे अधिक थी। बैंक की मूल रणनीति फ्रंट एंड पर प्रोसेसिंग के टर्नअराउंड समय में सुधार करना है। विलय के बाद का समय लगभग एक तिहाई कम हो गया है। यह पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड की ग्राहकों से व्यक्तिगत रूप से जुड़ने की ताकत के साथ मिलकर बिक्री टर्नओवर और क्रॉस-सेल दोनों के मामले में एक संभावित गेम चेंजर है।

एलन मस्क का टिवटर खरीदना इच्छा या मजबूरी?

नई दिल्ली। एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर व सभ्य बनाने के लिए 44 अरब डॉलर में ट्विटर (जिसे अब एक्स कहा जाता है) का अधिग्रहण किया है। अप्रैल 2022 में ट्विटर ने घोषणा की कि इसे मस्क द्वारा लगभग 44 बिलियन डॉलर मूल्य के लेनदेन में 54.2 डॉलर प्रति शेयर नकद के हिसाब से अधिग्रहित किया जाएगा। अक्टूबर 2022 में लेनदेन पूरा होने पर, ट्विटर एक निजी स्वामित्व वाली कंपनी बन गई। एक फ्रेश पोस्ट में, मस्क ने एक्स पर एक फॉलोअर को जवाब दिया, जिसने पोस्ट लिखा था, मुझे संदेह है कि एलन का ट्विटर खरीदना अब तक का सबसे महत्वपूर्ण काम होगा। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ, जिनके एक्स पर लगभग 172.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं, ने कमेंट किया, मैंने सिविलाइजेशन लाइफ स्पैन को बेहतर बनाने के लिए ट्विटर खरीदा है। प्रसिद्ध लेखक स्टीफन किंग ने मस्क को जवाब दिया, सिर्फ इसलिए कि आपने इसे खरीदा है इसका मतलब यह नहीं है कि आप इसके मालिक हैं। ट्विटर का नाम बदलकर एक्स करने के बाद मस्क ने एक पोस्ट में कहा था कि प्लेटफॉर्म ने 2023 में यूजर्स के मामले में 541 मिलियन तक पहुंच कर एक रिकॉर्ड बनाया है। पिछले दिसंबर में, एक्स के सीईओ लिंडा याकारिनो ने कहा था कि उसी महीने में 10 मिलियन से ज्यादा लोगों ने एक्स के लिए साइन अप किया था। नए सिमिलर वेब डेटा के अनुसार, सितंबर में एक्स का ट्रैफिक 6.4 से घटकर 5.8 बिलियन हो गया, जो 10 प्रतिशत का नुकसान है। उन्होंने कहा था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 2024 में लाभदायक हो सकता है।

भारत में डिज़ाइन ब्लूटूथ स्पीकर होगा लॉन्च

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के तहत इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एवं विनिर्माण उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) ने शुक्रवार को भारतीय बाजार के लिए एचडी रेडियो के साथ सक्षम अपनी तरह का पहला प्रोटोटाइप ब्लूटूथ स्पीकर लॉन्च करने की घोषणा की।

भारतीय ब्लूटूथ स्पीकर बाजार में सालाना 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हो रही है और बीओएटी और नॉयज जैसे घरेलू ब्रांड पहले से ही वैश्विक नेता हैं। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडीएसी) नोएडा में स्थित, सीओई ने भारतीय उपभोक्ताओं के अनुरूप

अत्याधुनिक स्पीकर विकसित करने के लिए एचडी रेडियो की प्रवर्तक कंपनी अमेरिका की एक्सपीरी इंक और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के साथ सहयोग किया। सीओई नोएडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामाशीष रे ने कहा, भारत में शुरुआती चरण मे एचडी रेडियो प्रसारण प्रणाली का परीक्षण नई दिल्ली में किया गया है। अब हम परीक्षणों को सुविधाजनक बनाने और व्यावसायीकरण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सरकारी दिशानिर्देशों का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।एचडी रेडियो तकनीक मौजूदा एनालॉग रेडियो स्टेशन को कम शोर और अतिरिक्त टेक्स्ट जानकारी के साथ डिजिटल प्रारूप में सिमुलकास्टिंग करने में सक्षम बनाती है।एक्सपीरी इंक में डिजिटल प्लेटफॉर्म के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशरफ एल-डिनरी ने कहा कि सीओई नोएडा के साथ हमारा काम भारतीय उद्यमों की नवीन प्रौद्योगिकी विकसित करने और स्थानीय बाजार की अनूठी मांगों को पूरा करने की क्षमता को प्रदर्शित करता है।भारतीय मोबाइल एक्सेसरीज़ बाज़ार, जिसका मूल्य लगभग तीन अरब है, मुख्य रूप से अभी भी आयातित घटकों और सीमित बौद्धिक संपदा निर्माण पर निर्भर है।आईसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, मानक निर्धारित होने से पहले स्थानीय स्तर पर बौद्धिक संपदा विकसित करके, हम भारत को उभरती एचडी रेडियो प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करते हैं।सीओई नोएडा का नेतृत्व आईसीईए द्वारा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच साझेदारी के तहत किया जाता है।

क्या उर्वशी रौतेला हैदराबाद में एक ब्लॉकबस्टर ए-लिस्टर प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही हैं ?

भारतीय मनोरंजन उद्योग की हमारी सबसे कम उम्र की सुपरस्टार उर्वशी रौतेला इंस्टाग्राम पर 70.3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ, नरेंद्र मोदी और विराट कोहली के बराबर की लोकप्रिय है, उन्हें किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। जैसा कि हम सभी जानते हैं, वह फोर्ब्स की शीर्ष 10 में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय हैं और देश में सबसे अधिक भुगतान पाने वाली अभिनेत्री उर्वशी 550 करोड़ का विशाल साम्राज्य बनाने में कामयाब रही हैं। उर्वशी रौतेला और उनका पूरा परिवार आधिकारिक तौर पर संयुक्त अरब अमीरात से प्रतिष्ठित गोल्डन वीजा प्राप्त करने वाला पहला परिवार है। वर्षों से अपनी कड़ी मेहनत और प्रयासों से उर्वशी रौतेला फिल्म इंडस्ट्री में सफलतापूर्वक अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। उर्वशी रौतेला न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि साउथ में भी सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली एक्ट्रेस हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा, एक साथ कई परियोजनाओं के बीच सहजता से काम करने की क्षमता के साथ झलकती है। साउथ इंडस्ट्री में भी उर्वशी के बड़े पैमाने पर प्रशंसक हैं। इतना कि साउथ के बड़े-बड़े प्रोड्यूसर और मेकर्स भी उनके स्टारडम को नजरअंदाज नहीं कर पाते। चर्चा और अफवाहों के अनुसार, उर्वशी रौतेला इस समय हैदराबाद में हैं जहां वह उद्योग के एक प्रमुख ए-लिस्टर अभिनेता के साथ एक बड़ी साउथ फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इसके बारे में हमारे पास अभी ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन सूत्रों की मानें तो साउथ का यह प्रोजेक्ट देश सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होने की संभावना है। हालाँकि, इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि या अपडेट नहीं है और जब तक ऐसा नहीं होता, हम केवल प्रतीक्षा खेल ही खेल सकते हैं। आशा करते हैं कि चीजें काम करेंगी और यह वास्तव में दुनिया भर में फैले उर्वशी रौतेला के प्रशंसकों के लिए शानदार अनुभव साबित होगा। काम के मोर्चे पर, इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री के पास अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकीर सलमान, नंदमुरी बालकृष्ण के साथ %एनबीके109%, सनी देओल और संजय दत्त के साथ %बाप% (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर एक्सपेंडेबल्स का रीमेक), रणदीप हुडा, ब्लैक रोज़ के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2', जैसे प्रोजेक्ट्स हैं। इसके अलावा उर्वशी रौतेला %जेएनयू% नामक एक आगामी फिल्म में भी दिखाई देंगी, जो एक बायोपिक है, जहां वह कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं और इस में वह एक म्यूजिक वीडियो में जलेबी फेम जेसन डेरुलो के साथ भी नजर आएगी। अधिक अपडेट के लिए बने रहें।

अजय की शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो हुआ रिलीज

बॉलीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन इस साल की अपनी पहली फिल्म शैतान को लेकर खूब चर्चा में बने हुए हैं. हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला. वहीं अब मेकर्स ने फिल्म का नया गाना खुशियां बटोर लो रिलीज किया है। इस सॉन्ग को अजय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया है, जहां वह अपनी हैप्पी फैमिली के संग क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं इस गाने को शेयर करते हुए अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा कि जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत होता है... बता दें कि इस खूबसूरत गाने को जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी है. तो वहीं इसके बोल कुमार ने लिखे हैं और अमित त्रिवेदी ने इसका म्यूजिक दिया है. अजय देवगन के अलावा फिल्म में आर. माधवन और ज्योतिका अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. विकास बहल के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें आर माधवन एक खतरनाक विलेन के किरदार में लोगों को डराते हुए नजर आने वाले हैं। वहीं जबसे फिल्म का रोंगटे खड़े कर देने वाली टीजर सामने आया है, फैंस अजय की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

■ न्यूज गैलरी

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। शिव मंदिर के पास गांधीनगर में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्णा कुमार पिंजारा 30 वर्ष शिव मंदिर के पास गांधीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी आर्यन अपने दो अन्य साथियों के साथ प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बैटरी एवं बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने ई-रिक्शा के बैटरी और बाइक पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के विजय नगर खम्हारडीह निवासी प्रार्थी शेषमणी रावत 31 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा का 4 नग बैटरी पार कर दिया। चोरी गए बैटरी की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बंजारी नगर रावाभाठा निवासी प्रार्थी निर्भय साहू 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचडब्ल्यू 7287 को बंजारी माता मंदिर के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सट्टा खिलाते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा पुलिस ने प्रेमनगर में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकदी 4 हजार और एक मोबाइल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रेमनगर मोवा में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी मुस्ताक अहमद 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकदी 4 हजार व एक मोबाइल जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन पुलिस ने घड़ी चौक के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक घड़ी चौक के पास चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी पुरूषोत्तम तांडी 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

गांजा बेचते दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा एवं कबीरनगर थाना पुलिस के टीम ने गांजा के साथा दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से कुल 6 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर श्यामनगर आईटीआई ग्राउंड के पास गांजा बेचते आरोपी विक्की रंडे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं कबीरनगर थाना पुलिस ने हीरापुर बंगाली होटल के पास आरोपी दलवीर सिंह 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से बोरी में 5 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 30 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कंट्री क्लब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी विवेकानंद मूर्ति 38 वर्ष व चेलाराम देवांगन 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी कमलेश टेम्बुलकर 41 वर्ष व हीरालाल साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी कमलेंद्र साव 55 वर्ष, पिंटू गुप्ता 31 वर्ष व विवेक साह 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी संतोष गुप्ता 45 वर्ष, जागेश्वर धीवर 33 वर्ष, राजू निषाद 26 वर्ष, आसुतोष सिंह 23 वर्ष, शिव कुमार वैष्णव 45 वर्ष व सोनु कृपलानी 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज पुलिस ने आरोपी हरी पटेल 35 वर्ष एवं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी हिमांसु ताण्डी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी शुभम यादव 25 वर्ष व श्रीकांत शर्मा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी सुनील पटले 29 वर्ष एवं गुढियारी पुलिस ने आरोपी कोणाल निषाद 23 वर्ष, मोहन साहू 29 वर्ष, नंद किशोर वर्मा 41 वर्ष, नान्हु साहू 31 वर्ष व नोहर साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी बेनीराम डहरिया 53 वर्ष, गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी भुवन साहू 50 वर्ष, नेवरा पुलिस ने आरोपी पुकेश्वर राव 20 वर्ष, माना पुलिस ने आरोपी समेश हलधर 29 वर्ष, विधानसभा पुलिस ने आरोपी मनेश कुमार साहू 56 वर्ष, अशोक कुमार 50 वर्ष व जितेन्द्र गिरी गोस्वामी 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी जीवन पारधी 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सीएम साय ने राजिम कुंभ कल्प 2024 के लोगो और छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक पंचांग का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यहां विधानसभा कार्यालय कक्ष में संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित राजिम कुम्भ कल्प 2024 के लोगो और छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक पंचांग का विमोचन किया।

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरम लाल कौशिक, विधायक अनुज शर्मा, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी., संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि राजिम में आगामी 24 फरवरी से 5 मार्च तक राजिम कुम्भ कल्प आयोजित है। मंत्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को कुम्भ कल्प के लिए की जा रही तैयारियों से अवगत कराया। उन्होंने सांस्कृतिक पंचांग की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री साय को बताया कि पंचांग में प्रदेश में आयोजित होने वाले सभी 84 मेले एवं महोत्सवों की जानकारी दी गई है।

मंत्री लखन लाल देवांगन ने नगपुरा स्थित गौशाला का किया उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के पार्श्वतीर्थ नगपुरा स्थित श्री पार्श्व जीव मैत्रीधाम में नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन कल वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा फीता काटकर किया गया।

वाणिज्य मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गौमाता की सेवा करना बहुत ही पुण्य का काम है। गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। हमारे दैनिक जीवन में गाय की उपयोगिता को नकारा नही जा सकता। गाय जीवन भर लाभान्वित करने वाला पशु है जिसके सहारे एक परिवार अपना भरण-पोषण कर सकता है। सर्वसुविधायुक्त शेडयुक्त गौशाला में अभी 65-70 पशु हैं और यहां 400 पशुधन रखने की क्षमता हैं। आज बहुत सारे गौशालाओं का संचालन जैन समाज द्वारा किया जा रहा है। यह बहुत हर्ष की बात है। गौमाता से हमें दूध, दही, पनीर, गौ मूत्र इत्यादि प्राप्त होते हैं, जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत उपयोगी है। गौमूत्र से कई बीमारियों का उपचार होता है। राज्य सरकार द्वारा गौ संरक्षण की दिशा में लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। गौशाला निर्माण से शहर के लोगों के अलावा आसपास के गांव के लोगों को भी राहत मिलेगी। इस गौशाला में दुर्घटना से घायल, बीमार एवं ज्यादा उम्र होने जाने पर किसान पशुओं का भरण-पोषण नही कर पाते हैं और उसे ईधर उधर छोड़ देते हैं। जैन समाज द्वारा निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त गौशाला में गायों का उपचार और उनकी देख-रेख व उनका भरण-पोषण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक धरमजीत सिंह ने कहा कि जैन मंदिर का दर्शन, पूजा-अर्चना कर व उनके सिद्धांतों को सुनकर मन को काफी शांति प्राप्त होती है। जैन समाज सादगी, करूणा, ममता और दया पर विश्वास रखने वाला समाज है।

मूल पदों पर वापस लौटेंगे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और चिकित्सकीय स्टाफ: श्याम बिहारी

■ **स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने विधानसभा में की घोषणा, स्वास्थ्य कर्मियों का खत्म होगा अटैचमेंट**

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज विधानसभा सदन में एक बड़ी घोषणा करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों का अटैचमेंट खत्म करने की बात कही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि ऐसी जानकारी मिली है कि बिना किसी कारण के ही दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं चिकित्सकों को अन्यत्र मनचाही जगहों पर अटैच किया गया है जिससे आम लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। श्री जायसवाल ने कहा है कि यदि कहीं ऐसी विशेष परिस्थिति है जहां स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ की कमी है और अटैचमेंट करना अनिवार्य हो तो विभागीय अनुमति लेकर उसे जारी रखा जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आम जनों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में अकारण ही अटैचमेंट जैसी व्यवस्था से दूरस्थ क्षेत्रों में स्टाफ की कमी से आम लोगों को परेशानी होती है जिसे खत्म करना आवश्यक है।

स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में मेडिकल आफिसर्स एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा में यह जानकारी दी है कि हाल ही में अपनी डिग्री पूरी करने वाले 246 एमबीबीएस डाक्टरों को मेडिकल आफिसर के पद पर तथा 21 डाक्टर्स को विशेषज्ञ चिकित्सक के तौर पर पदस्थ किया गया है। इनमें से पचास फीसदी चिकित्सक बस्तर एवं सरगुजा संभाग में दूरस्थ क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत किसी भी हास्पिटल में जहां भी खाली पद है उसके विरूद्ध यदि कोई एमबीबीएस डाक्टर या विशेषज्ञ डाक्टर आवेदन देता है तो उसे 24 घंटे के भीतर राज्य शासन से नियुक्ति मिलेगी। श्री जायसवाल ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में निचले कर्मचारियों से लेकर चिकित्सकों के 5 हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं जिन्हें जल्द ही व्यापम और पीएससी के जरिए भरा जाएगा।

कांग्रेस के खातों को फ्रीज करना मोदी सरकार की तानाशाही : दीपक बैज

■ **19 को प्रदेश भर में होगा एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन**

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र द्वारा कांग्रेस के खातों को फ्रीज करने को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने तानाशाही बताते हुये कहा कि मोदी सरकार विपक्षी दलों की लोकतांत्रिक गतिविधियों और सांगठनिक गतिविधियों पर तानाशाहीपूर्वक रोक लगाना चाहती है, इसीलिये बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके एक अभूतपूर्व और क्रूर कदम उठाया है। यह कदम लोकसभा चुनावों से ठीक पहले उठाया गया है, जिससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। कांग्रेस के खातों को फ्रीज करना, जिसमें क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े खाते भी शामिल है, न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिरता पर हमला है, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी एक जबरदस्त हमला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि दरअसल भाजपा चाहती है कि उसके अतिरिक्त किसी भी अन्य राजनैतिक दल के पास किसी भी तरह का कोई संसाधन न रहे। कॉर्पोरेट से सांठगांठ और अनुचित दबाव बनाकर मोदी सरकार के विगत 10 वर्षो में भाजपा ने बेहिसाब धन की उगाही की है उस पर कोई सवाल नहीं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के उन बैंक खातों को जिसमें क्राउट फंडिंग की राशि जमा हुई है जिसमें 95 प्रतिशत राशि 100 रूपए से कम की है उन तक पर रोक लगाना दुर्भावना और षड़यंत्र का प्रमाण है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के समस्त जिला/शहर कांग्रेस कमेटियां 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालयों के आयकर कार्यालयों के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा।

छग मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 23 अप्रैल से

रायपुर/नवप्रदेश। छग मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2024 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 23 अप्रैल से प्रारंभ होकर 4 मई 2024 तक जारी रहेगी। परीक्षा समय प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक निर्धारित है। राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 23 अप्रैल को विशिष्ट उर्दू, 25 अप्रैल को विज्ञान, 27 अप्रैल को सामाजिक विज्ञान, 29 अप्रैल को गणित, 01 मई को सामान्य अंग्रेजी, सामान्य संस्कृत, 2 मई को सामान्य हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे। हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 23 अप्रैल को सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, 25 अप्रैल को भूगोल, रसायन, लेखा शास्त्र, 27 अप्रैल को अर्थ शास्त्र, गणित, जीव विज्ञान, 29 अप्रैल को राजनीति शास्त्र, 1 मई को विशिष्ट उर्दू, 2 मई को समाज शास्त्र, 4 मई को इतिहास, भौतिकी, व्यवसाय अध्ययन के पर्चे होंगे। उर्दू अदीब प्रमाण-पत्र परीक्षा के तहत 23 अप्रैल को नस्र व तारीख़ उर्दू, 25 अप्रैल को सामान्य अंग्रेजी, 27 अप्रैल को जनरल साइंस , समाजी उलूम व हिन्दी, 29 अप्रैल को नज़्म ,इन्शा व क़वायद उर्दू।

शिवांश के बच्चों ने दिखाया जौहर

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुंरा स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के 5 बच्चो ने रग्बी इंडिया द्वारा आयोजित 8 वे सब-जुनियर नेशनल रग्बी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नमन वर्मा, मेहुल वर्मा, दिव्या धीवर, आयुष शाह, निहारिका टिकारिहा ने बॉय एवं गर्ल्स वर्ग में छत्तीसगढ़ रग्बी टीम का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता का आयोजन IIT गांधीनगर गुजरात मे हुआ, जिसमे रग्बी इंडिया के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों की उपस्थिति रही। स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर हरीश दीप सर एवं एच.आर जश्मीन निर्मलकर मैम ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान की। स्कूल की प्राचार्या सु.श्री हिमांशी शर्मा जी ने बच्चो की उपलब्धि को सराहा एवं ग्रामीण अंचल के बच्चो को आगे और बड़े मौके दिलवाने हेतु प्रयास करने की बात कही।

महाराष्ट्र मंडल में स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर कल

रायपुर/नवप्रदेश। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में 18 फरवरी को सुबह 9 बजे से स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। वीर क्षत्रपति शिवाजी जयंती पर आयोजित यह शिविर श्री संकल्प हॉस्पिटल सरोना और बालाजी रक्त केंद्र के सहयोग से लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य समिति के प्रमुख अरविंद जोशी ने बताया कि रविवार को शिविर जनरल मेडिसिन के साथ स्त्री रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने आजीवन सभासदों और समीपस्थ रहवासियों से शिविर में आकर सिद्धहस्त डॉक्टरों से अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाकर आवश्यक परामर्श लेने की अपील की है। साथ ही रक्तदान करने की अपील की है।

नौकायन में मोक्ष को मिला स्वर्ण पदक

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन केनो एवं कायकिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 34वीं राष्ट्रीय स्तर की केनो चैम्पियनशिप का आयोजन साई अकादमी भोपाल में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश से एकमात्र चयनित एवं वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल पुरानी बस्ती, रायपुर के छात्र मोक्ष मटियारा पिता कदम मटियारा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सब-जूनियर वर्ग के समूह स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश व स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतिस्पर्धा का आयोजन साई अकादमी भोपाल मध्यप्रदेश में किया गया जहां देशभर के 12 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता दिनांक 09.02.2024 से 12.02.2024 तक आयोजित की गई।

भाजपा ने चुनावी बांड के नाम पर उद्योगों से धन वसूला: शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि अनैतिक तरीके से केवल अपना आर्थिक हित साधने भाजपा की मोदी सरकार के द्वारा लाए गए इलेक्टोरल बांड पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कांग्रेस के आरोपों पर मोहर है। सर्वोच्च न्यायालय के फ़ैसले से प्रमाणीत है कि चुनावी बांड मोदी सरकार का बड़ा घोटाला है। चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक आरबीआई के नियंत्रण में काम करते हैं, जो केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन होता है। कौन सी कंपनी किस राजनीतिक दल को चुनावी बांड के माध्यम से कितना धन दे रही है उसकी पूरी जानकारी आरबीआई के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार को होती थी।

राज्यपाल के परिसहाय शुक्ला को दी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के परिसहाय विवेक शुक्ला के जांजगीर-चांपा जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर स्थानांतरण होने के फलस्वरूप राजभवन सचिवालय की ओर से उन्हें भावभीनी बिदाई दी गई। राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो ने कहा कि श्री शुक्ला सरल-सहज एवं सभी की मदद करने वाले पुलिस अधिकारी हैं। परिसहाय के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन उन्होंने कुशलता पूर्वक किया है। श्री खलखो ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल के परिसहाय स्क्वा. लीडर निशांत सिंह, विधि अधिकारी श्रीमती नीरू सिंह, नियंत्रक संजय विश्वकर्मा सहित राजभवन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

एमईएआई और एनएमडीसी का राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। माइनिंग इंजीनियर्स एशोसियेशन ऑफइंडिया, हैदराबाद चैप्ट र भारत के सबसे बड़े लौह अयस्कव उत्पीदक एनएमडीसी के सहयोग से 16-17 फरवरी, 2024 के दौरान हैदराबाद में एक राष्ट्री य संगोष्ठीद का आयोजन कर रहा है। उन्न1त लौह अयस्क2 बेनीफिसिएशन और सुस्थिर निम्नक ग्रेड लौह अयस्की उपयोग विषय पर ज्ञान साझा करने के उद्देश्यद से संगोष्ठी का आयोजन उद्योग के सतत विकास की दिशा में सार्थक प्रगति के लिए किया गया। शुक्रवार को इसके उद्घाटन समारोह में मुख्ये अतिथि दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पाकदन) एनएमडीसी ने कहा कि ÷निम्नप श्रेणी के लौह अयस्कि का बेनीफिसिएशन और उपयोग इस मूल्यावान खनिज से प्राप्ति को अधिकतम करने में निर्णायक बदलाव ला रहा है। खनिज सुरक्षा और आत्मेनिर्भरता के निर्माण में बेनीफिसिएशन प्रौद्योगिकी में प्रगति और निम्नह श्रेणी के लौह अयस्कर का उपयोग महत्वापूर्ण स्थानन रखते हैं। लौह और अयस्कत आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वयपूर्ण कड़ी होने के साथ वे उत्पानदन एवं दक्षता बढ़ाने में भी बहुत महत्विपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सुस्थिर भविष्य् को मजबूती देते हैं।÷ एमईएआई के अध्य क्ष एस.एन. माथुर; टाटा स्टींल के पूर्व कार्यकारी निदेशक वी.एस. राव, एनएमडीसी के पूर्व सीएमडी (प्रभारी) एस.के. अग्रवाल, एमईएआई पत्रिका के संपादक डॉ. पी.वी. राव तथा ईआरएम ग्रुप के सीओओ धनंजय जी. रेड्डी कार्यक्रम में सम्माईनित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में खनन उद्योग के इन दिग्गजों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हें भारत के खनन और धातु विज्ञान परिदृश्य् में महत्वभपूर्ण योगदान देने के लिए प्रोत्सांहित किया। इन दूरदर्शी नेताओं का स्वादगत पीठासीन अधिकारी एनएमडीसी के निदेशक (तकनीकी) एवं एमईएआई, हैदराबाद चैप्टगर के अध्यिक्ष विनय कुमार ने किया। विनय कुमार ने कहा कि ÷चूंकि खनन उद्योग खनिज जवाबदेही का निर्माण करने और औद्योगिक प्रगति को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है, हमें जिम्मेवार खनन की दिशा में उद्योग के लिए उच्च तर लक्ष्ये निर्धारित करने चाहिए।÷ दोदिनकीइस संगोष्ठी में उद्योग के विशेषज्ञों तथा एनएमडीसी, एएम/एनएस,टाटास्टीदल,एमएसपीएल, हैदराबाद विश्वएविद्यालयतथा आईआईटी मद्रास एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिए जाएंगे तथा विचार-विमर्श किए जाएंगे। तत्प श्चासत संगोष्ठी, की संस्तुयतियां सरकारी प्राधिकारियों को प्रेषित की जाएंगी।